आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी 06:59 तक उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 5 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 134, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता 14

ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा का सर्वोत्तम उदाहरण 12

## सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी को 4 विषयों में 100 पर्सेंटाइल

- देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) में एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए जबकि देशभर के 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में शीर्ष पर्सेंटाइल हासिल किया है। एनटीए ने 13,54,699 अभ्यर्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) में सीयूईटी-यूजी आयोजित की थी। इन अभ्यर्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए विभिन्न विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन किया था।

एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केवल एक अभ्यर्थी ने अपने चुने हुए पांच विषयों में से चार में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल 17 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं, जबकि 150 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। कुल मिलाकर, सीयूईटी-यूजी 2025 में अभ्यर्थियों को 37 विषय पेश किए गए थे। अभ्यर्थी भाषा और सामान्य योग्यता परीक्षा समेत अधिकतम पांच विषय चुन सकते हैं। प्रश्न पत्र 13 भाषाओं में था, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल थे। सीयूईटी-यूजी 2025 परीक्षा 300 शहरों में आयोजित की गई थी। सीयूईटी-यूजी में इस साल रिकॉर्ड 13.5 लाख आवेदन आए।

# उपसेना प्रमुख बोले-ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े

उद्योग चैंबर फिक्की में रखे विचार

## पाकिस्तान को चीन और तुर्किए मुहैया करा रहे थे सैन्य साजो सामान

- चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया

नई दिल्ली, एजेंसी

उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि चीन ने भारत को तकलीफ पहुंचाने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और वह मई में भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत चार दिनों तक चले संघर्ष के दौरान अपने सदाबहार सहयोगी को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा था।



लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह।

उद्योग चैंबर फिक्की को संबोधित करते हुए सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का उपयोग विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला की तरह किया है।

### सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान केवल सामने का चेहरा था

भारतीय सेना के क्षमता विकास और संधारण संबंधी कार्य देखने वाले उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, चीन उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान केवल सामने का चेहरा था, जबकि असली समर्थन चीन से मिल रहा था। हमें इसमें कोई हैरानी नहीं हुई, क्योंकि अगर आप पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पता चलता है कि पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में तीन शत्रुओं का सामना कर रहा था। पाकिस्तान को चीन के अलावा तुर्किये भी सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चीन की 36 चालों की प्राचीन सैन्य रणनीति और उधार के चाकू से दुश्मन को मारने की रणनीति का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। उधार के चाकू से मारने का मतलब है कि दुश्मन को पराजित करने के लिए किसी तीसरे पक्ष का इस्तेमाल करना, अर्थात, चीन ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा कि तुर्किए ने भी पाकिस्तान को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमने युद्ध के समय और युद्ध क्षेत्र में कई ड्रोन आते और उतरते देखे, साथ ही वहां मौजूद व्यक्तियों की गतिविधियां भी देखी गईं। उप सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान और पीओके में लक्ष्यों की योजना और चयन बहुत सारे आंकड़ों पर आधारित था।

## एक नजर

### ईडी ने राान्या राव की 34 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** ईडी ने सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। विक्टोरिया लेआउट में एक आवास और बेंगलुरु के अर्कावती लेआउट में एक आवासीय भूखंड, तुमकुर में एक औद्योगिक भूखंड और अनेकल तालुक में एक कृषि भूमि को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया गया है। इन संपत्तियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 34 .12 करोड़ रुपये है। कन्नड़ अभिनेत्री राव को तीन मार्च को दुबई से आने के बाद बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था।

### शांति के प्रयासों के बीच मणिपुर जा सकते हैं मोदी

**इंफाल।** मणिपुर में शांति वार्ता के लिए नए सिरे से प्रयासों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दौरे पर आ सकते हैं। भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे की अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है लेकिन इसके मद्देनजर जमीनी स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। मोदी के दौरे की हालांकि कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन जिस तरह से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में अचानक तेजी आई है उससे संकेत मिलता है कि किसी उच्च स्तरीय दौरे की योजना है।

# नए भारत के लिए आकाश भी अब सीमा नहीं रहा : मोदी

## त्रिनिदाद एवं टोबैगो में प्रवासी भारतीयों की सभा में बोले प्रधानमंत्री

- कहा-भारत शीघ्र दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्था में होगा शामिल

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर एवं क्वांटम कंप्यूटिंग संबंधी इसके मिशन विकास के नए इंजन बन रहे हैं। मोदी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आज अवसरों की भूमि है और इसके विकास एवं प्रगति का लाभ सर्वाधिक जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि नए भारत के लिए आकाश भी सीमा नहीं है।

प्रधानमंत्री पांच देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में दो दिवसीय यात्रा के तहत गुरुवार को त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे। यह 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।



पोर्ट ऑफ स्पेन में प्रधानमंत्री मोदी का गीतों से स्वागत करते भारतीय समुदाय के लोग।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों, सांसदों और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित 4,000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन के दौरान त्रिनिदाद एवं टोबैगो में रह रहे भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने अपनी धरती छोड़ दी लेकिन आत्मा नहीं छोड़ी। गंगा और यमुना को पीछे छोड़ दिया लेकिन अपने दिलों में रामायण को ले गए। आप सिर्फ प्रवासी नहीं एक शाश्वत सभ्यता के संदेशवाहक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके योगदान से इस देश को लाभ हुआ है। मोदी ने कहा कि वह अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी का कुछ जल लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि इस साल की शुरुआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ हुआ था। मुझे महाकुंभ का जल भी अपने साथ लाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि मैं कमला जी (प्रधानमंत्री) से अनुरोध करता हूं कि वह सरयू नदी और महाकुंभ के पवित्र जल को यहां गंगा धारा में अर्पित करें। कामना है कि यह पवित्र जल यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाए।

### गिरमिटिया समुदाय का बना रहे डेटाबेस

मोदी ने कहा कि भारत गिरमिटिया समुदाय का एक व्यापक डेटाबेस बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। गिरमिटिया ब्रिटिश शासन के दौरान भारत से लाए गए बंधुआ मजदूर थे जिन्हें फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरेबियाई देशों के बागानों में काम करने के लिए लाया गया था।

मोदी ने कहा कि भारत के विकास को उसके नवोन्मेषी और ऊर्जावान युवा गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है। इनमें से लगभग आधे स्टार्टअप में निदेशक के रूप में महिलाएं हैं। लगभग 120 स्टार्टअप को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है। मोदी ने भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को भी प्रदर्शित करते हुए कहा कि इसने डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।

# पर्वतीय राज्यों के लिए बने पृथक विमानन नीति : धामी

## मुख्यमंत्री ने देहरादून में हुए नागर विमानन सम्मेलन में रखा प्रस्ताव

- राज्य में विकसित हो रहे 18 हेलीपोर्ट्स, 12 पर सेवाएं प्रारंभ

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय से पर्वतीय राज्यों के लिए एक पृथक पर्वतीय विमानन नीति बनाने का आग्रह किया है, जिसमें विशेष वित्तीय सहायता, संचालन हेतु सब्सिडी, उपयुक्त एटीसी नेटवर्क, सटीक मौसम पूर्वानुमान, स्लॉटिंग और आपदा-पूर्व तैयारी जैसे प्रावधान शामिल हों।

शुक्रवार को देहरादून में आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों के सम्मेलन (नागर विमानन सम्मेलन-2025) का मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के नागर विमानन क्षेत्र में आई ऐतिहासिक प्रगति का प्रमाण है। उड़ान योजना के माध्यम से छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़कर न केवल आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। कहा कि उत्तराखंड में वर्तमान में 18 हेलीपोर्ट्स का विकास किया जा रहा है, जिनमें से 12 पर सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। हेली सेवाएं उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। चाहे आपदा प्रबंधन हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या तीर्थयात्रा, हेलीकॉप्टर सेवाओं ने इन क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने एविएशन कंपनियों के सभी ऑपरेटरों से पर्वतीय उड़ानों के लिए विशेष पायलट प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों का कठोर पालन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया।





नागर विमानन सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नायडू के साथ मुख्यमंत्री धामी।

### 10 वर्षों में हमने 88 नए हवाई अड्डे जोड़े : नायडू

**देहरादून।** उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किन्नारपु राममोहन नायडू ने कहा कि, इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है। यदि हम केवल आंकड़ों को देखें तो यह अवसर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि पिछले 10 वर्षों में हमने 88 नए हवाई अड्डे जोड़े हैं, अर्थात लगभग हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा।

## सिर में हथौड़ा मारकर दोस्त की हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- उपचार कराने ले जाते समय चलती स्कूटी पर की वारदात

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मामूली विवाद में दोस्त ने ही दोस्त के सिर पर हथौड़ा मारकर उसकी जान ले ली। घटना को चलती स्कूटी पर अंजाम दिया जब आरोपी अपने दोस्त को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहा था। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

डालनवाला थाना पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को सूचना मिली कि परेड ग्राउंड के पास एक व्यक्ति ने स्कूटी पर जाते समय स्कूटी चला रहे व्यक्ति के सिर पर पीछे से हथौड़े से वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस पहुंची तो आरोपी मौके पर ही खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर घायल को दून अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संतोष साहु हाल निवासी करनपुर देहरादून के रूप में हुई जो मूल रूप से झारखंड का निवासी था जबकि हत्यारोपी की पहचान शिबरन साहनी (राजमिस्त्री) हाल निवासी इंदिरा कालोनी देहरादून व मूल निवासी छपरा बिहार के रूप में हुई। इंस्पेक्टर डालनवाला के अनुसार, मृतक के भाई राहुल साहु ने शिबरन के खिलाफ हत्या की धारा में अभियोग पंजीकृत कराया है। जिसमें बताया कि हत्यारोपी शिबरन और संतोष दोनों दोस्त थे। उनमें किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई थी। राहुल ने बीच बचाव कराया था तो उसके हाथ के कड़े से शिबरन के मुंह पर हल्की चोट लग गई थी। संतोष, दोस्त शिबरन को अपनी स्कूटी से अस्पताल ले जा रहा था। थोड़ी ही दूर जाने पर शिबरन ने हथौड़े से संतोष के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा हुई आरंभ

**देहरादून।** चीन के साथ हालात सुधरने के करीब छह वर्ष बाद उत्तराखंड के रास्ते देश की ऐतिहासिक कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुक्रवार को पुनः आगाज हो गया है। शुक्रवार को दिल्ली से श्रद्धालुओं का पहला जत्था चम्पावत के टनकपुर पहुंचा। दल का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया। इस पहले दल में 12 राज्यों के 45 यात्री शामिल हैं, जिनमें 32 पुरुष एवं 13 महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड की धरती से शनिवार सुबह पहले दल को कैलाश के लिए रवाना करेंगे। यह दल पिथौरागढ़ के आधार शिविर धारचूला पहुंचेगा।

(-विस्तृत पेज-11)

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों में से एक आवेदन को गुरुवार को खारिज कर दिया।

हिंदू पक्ष की याचिका खारिज

कोर्ट ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मामलों से संबंधित भविष्य की सभी कार्यवाहियों में शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित संरचना कहकर संबोधित नहीं किया जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मालूम हो कि हिंदू पक्षकार अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने पांच मार्च को कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग को लेकर एक याचिका दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला 23 मई को सुरक्षित कर लिया था। दरअसल अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि प्रश्नगत स्थल पर पहले मंदिर था।

## सुरंग, पुल वाले मार्गों पर टोल शुल्क में 50 प्रतिशत तक कमी

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने शुल्क गणना के नियमों को बदला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों के लिए टोल दरों में 50 प्रतिशत तक की कटौती की है, जिनमें सुरंगों, पुलों, फ्लाईओवर या एलिवेटेड सड़क जैसी संरचनाएं हैं। यह कदम मोटर चालकों के लिए यात्रा लागत को कम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर मौजूद टोल प्लाजा पर उपयोगकर्ता शुल्कों का संग्रह राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 के अनुरूप एकत्र किए जाते हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2008 के नियमों में संशोधन किया है और टोल शुल्क की गणना के लिए एक नई पद्धति या फॉर्मूले को अधिसूचित किया है। बुधवार को जारी इस अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग के संरचना या संरचनाओं वाले खंड के उपयोग के लिए शुल्क दर की गणना, संरचना की लंबाई को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की लंबाई में संरचना या संरचनाओं की लंबाई का दस गुना जोड़कर या राष्ट्रीय राजमार्ग के खंड की कुल लंबाई का पांच गुना, जो भी कम हो, की जाएगी। इसमें संरचना का मतलब एक स्वतंत्र पुल, सुरंग या फ्लाईओवर या एलिवेटेड राजमार्ग से है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रत्येक किलोमीटर संरचना के लिए उपयोगकर्ता नियमित टोल का दस गुना भुगतान करते हैं।

## यूपीएस में शामिल कर्मियों को एनपीएस जैसा कर लाभ

- सरकार ने कर्मचारियों के हित में किया योजना में जरूरी बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के समान कर लाभ देने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के तहत शामिल करना पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है। ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के तौर पर यूपीएस को लागू किया गया था।

## झारखंड के पूर्व मंत्री के ठिकानों पर छापे

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अवैध रेत खनन और जबरन वसूली से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को कई स्थानों पर छापे मारे।

हजारीबाग और रांची में सुबह ही कम से कम आठ ठिकानों पर छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ये छापे उन आरोपों पर जारी जांच से संबंधित हैं जिनमें कहा गया है कि जबरन वसूली, अवैध रेत खनन और भूमि हड़पने जैसी गतिविधियों के जरिए आय अर्जित की गई है।

# अतिवृष्टि से पहाड़ पर बढ़ी परेशानी, अलर्ट पर सरकार

## राज्य में सौ से ज्यादा मार्ग बंद, कहीं-कहीं जनजीवन असामान्य, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ली जानकारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्रों में अतिवृष्टि से कहीं-कहीं जनजीवन असामान्य हो गया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्रों के अनुसार, पूरे राज्य में 105 मार्गों के बाधित होने की सूचना मिली। इन मार्गों को खोलने के लिए शुक्रवार दिन भर काम चलता रहा। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार अलर्ट पर है।

राज्य में हो रही भारी बारिश रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित कर रही है। गुरुवार से हो रही भारी बरसात से मलबा आने से चारधाम यात्रा बाधित होती रही लेकिन युद्ध स्तर पर काम करते हुए इन मार्गों को खोला जाता रहा। उत्तरकाशी जिले के कुछ गांवों में खाद्यान्न की कमी हो गई है। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की और रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम सहित आपदा के लिहाज से राज्य के संवेदनशील जिलों की स्थिति का आकलन किया।



### कहां, क्या समस्या आई सामने

शुक्रवार सुबह चट्टानों के गिरने से बद्रीनाथ राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। हरिद्वार में गंगा, चमोली में अलकनंदा, नंदाकिनी और पिंडर, उत्तरकाशी में भागीरथी और पिथौरागढ़ जिले में काली, गोरी एवं सरयू नदियां उफान पर हैं और खतरे के निशान से बस कुछ मीटर नीचे बह रही हैं। उत्तरकाशी के बड़कोट क्षेत्र में स्यानाचट्टी में यमुना नदी के उफान से बनी झील का पानी इसके किनारों के पास स्थित मकानों और होटल में घुसना शुरू हो गया। यमुनोत्री राजमार्ग को फिर से खोलने के प्रयास चलते रहे, जो ओजरी और बनास सहित कई स्थानों पर टूट गया था।

सीएम धामी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दूरभाष के माध्यम से केदारनाथ धाम सहित राज्य के आपदा की दृष्टि से विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार की आपातकालीन राहत एजेंसियों एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) एवं आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) को तत्परता से तैनात किया जा रहा है ताकि चारधाम यात्रा बाधित न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी सतत निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में भी उन्होंने आश्वासन दिया।

# ध्वनि प्रदूषण रोकने को दें ध्वनि मापक यंत्र

## वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की खंडपीठ ने सचिव गृह व शहरी विकास को दिए निर्देश

हाईकोर्ट समाचार 1

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार को ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम के लिए पुलिस महकमे को ध्वनि मापक यंत्र (ऑडियो मीटर/डेसीबल मीटर) उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने सचिव शहरी विकास और गृह सचिव को सुनवाई की अगली तारीख तक शपथपत्र के माध्यम से अनुपालन रिपोर्ट अदालत में पेश करने व पूर्व में कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों एवं नियमों का पालन करना सुनिश्चित करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद होगी। याचिकाकर्ता नैनीताल निवासी अत्री अधिकारी की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि पर्यटक नगरी में कई होटल, रिसॉर्ट और अन्य संस्थाओं द्वारा ध्वनि प्रदूषण कर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इस तरह की अधिकांश इकाई अनुमति भी नहीं लेती हैं। उच्च न्यायालय ध्वनि प्रदूषण को लेकर पहले ही विस्तृत आदेश पारित कर चुका है लेकिन इन आदेशों का भी अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

याचिका में आगे कहा गया कि सरकार की ओर से प्रदेश में पहले से शांत (साइलेंट), आवासीय, औद्योगिक और व्यावसायिक जोन चिन्हित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण के लिए अलग-अलग मानक तय किए गए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि पुलिस के पास ध्वनि प्रदूषण मापने के लिये ऑडियो या डेसीबल मीटर तक उपलब्ध नहीं हैं इसलिए पुलिस ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि इस पर रोक लगाई और पूर्व के आदेशों एवं नियमावली का अनुपालन कराया जाए। मामले को सुनने के बाद अदालत ने सचिव शहरी विकास और गृह सचिव को निर्देश दिए कि नियत समय में प्रदेश में पुलिस बलों को डेसीबल मीटर उपलब्ध कराएं।

### नोटिस दें, कब्जा मुक्त कराएं भवन

2

**नैनीताल, अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर में कांग्रेस कार्यालय को खाली कर उप जिलाधिकारी द्वारा उसे नीरज अग्रवाल को कब्जा दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार व पालिका परिषद रामनगर को निर्देश दिए हैं कि वे नीरज अग्रवाल को नोटिस देकर भवन को कब्जा मुक्त कराएं। याचिका की सुनवाई वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार, ज्योलीकोट निवासी प्रेम बिष्ट ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि रामनगर कांग्रेस कार्यालय को खाली कराकर उप जिलाधिकारी रामनगर ने बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए इस भवन को नीरज अग्रवाल को सौंप दिया जबकि नीरज अग्रवाल के नाम हुई 90 साल की लीज पूर्व में ही समाप्त हो गई थी। इस प्रकार इस सम्पत्ति की मालिक सरकार व नगर पालिका रामनगर है इसलिए रामनगर नगर पालिका इस भवन को खाली कराने के लिये नीरज अग्रवाल को नोटिस जारी करे। खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार एवं रामनगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि वे नीरज अग्रवाल को नोटिस देकर भवन को कब्जा मुक्त कराएं।

# प्रोफेसर को नोटिस जारी पक्षकारों से जवाब तलब

- एचएनबी केंद्रीय विवि में पुनः नियुक्ति का मामला

विधि संवाददाता, नैनीताल

3

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य लोक सेवा आयोग हरिद्वार में सदस्य पद का कार्यकाल पूरा कर चुकीं प्रो. मंजुला राणा को एचएनबी केंद्रीय विश्वविद्यालय में पुनः नियुक्ति देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई की। खंडपीठ ने प्रो. मंजुला राणा को नोटिस जारी किया है। साथ ही, गढ़वाल विवि सहित 4 अन्य पक्षकारों से जवाब दाखिल करने को कहा है।

मामले के अनुसार, डॉ. नवीन प्रकाश नौटियाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि गढ़वाल विवि में कार्यरत प्रो. मंजुला राणा को वर्ष 2010 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार का सदस्य बनाया गया था। उनका कार्यकाल 6 वर्ष रहा, जो 2016 में पूरा हो गया। लेकिन उन्हें बाद में पुनः गढ़वाल विवि के हिंदी विभाग में नियुक्ति दे दी गई थी जोकि संविधान के अनुच्छेद 319 (डी) का उल्लंघन है। इस अनुच्छेद के अनुसार राज्य लोक सेवा अथवा संघ लोक सेवा आयोग में सदस्य बने प्रोफेसरों को पुनः नियुक्ति नहीं दी जाएगी।

दूसरी ओर इसी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेएमएस राणा भी राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य बने लेकिन उन्हें दोबारा विवि में नियुक्ति नहीं दी जो कि एक ही विवि में दो नियम लागू किये जाने का मामला है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षकारों से जवाब मांगा है।

### हाईकोर्ट ने मांगी चार सप्ताह में जांच रिपोर्ट

4

**नैनीताल, अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर व उससे जुड़े खासकर सरिताताल व खुर्पाताल के जल स्रोत, झील व रोड के किनारे अवैध दुकानों व होटलों तथा होमस्टे द्वारा अपना कचरा (प्लास्टिक व अन्य कूड़ा) को जल स्रोतों, गधेरों व पालिका के नालों में डाले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि संबंधित क्षेत्रों की जांच कर चार सप्ताह में रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई चार सप्ताह होगी। मामले के अनुसार, खुर्पाताल निवासी ललित मिगलानी की तरह से जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि खुर्पाताल नैनीताल शहर से जुड़ा दर्शनीय स्थल है। सैकड़ों सैलानी झील को देखने के लिए आते हैं। यह स्थल भी पर्यटन का मुख्य केंद्र है। यहां पर भी होटल व्यवसायियों द्वारा होटल, रेस्टोरेंट व होम स्टे खोले गए हैं, जो सीवर लाइन से जुड़े नहीं हैं, जिनका सीवरेज का गंदा पानी सीधे झील व जल स्रोतों में जा रहा है। यही नहीं, सड़क पर अवैध रूप से संचालित दुकानों का कचरा भी झील व जल स्रोतों को प्रभावित कर रहा है। जिस पर कोर्ट ने प्रशासन से इसकी जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### सचिवालय की आधिकारिक वेबसाइट बनाए सरकार

5

**नैनीताल, अमृत विचार:** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को दो माह में उत्तराखंड सचिवालय की आधिकारिक वेबसाइट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले को देहरादून की समाधान नामक संस्था की ओर से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सचिवालय की अपनी वेबसाइट नहीं है। यह सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 और नियमावली 2013 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता के अनुसार, एक साल पहले उनकी तरफ से इस संदर्भ में प्रत्यावेदन भी सौंपा था और उन्हें एक साल में वेबसाइट के गठन का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि, सूचना कार्यकर्ता और आम लोगों को इससे दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता को उचित जानकारी नहीं मिल पा रही है। खंडपीठ ने सुनवाई के बाद जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को निर्देश दिया कि आठ महीने के अंदर आवश्यक कदम उठाए और आधिकारिक वेबसाइट बनाए।

# भ्रष्टाचारी जेल जाने के लिए रहें तैयार: मुख्यमंत्री धामी

- सरकार के चार साल पूरे होने पर हरिद्वार में विकास संकल्प पर्व में किया प्रतिभाग, हुआ अभिनंदन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य से भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हम जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम भी किया है। मुख्यमंत्री ने मां गंगा के तट से स्पष्ट सन्देश दिया कि भ्रष्टाचारी जेल जाने के लिए तैयार रहें।

शुक्रवार को हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में आयोजित विकास संकल्प पर्व में प्रतिभाग कर मुख्यमंत्री ने 550 करोड़ रुपये की 107 विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विकास संबंधी विभिन्न 13 घोषणाएं कीं। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 75.81 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ही के विशेष दिन 4 जुलाई 2021 को उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करने मौका दिया गया था इसलिए वे सबसे पहले मां गंगा का आशीर्वाद लेकर जनमानस के बीच आए हैं। वे आज प्रदेश के समग्र विकास और जन आकांक्षाओं को पूरा करने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने की इस यात्रा के सफल चार वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। उन्होंने सफल चार वर्ष पूर्ण होने पर देवभूमि उत्तराखंड की समस्त देवतुल्य जनता का हृदयतल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता द्वारा जताए गए भरोसे के बल पर ही वे आज उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश की सेवा कर पा रहे हैं। जनता का प्रेम ही है जो उन्हें प्रत्येक दिन प्रदेश के विकास और समाज की प्रगति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवनगरी हरिद्वार के लिए कांवड़ यात्रा और कुंभ का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। कांवड़ यात्रा और वर्ष 2027 में होने वाला कुंभ का आयोजन भव्य, दिव्य, सुरक्षित और ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी जरूरी इंतजाम करने के लिए संकल्पित हैं। कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर गांवों से लेकर शहरों तक, किसानों से लेकर युवाओं तक, मातृशक्ति से लेकर श्रमशक्ति तक, व्यापारियों से लेकर कमचारियों तक प्रत्येक क्षेत्र और वर्ग के कल्याण के लिए कई नई योजनाएं बनाईं हैं और उन्हें धरातल पर भी उतारा है। अनेकों योजनाएं लागू कर स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका परिणाम है कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के इंडेक्स में हमारे उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ने का काम किया है। सरकार ने राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं।



विकास संकल्प पर्व पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

### नदियों का मां के समान करें आदर

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के मुख्य सेवक के रूप में अपने सफल चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड में मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि, शांति और प्रगति की कामना की। साथ ही उन्होंने मां गंगा से प्रार्थना की कि हरिद्वार आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों। मुख्यमंत्री ने नदी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नागरिकों से अपील की कि वे नदियों का मां के समान सम्मान करें और उन्हें स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर स्वयं मुख्यमंत्री सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने नदियों को प्रदूषित न करने और उन्हें सदैव स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

# शहर में रहकर गांवों की सियासत पर सवाल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया चल रही है। हालांकि अधिकांश प्रत्याशी जो वर्तमान में दावेदारी कर रहे हैं, उनमें से लगभग आधे से ज्यादा मैदानी क्षेत्र में निवासरत है।

नैनीताल जनपद में भीमताल, रामगढ़, धारी और ओखलकांडा पर्वतीय क्षेत्र के ब्लॉक है। इनमें वर्तमान में अधिकांश लोग जोकि ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत की दावेदारी कर रहे हैं, उन्होंने हल्द्वानी में अपना आवास बनाया हुआ है।

स्थानीय मतदाताओं की माने तो वहीं से ग्रामीण राजनीति को संचालित करते हैं। ओखलकांडा निवासी मोहन सिंह बताते हैं कि यहां तक की आपदा होने पर भी वहीं से मुआवजे की मांग भी की जाती है। वाहन दुर्घटना होने पर मैदानी क्षेत्र से ही जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों का अवगत कराया जाता है। धारी निवासी प्रदीप राम का कहना है कि जब उक्त प्रतिनिधि पर्वतीय क्षेत्र में आते हैं, तो उन्हें सड़कों की दुर्दशा का पता चलता है।

तत्काल वह बयान भी जारी करते हैं। भीमताल निवासी अनिल कुमार बताते हैं कि जब ग्रामीण गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हैं, तब तुरंत मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की जाती है। इधर, इस बार ग्रामीणों ने तय किया है कि उनके बीच रहने वाले व्यक्ति को ही ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य चुना जाए।

### पूरन चंद्र बृजवासी बने मंडल अध्यक्ष



**भीमताल:** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना ने कुमाऊं मंडल के लिए पूरन चंद्र बृजवासी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह निर्णय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में लिया गया। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री अनंत श्रोत्रिय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री ऋषि शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री (महिला मातृशक्ति) नीलम सक्सेना, गुरमन जीत सिंह और जसमेर सिंह लक्की की सहमति भी शामिल हैं।

# कूड़े का निस्तारण प्रतिदिन नहीं होने से जनता परेशान

**भीमताल:** भीमताल में नगर पालिका के द्वारा वाहनों से और डोर-टू-डोर कूड़े का निस्तारण करने की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त कूड़ा सड़कों में न फैल सके इसके लिए कई छोटे-छोटे कूड़ेदान भी लगाए गए हैं।

लोगों का कहना है कि इन कूड़ेदानों को स्थान-स्थान पर रखा गया है। प्रत्येक दिवस इन कूड़ेदानों को खाली करने की व्यवस्था भी नगर पालिका द्वारा की गई है। इसके बावजूद कई कूड़ेदान अब भी कूड़े से भरे पड़े हैं स्थानीय जनता ने बताया कि जब इन कूड़े दानों को लगाया गया था तो अवगत कराया गया था कि प्रत्येक दिवस इससे कूड़ा उठाया जाएगा।

लेकिन वहीं नल दमयंती और आसपास के क्षेत्र में इन कूड़ेदानों से प्रत्येक दिवस कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। इसके चलते यह डस्टबिन कूड़े से भरे पड़े हैं और बंदरों के द्वारा इनमें भरे कूड़े को फैला दिया जा रहा है जिससे आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस संबंध में प्रभावित लोगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# उड़ान: दस साल में जोड़े जाएंगे 120 हवाई गंतव्य

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की उपस्थिति में शुक्रवार को देहरादून, मसूरी रोड स्थित निजी होटल में मिनिस्टर कॉन्फ्रेंस ऑन सिविल एविएशन (नॉर्दर्न रीजन) के अंतर्गत नागरिक उड्डयन में क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसर विषय पर सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने नागरिक उड्डयन से संबंधित संभावना के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।

संयुक्त सचिव केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय असांगबा चुबा ने उड़ान योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत विभिन्न राज्यों के साथ हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही, नए मार्गों में हवाई संचालन के लिए नई संभावनाओं पर भी कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि देश में अब तक उड़ान योजना के तहत 625 आरसीएस रूट कनेक्ट किए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ अब तक 1.53 करोड़ से अधिक यात्री ले चुके हैं। अगले 10 साल में 4 करोड़ यात्रियों को हवाई सेवा का लाभ देने के लिए मॉडिफाइड उड़ान स्कीम शुरू की जाएगी। इस स्कीम के जरिए 120 गंतव्यों को आपस में जोड़ा जाएगा।

**स्थायी हेलीपैड होना जरूरी:** पवन हंस लिमिटेड के महाप्रबंधक पीके मरकन ने हेलीपैड विकास मॉडल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्यों में स्थाई हेलीपैड का निर्माण होना बेहद जरूरी है। स्थायी हेलीपैड का उपयोग नागरिक व सैन्य संचालन, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, आपदा राहत एवं अन्य कार्यों में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि स्थायी हेलीपैड के निर्माण से राज्यों में अधिक से अधिक हेलीकॉप्टर संचालन की संभावना भी बढ़ जाती है।



मिनिस्टर कॉन्फ्रेंस ऑन सिविल एविएशन सम्मेलन में विचार-विमर्श करते अधिकारी।

### दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनेगा भारत

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के संयुक्त सचिव मधु सूदन शंकर ने बताया कि हवाई कनेक्टिविटी के संचालन के लिए हमारे पास आवश्यकतानुसार मानव संसाधन भी होने चाहिए। पायलट, तकनीशियन, ग्राउंड स्टाफ से लेकर एयर ट्रैफिक कंट्रोल तक हर स्तर पर मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। इसके लिए राज्यों में प्रशिक्षण संस्थान भी होने चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनेगा। देश में मौजूदा हवाई अड्डों की संख्या 162 से बढ़कर 2047 तक 350-400 तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एयरबस के अनुसार, भारत को वर्ष 2040 तक विमानन रखरखाव के लिए लगभग 45,000 टेक्नीशियन की आवश्यकता होगी। इसके लिए राज्यों को अपने यहां प्रशिक्षण संस्थान खोलने होंगे।

### मानकों के अनुसार ही एयरपोर्ट का विकास

कार्यकारी निदेशक एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया सुजॉय डे ने हवाई अड्डों के विकास मॉडल पर जानकारी देते हुए कहा कि, किसी भी नए एयरपोर्ट के निर्माण में कई तकनीकी और पर्यावरणीय मानकों को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि विंड ओरियंटेशन (हवा की दिशा), सराउंडिंग टोपोग्राफी (आसपास का भौगोलिक परिदृश्य), फ्री एयर स्पेस, एनवायरनमेंट एसेसमेंट (पर्यावरणीय आंकलन) जैसे विभिन्न मानकों को ध्यान में रखकर ही एयरपोर्ट का विकास किया जाता है।

### 178 ड्रोन प्रशिक्षण स्कूलों को स्वीकृति

ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्मित शाह ने बताया कि ड्रोन के लिए स्पेशल लॉन्चपैड बनाने की दिशा में राज्यों को आगे आना चाहिए। साथ ही, अपने अपने राज्यों में ड्रोन नीति को बढ़ावा और ड्रोन स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बताया कि अब तक देश में 33,000 से अधिक ड्रोन पंजीकृत किए जा चुके हैं। 24,000 से अधिक ड्रोन पायलटों को प्रमाणित किया जा चुका है। साथ ही 120 ड्रोन मॉडल टाइप सर्टिफिकेशन प्रदान किए गए हैं। देशभर में 178 ड्रोन प्रशिक्षण स्कूलों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 65 से ज्यादा सफल बचाव अभियान

नागरिक उड्डयन मंत्रालय (हेलिकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस) के निदेशक शंखेश मेहता ने बताया कि मेडिकल हेली सेवा को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट संजीवनी शुरू की गई है। यह पहल नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एम्स ऋषिकेश और उत्तराखंड राज्य सरकार के सहयोग से शुरू की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अब तक 65 से अधिक सफल राहत एवं बचाव अभियान पूरे किए चुके हैं। उन्होंने अन्य राज्यों से भी इस क्षेत्र में आगे आने का आग्रह किया।

### एक ही मंच पर चिंतन, मंथन और निष्कर्ष

**देहरादून:** मिनिस्टर कॉन्फ्रेंस ऑन सिविल एविएशन में विश्वभर से आई 117 विभिन्न कंपनियों, संस्थानों और राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच विचार विमर्श हुआ। जिनके बीच आपसी सहयोग और समन्वय से नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने को लेकर सहमति बनी। वही विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप राज्यों में सिविल एविएशन की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।


बड़ी योजना — केंद्र को भेजा जा रहा एफटीआईआर अत्याधुनिक उपकरण लगाने का प्रस्ताव

# हिमालय में प्रदूषण का सूक्ष्म कण भी खोज लेगा एरीज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज की नजर से हिमालय के आसमान में वायु प्रदूषण का सूक्ष्म कण भी छिप नहीं पाएगा। एरीज फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड (एफटीआईआर) स्पेक्ट्रोस्कोपी नामक उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) स्थापित करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजने जा रहा है। यह उपकरण वायु मंडल में तैरते सूक्ष्म रासायनिक पदार्थों की आणविक संरचना व उनकी प्रकृति को देखने समझने में शक्तिशाली उपकरण है।

एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि वायु मंडल में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। हिमालय क्षेत्र भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं है, जिस कारण हिमालय में कई तरह के परिवर्तन नजर आने लगे हैं जिसकी वैज्ञानिक जांच बेहद जरूरी हो चली है। एफटीआईआर इन्फ्रारेड उपकरण विकिरण प्रकाश का अवशोषण और उत्सर्जन को मापने व जांचने में बेहद उपयोगी उपकरण है, जिसके जरिए जमीन से ऊंचे आसमान तक में रासायनिक व भौतिक पदार्थों की जांच की जा सकती है। इस तकनीक को स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक कहा जाता है। वर्तमान में वाहन, एयर कंडीशन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, उद्योगों से निकलने वाला प्रदूषण, अस्पतालों में दवाओं का प्रदूषण समेत कई अन्य श्रोत हैं, जो ग्रीन हाउस गैसों को तेजी से उत्सर्जित कर रहे है और ग्लोबल वार्मिंग को तेजी से बढ़ा रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए यह बेहद खतरनाक है। ग्रीनहाउस गैसों की अनदेखी कतई नहीं की जा सकती है। लिहाजा वायु मंडल प्रदूषित करने वाली खतरनाक गैसों की पहचान कर, बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए लोगों को सचेत करने के उद्देश्य से यह उपकरण ईजाद किया जा रहा है।



### यह सबसे बड़ी चुनौती



हिमालय को वायु प्रदूषण से मुक्त रखना सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे लेकर एरीज बेहद गंभीर है। निदेशक डॉ. नाजा ने बताया कि यह वास्तव में किसी भी प्रकार की गैस की जांच करने में सक्षम है, जिसमें ओजोन, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, हाइड्रो सल्फाइड, हाइड्रो कार्बन, जल वाष्प व अमोनिया इत्यादि इत्यादि रासायनिक पदार्थों की परख कर सकता है।

### 12 करोड़ लागत, दो साल का लगेगा समय

**नैनीताल:** एरीज के निदेशक डॉ. नाजा के अनुसार, एफटीआईआर सुविधा जुटाने में करीब 12 करोड़ रुपये खर्च आएगा, जिसे एरीज के मनोरा पीक में स्थापित किया जाएगा। स्थापित करने में करीब दो वर्ष का समय लग सकता है। देश के पूर्वी व दक्षिणी हिस्से में यह उपकरण स्थापित किया जा चुका है। उत्तर भारत में पहली बार स्थापित किया जाएगा, जो खासकर हिमालय के वायु मंडल को लेकर स्थापित किया जा रहा है।

# पोर्टल पर 15 तक पूरा करें डिजिटाइजेशन का काम

**नैनीताल:** सभी कार्मिकों की सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावलियां एवं पेंशन पत्रों को एचआरएमएस पोर्टल पर 15 जुलाई तक डिजिटाइजेशन करना अनिवार्य है। मुख्य कोषाधिकारी रिचांशु शर्मा ने जिले के सभी आहरण-वितरण अधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक कार्मिक की सेवा पुस्तिका में दर्ज सेवा संबंधी सभी अभिलेखों, नियुक्ति आदेश, पदोन्नति आदेश, निलंबन, स्थानान्तरण, एलपीसी, समयमान वेतनमान, विभिन्न प्रकार की अग्रिम कटौतियों, उपार्जित अवकाश के आदेश पत्रों को अपलोड करें। सेवा पुस्तिका में अंकित सभी सेवा संबंधी पूर्ण विवरण, सूचनाएं ऑनलाईन भरकर सेवा पुस्तिका तैयार की जाएगी। साथ ही सिस्टम से जीपीएफ पासबुक भी तैयार की जाएगी। ये काम 15 जुलाई तक पूरा होना है।



भवाली बाजार की सुनसान सड़क पर छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार

### पर्यटन सीजन में आई एकदम गिरावट

**भवाली, अमृत विचार:** जुलाई माह के शुरू होते ही पर्यटकों की संख्या में एकदम गिरावट आ गई। हमेशा जाम से घिरी रहने वाली सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं तो वहीं बाजारों में सन्नाटा छाया है। कैंचीधाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। होटल व होम स्टे खाली पड़े है। वहीं इनके किराये में भी भारी गिरावट आ गई है। जो कमरे दो से तीन हजार रुपये में मिलते थे उनके किराये एक हजार रुपये तक हो गये है। बारिश के चलते व पर्यटको की कमी के कारण कारोबारी भी मायूस नजर आ रहे है। गौरतलब है कि कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढने से भवाली व आसपास के क्षेत्रों के व्यवसाय को पंख लगे है। हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। परन्तु वहां भी श्रद्धालुओ की संख्या कम हुई है। लोगों को जल्द ही उम्मीद है कि फिर से रौनक बढ़ेगी क्योकि बारिश व पहाड़ों में भूसख्लन को भी इसकी वजह माना जा रहा है। लेकिन पुलिस व प्रशासन को राहत मिली है।

### आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ भारी बारिश होने की संभावना।

| 31.0° | 26.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.18 | सूर्यास्त 19.15 |



हल्द्वानी की पॉश हीरा नगर कॉलोनी में शुक्रवार को बारिश के बाद सड़कें इस कदर जलमग्न हो गईं कि बच्चे इनमें तैराकी करने लगे तो वहीं, मुख्य सड़क पर जलभराव होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। ● अंकुर शर्मा




## एक नजर

### विषाक्त पदार्थ खाने से श्रमिक की मौत

**हल्द्वानी :** एक श्रमिक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार बैरीपड़ाव, हिम्मतपुर निवासी 18 वर्षीय रोहित यादव पुत्र सुभाष यादव ने गुरुवार रात किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी तबीयत खराब होने लगी तो उसे परिजन उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की मौत

**हल्द्वानी :** एलएलबी के छात्र की हल्द्वानी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि एक कार ने गलत दिशा में उसके बेटे को टक्कर मारी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहाड़गंज रुद्रपुर निवासी केशर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका बेटा प्रकाश दानू (31) बीती 19 जून को अपनी स्कूटी से रुद्रपुर से हल्द्वानी गया था। वापसी में जब वह रुद्रपुर आ रहा था तब गन्ना सेंटर रामपुर रोड के पास एक कार ने उसे टक्कर मार दी। आरोप है कि कार विपरीत दिशा में आ रही थी और चालक उसे लापरवाही से चला रहा था। लोगों ने घायल को उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल पहुंचाया लेकिन उपचार के दौरान वहां उसकी मौत हो गई। प्रकाश दानू एलएलबी का छात्र था और कॉमन सर्विस सेंटर भी चलाता था। पुलिस ने बताया कि, आरोपी कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी गई है।

# नाले-नहरें पानी से फुल, सड़कें बनीं स्वीमिंग पूल

## हल्द्वानी में ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने से कई इलाकों में जलभराव, यातायात प्रभावित होने से लोगों को हुई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जुलाई की पहली बारिश में ही शहर में ड्रेनेज सिस्टम 'फेल' हो गया। महज तीन से चार घंटों की बारिश में शहर में जलभराव हो गया। नहरें, नाले से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जमा होने लगा। इससे सड़कें जलमग्न हो गईं। पॉश कॉलोनी हीरा नगर में तो सड़कों पर जलभराव होने से बच्चों ने तैराकी का लुत्फ लिया।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था। सुबह तो मौसम सामान्य लेकिन दोपहर एक बजे हल्की रिमझिम शुरू हुई जो अचानक बारिश में तब्दील हो गई। करीब तीन घंटे तक लगातार झमाझम बारिश हुई। ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त नहीं होने की वजह से पानी की समुचित निकासी नहीं हो सकी। इसकी वजह से नाले-नहरें ओवरफ्लो होने लगे और पानी सड़कों पर जमा होने लगा। कालाढूंगी रोड, तिकोनिया, वर्कशॉप लेन, नहर कवरिंग, कैंसर इंस्टीट्यूट, रामबाग कॉलोनी, डहरिया समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया। पॉश कॉलोनी हीरा नगर में जहां ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने के लिए पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से सड़क बंद है, वहां सड़कें जलमग्न हो गईं। सड़कों पर इतना जलभराव हो गया कि बच्चे पानी में तैराकी करने लगे और बारिश का आनंद लिया। सड़कों पर इतना पानी जमा होने से यातायात भी बाधित हुआ। वहीं लोगों के घरों में भी पानी घुसा जिससे गंदगी वगैरह भी पहुंची।



शुक्रवार को बारिश से बचने के लिए भागते लोग। ● अमृत विचार



शुक्रवार को हुई बारिश के बाद एसकेएम स्कूल के पास सड़क जलमग्न हुई।

### चेतावनी बोर्ड व संकेतक लगाए गए

**हल्द्वानी :** जनपद में लगातार हो रही बारिश और जल स्तर में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने आपदा संभावित क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। डीएम के निर्देशानुसार नदी-नालों, तालाबों और सड़कों के किनारे अति संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं। सिंचाई विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत और अन्य संबंधित विभागों ने क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाकर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया है। इसमें लोगों से नदियों के किनारे नहीं जाने, अति संवेदनशील इलाकों में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी या सोशल मीडिया के लिए रील न बनाने के निर्देश दिए हैं।

### बोले जिम्मेदार- नगर निगम की टीम जुटी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मानसून में जलभराव और अन्य समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम ने विभिन्न टीमें गठित की हैं। जिसमें कुल 100 कर्मचारी लगाए गए हैं। बारिश के दौरान जलभराव और नालियां चोक होने पर 40 सफाई कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। जो सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर जाकर नालियों की सफाई करती है। जबकि नए वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए 30 कर्मचारियों को लगाया गया है। 10 कर्मचारी शहर में विभिन्न जगह पर अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायत और इससे जुड़ी अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए काम कर रहे हैं। निगम की ओर से रात्रि गैंग का गठन किया गया है, जिसमें 20 कर्मचारी पनचक्की से लाइफलाइन डायग्नोस्टिक सेंटर, रामपुर रोड, बरेली रोड और काठगोदाम क्षेत्र में सफाई करते हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेश ने बताया कि सभी टीमों को अभियान में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जलभराव और अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# नैनीताल में रिमझिम वर्षा कोहरे के साथ बीता दिन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी में रिमझिम वर्षा और कोहरे के साथ शुक्रवार का दिन बीता। रोजमर्रा के कार्यों पर और सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ। वर्षा से नैनी झील के जल स्तर में वृद्धि हुई है।

सरोवर नगरी में बारिश ने गुरुवार रात से ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। कुछ घंटे विराम के बाद शुक्रवार अपराह्न 11 बजे से फिर से बारिश शुरू हुई जो देर शाम तक जारी रही। तेज बारिश के दौरान नाले उफान पर रहे। दिहाड़ी मजदूरों का कार्य प्रभावित हुआ। पर्यटन कारोबार चौपट रहा। आउटडोर फोटोग्राफर और नौकायन ठप रहा। विभिन्न शहरों से पहुंचे सैलानी होटलों के कमरे में ही दुबके रहे।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल का पंगोट-देचौरी मोटर मार्ग कुछ समय के लिए बाधित रहा, जिसे खोल दिया गया। इस बीच नैनी झील का जलस्तर 79.6 फीट पहुंच गया है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 24 घंटे में 25 मिमी पानी बरसा व अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।



शुक्रवार को बारिश के बाद सरोवर नगरी में छाया रहा कोहरा।

### कुमाऊं के जर्जर स्कूल बंद करने के निर्देश

**नैनीताल :** लगातार हो रही बारिश के बीच शिक्षा विभाग ने जर्जर हालत में संचालित स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। अपर निदेशक कुमाऊं गजेंद्र सिंह सौन ने बताया कि बारिश में जर्जर भवनों में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों के सीईओ को निर्देश दिए हैं कि स्थित जर्जर स्कूल भवनों की तुरंत पहचान करें और उन्हें बंद कराएं।

# चेक बाउंस होने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को एक साल का कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा होगी।

महेंद्र सिंह लटवाल निवासी ग्राम दुर्गापाल, हल्दूचौड़ के अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि जुलाई 2016 में महेंद्र ने मेघश्याम सिंह रावत निवासी कृष्णा इन्कलेव कुसुमखेड़ा को 7.70 लाख रुपये की आर्थिक मदद की थी। यह रकम मेघश्याम ने व्यापार में लगाने के नाम पर ली थी।

दो माह के बाद उसने महेंद्र को 7.70 लाख रुपये का बैंक चेक दिया। यह चेक बैंक में बाउंस हो गया। इसके बाद महेंद्र ने मेघश्याम को एक नोटिस भी भेजा, लेकिन तब भी उसने रकम वापस नहीं की। मामला कोर्ट तक पहुंचा। यहां मेघश्याम ने अपने बचाव में कहा कि चेक का दुरुपयोग किया गया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी अखिलेश कुमार पांडे की अदालत ने मेघश्याम सिंह रावत को उक्त आरोप में दोषी माना है। उसे एक साल के सादा कारावास की सजा के साथ ही 10 लाख रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया गया है। इनमें से 9.50 लाख रुपये परिवादी को देने होंगे और 50 हजार रुपये राजकोष में जमा करने होंगे। यदि दोषी जुर्माना नहीं भरेगा तो उसे छह माह का और भी कारावास झेलना होगा।

# दर्द और एलर्जी की दवाओं से नसों में घोल रहे नशा, गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉक्टर जिन दवाओं से मरीज के दर्द और एलर्जी जैसी समस्याओं को दूर करते हैं। उन दवाओं से नशे के सौदागर लोगों को नशा करा रहे हैं और बदले में मुनाफा बटोर रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऐसे ही दो नशे के तस्करों को माल के साथ धर दबोचा है।

पुलिस के अनुसार रामपुर रोड गन्ना सेंटर के पास से पुलिस ने एक आरोपी आशिफ मलिक निवासी लाइन नंबर 14 वार्ड 23 बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया। उसके पास से 200 इंजेक्शन बरामद हुए। इनमें 100 एविल और 100 ब्यूप्रेनोर्फिन के इंजेक्शन हैं। आरोपी ने बताया कि इन इंजेक्शनों को वह बहेड़ी जिला बरेली से खरीदकर लाया है और इन्हें ऊंचे दामों में हल्द्वानी में बेचने वाला था। दूसरे मामले में पुलिस ने गौजाजाली उत्तर से सलिक अहमद (52) को गिरफ्तार किया।

उसके पास से 24 इंजेक्शन एविल के और 24 इंजेक्शन ब्यूप्रेनोर्फिन के मिले हैं। दोनों ही मामलों ने पुलिस कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

● **पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा, 248 इंजेक्शन हुए बरामद**

### इंजेक्शन का साइड इफेक्ट नींद आना

एविल इंजेक्शन ज्यादातर एंटी एलर्जी के तौर पर इस्तेमाल होता है। ब्यूप्रेनोर्फिन का इस्तेमाल दर्द निवारक के दौर पर किया जाता है। ये इंजेक्शन डॉक्टर के पर्चे पर ही मिलते हैं लेकिन नशे के तस्कर इनकी तस्करी करते हैं। डॉक्टर की राय के बिना इन दवाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए लेकिन इसके साइड इफेक्ट नींद आने का इस्तेमाल कुछ लोग नशे के लिए करते हैं।

# बुजुर्ग पर चाकू से हमला करने का आरोपी दबोचा

**रामनगर:** कोतवाली पुलिस ने मालधन में एक बुजुर्ग को चाकू मारकर घायल करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सुरेश चन्द्र निवासी मालधन चौड़ रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अनुज कुमार पुत्र चन्दन लाल निवासी गौतमनगर नं. 05 मालधन चौड़ रामनगर द्वारा घर की दीवार कूदकर उसके बड़े भाई जोगेन्द्र सिंह के गले पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार ने अनुज कुमार को मालधन से गिरफ्तार किया गया।आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दुर्गा मार्केट में बन रहे बेसमेंट की प्राधिकरण से शिकायत

संवाददाता, हल्द्वानी

● **व्यापारी का आरोप, बिना अनुमति अवैध ढंग से बनाया जा रहा है बेसमेंट**

**अमृत विचार:** दुर्गा मार्केट स्थित साड़ी महल प्रतिष्ठान में अवैध ढंग से बेसमेंट बनाने की शिकायत की गई है। इस संबंध में व्यापारी ने सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है।

सिटी मजिस्ट्रेट चौहान को सौंपे शिकायत में कहा गया है कि बाबूलाल गुप्ता, पुत्र स्व. किशोरीलाल ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण (डीडीए) से बिना अनुमति लिए ही अवैध ढंग से बेसमेंट का निर्माण कराया जा रहा है। इससे कॉम्प्लेक्स की संरचनात्मक मजबूती को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, जो भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

उन्होंने बताया कि जब दुर्गा मार्केट का निर्माण हुआ था, तब इस मार्केट में बेसमेंट का कोई प्रावधान नहीं था, लेकिन बाबूलाल गुप्ता ने निजी स्वार्थ के लिए सभी नियमों की अनदेखी करते हुए चोरी-छुपे निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जिससे मार्केट पर खतरा हो गया है। यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने ने सार्वजनिक स्थानों पर नियम विरुद्ध एयर कंडिशनर भी लगा रखे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।

व्यापारी अशोक गुप्ता ने सिटी मजिस्ट्रेट चौहान से मांग की है कि बाबूलाल गुप्ता की ओर से बनाए गए बेसमेंट को तुरंत सील कर उसमें ठोस सीमेंटेड भरान करवा कर उसका अस्तित्व समाप्त किया जाए। साथ ही दुर्गा मार्केट से सभी अवैध एसी हटवाए जाएं और जनसुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने के लिए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। सिटी मजिस्ट्रेट एवं संयुक्त सचिव जिला विकास प्राधिकरण जीएस चौहान ने जांच का आश्वासन दिया है।

**राजस्व** | राज्य गठन से अब तक के सभी रिकॉर्ड हुए ध्वस्त, वर्ष 2024-25 में 1040 करोड़ मिले

# खनन से पहली तिमाही में 331.14 करोड़ की कमाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खनन विभाग ने उत्तराखंड गठन के बाद पहली बार प्रथम तिमाही में कमाई के पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम तिमाही में 331.14 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

खनन अधिकारियों के अनुसार, राज्य में वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में 146.18 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 177.27 करोड़, वर्ष 2024-25 में 270.37 करोड़ और वर्तमान वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में 331.14 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 22.47 प्रतिशत अधिक है।

वहीं, पिछले वर्षों के सापेक्ष कई गुना अधिक है। खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व प्राप्ति के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए राजस्व का आंकड़ा एक हजार पार करते हुए 1040.57 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है।



### एमडीटीएसएस से बनाए जा रहे 45 गेट्स

खनन निदेशक लेघा ने बताया कि खनन को अधिक पारदर्शी, सुदृढ बनाने, अवैध खनन व परिवहन की प्रभावी रोकथाम एवं राजस्व वृद्धि के लिए माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम विकसित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कुल 45 माईन चेक गेट्स बनाने की कार्यवाही की जा रही है।

### इन नीतियों से बढ़ी आय

खनन निदेशक राजपाल लेघा ने इसका श्रेय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के कुशल नेतृत्व कोदिया है। उन्होंने कहा कि सीएम धामी सरकार की उपखनिज परिहार नियमावली, उत्तराखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण का निवारण) नियमावली में सरलीकरण, ई-निविदा, सह-ई नीलामी से नए खनिज लॉटों का चिन्हिकरण कर ई-निविदा से आवंटन, निदेशालय स्तर पर गठित प्रर्वतन दल ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की प्रभावी रोकथाम की। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर पर ई-रवन्ना पोर्टल की निगरानी व अपग्रेडेशन, चार जनपदों देहरादून, हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर व नैनीताल में निविदा से आवंटित कंपनी से पट्टाधनराशि की वसूली एवं जिला स्तर पर अवैध खनन, परिवहन, भंडारण पर त्वरित कार्यवाही भी प्रभावी रही।





# स्टंटबाजों पर पुलिस की कार्रवाई, दो युवकों का चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** स्टंटबाजी करना दो युवकों को भारी पड़ा। पुलिस ने उनके ऊपर चालानी कार्रवाई की है।

सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हो रहे थे। जिसमें दो युवक ज्योलीकोट रोडपर चलती कार से स्टंट दिखा रहे थे। ये दोनों ही युवक चलती कार की खिड़की से बाहर को निकले हुए थे। वीडियो की जानकारी तल्लीताल पुलिस को लगी तो चौकी प्रभारी श्याम सिंह बोरा ने इन युवकों का पता लगाया। पता चला कि वीडियो में दिख रहे युवक उमर अब्दुल्ला निवासी मुरादाबाद और निखिल कुमार निवासी गेठिय है। इन दोनों के ऊपर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई है। साथ ही पुलिस ने दोनों युवकों की काउंसलिंग भी की है।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डॉक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी केंद्र में 40 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**कालाढूंगी :** शुक्रवार को नगर के आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नं 1 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत 40 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण हुआ। सीएचसी कोटाबाग के डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ परीक्षण किया। डॉ. मंगल बिष्ट व डॉ. अंजू बिष्ट ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी में बच्चों का स्वास्थ परीक्षण नियमित रूप से किया जाता है। जिसमें बच्चों की वृद्धि व विकास की निगरानी, टीकारण, पोषण संबंधी जांच के साथ आवश्यक दवाइयां दी जाती है। चिकित्सकों ने बच्चों का वजन व लंबाई मापी। साथ ही बच्चों के अभिभावकों को स्वास्थ के प्रति जागरुक किया। परीक्षण के बाद निशुल्क बच्चों को जरूरी दवाइयां वितरित की गई। डॉ. मंगल ने बताया कि कुछ बच्चों का वजन कम पाया गया है। इस दौरान फार्मासिष्ट कुलविन्दर सिंह, राष्टीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम से निर्मला, आंगनबाड़ी कार्यकत्री निर्मला कार्की, सहायिका मीना देवी व बच्चों के माता पिता मौजूद थे।



पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान योगा ग्रुप के सदस्य। ● अमृत विचार

### योगा ग्रुप ने सौ से अधिक पौधों का किया रोपण

**रामनगर :** योगा ग्रुप ने विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक पौधों का रोपण किया। ग्रुप संरक्षक डॉ. संतोष कोटिया ने कहा कि पौधों का रोपण करना बेहद आसान है मगर उनका संरक्षण किया जाना ही बड़ी समस्या लोगों को लगती है। यदि पौधों का संरक्षण नहीं कर सकते तो पौधरोपण किया जाना बेमानी लगती है। उन्होंने कहा कि पौधे के बिना इंसान का जीवन सुरक्षित नहीं है। इस दौरान टेडा गांव के स्मृति वन में कल्पतरु समिति के अध्यक्ष अतुल मल्होत्रा के साथ मिलकर युवा ग्रुप ने सौ से अधिक पौधे लगाए। इस दौरान उनके साथ योगा ग्रुप के मीनाक्षी नेगी, शेखर अधिकारी, नंदन सिंह, महेश कश्यप, बालकृष्ण, हेमंत मौजूद रहे।

# अब होगी शिकारी पक्षियों की सैटेलाइट से निगरानी

## वल्चर की हरियाणा-पिथौरागढ़ तक मूवमेंट ने चौंकाया, अध्ययन होगा

- अहम बैठक खतरे में पक्षियों की सुरक्षा पर मंथन

संवाददाता,रामनगर



कार्यक्रम की जानकारी लेते कॉर्बेट के उपनिदेशक डॉ. साकेत बडोला। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के सभागार में हुई अहम बैठक में गिद्धों एवं अन्य शिकारी पक्षियों की सुरक्षा पर घन मंथन किया गया।

बता दे कि उत्तराखंड में पहली बार शिकारी पक्षियों (रैपटर्स) पर गंभीर रिसर्च की जा रही है, कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व में सैटेलाइट टेलीमेट्री डिवाइस के जरिए कुछ वल्चर और अन्य रैपटर्स की मूवमेंट को ट्रैक किया गया। जिसके नतीजे बेहद चौंकाने वाले सामने आए हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के सहयोग से इन शिकारी पक्षियों पर दो प्रकार का अध्ययन किया जा रहा है। एक सैटेलाइट टेलीमेट्री आधारित, जिसमें पक्षियों को सैटेलाइट कॉलर लगाए गए हैं और दूसरी फील्ड सर्वे आधारित जिसमें पूरे उत्तराखंड में इनकी आबादी और मूवमेंट को ट्रैक किया गया है।

इस अध्ययन के तहत कॉर्बेट और राजाजी क्षेत्र में ट्रैक किए गए रेड हेडेड वल्चर को पिथौरागढ़ और कुछ अन्य वल्चर को हरियाणा तक जाते हुए पाया गया। इस मूवमेंट ने विशेषज्ञों को चौंकाया है क्योंकि यह दर्शाता है कि ये संकटग्रस्त प्रजातियां संरक्षित क्षेत्र से बाहर भी जा रही हैं। जहां उनके सामने बिजली की खुली लाइनों जैसे गंभीर खतरे मौजूद हैं।डब्ल्यू डब्ल्यू एफ की रिसर्च में एक साढ़े चार किलोमीटर लंबी बिजली लाइन की पहचान की गई। जिससे कई गिद्धों की मौत हो चुकी थी इस जानकारी के आधार पर विद्युत विभाग के सहयोग से इस लाइन को इंसुलेट किया गया ताकि आगे नुकसान से बचा जा सके।

डॉ. बडोला ने बताया कि कॉर्बेट में रैपटर्स की कुल 30 प्रजातियों की पहचान की गई है। जिनमें से पांच संकटग्रस्त श्रेणी में आती हैं,इनमें से कुछ जैसे पलास फिशिंग ईगल और ऑसप्रे पूरे साल कॉर्बेट में ही पाई जाती हैं जो यह दर्शाता है कि कॉर्बेट का पारिस्थितिक तंत्र इनके लिए आदर्श और सुरक्षित वास स्थल है। विश्व प्राकृतिक निधि के कोऑर्डिनेटर मेराज अनवर ने कहा कि यह रिसर्च न सिर्फ वल्चर संरक्षण के लिए अहम है बल्कि पूरे रैप्टर समूह के संरक्षण में निर्णायक भूमिका निभाएगी. इस तरह की स्टडी आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि संकटग्रस्त शिकारी पक्षियों की संख्या में गिरावट को रोका जा सके। इस दौरान पार्क के उपनिदेशक अमित ग्वासिकोटी, कार्बेट फाउंडेशन के उपनिदेशक डॉ हरेंद्र बरगली, कार्बेट फाउंडेशन की समीक्षा मनराल, शिखा पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के लिए उपलब्ध कराएं वाहन

**हल्द्वानी,अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसे लेकर जनपद नैनीताल के विभिन्न विकास खंडों के मतदान केंद्रों और स्थलों का भौतिक सत्यापन आज (शनिवार) और रविवार को किया जा रहा है।

सीडीओ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनामिका की ओर से संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा को निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रथम चरण में विकास खंड बेतालघाट, रामगढ़, धारी और ओखलकांडा के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आज (शनिवार) वाहन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदान स्थलों का निरीक्षण कर सकें। भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट 7 जुलाई को जोनल मजिस्ट्रेटों के माध्यम से पंचायत चुनाव कार्यालय, भीमताल को उपलब्ध करानी होगी, जिसके बाद वाहन वापस किए जाएंगे। दूसरे चरण में 8 व 9 जुलाई को भीमताल, रामनगर और हल्द्वानी के सेक्टर मजिस्ट्रेटों को वाहन दिए जाएंगे। ये अधिकारी भी अपने क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन कर 10 जुलाई को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और उसी दिन वाहन वापस किए जाएंगे। चुनाव की निष्पक्षता और व्यवस्थित संचालन के लिए भौतिक सत्यापन प्रक्रिया अहम है, ताकि प्रत्येक मतदान केंद्र की स्थिति का आंकलन समय रहते किया जा सके।



दैनिक श्रमिक को ड्राफ्ट सौंपते कॉर्बेट के निदेशक डॉ. साकेत बडोला। ● अमृत विचार

## राज्यपाल की ओर से भेजा चेक दैनिक श्रमिक को सौंपा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** बाघ के हमले से बुरी तरह घायल हुए दैनिक श्रमिक को राज्यपाल की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में भेजी धनराशि का ड्राफ्ट कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने दिया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

वर्ष 2005 में हरिदत्त पोखरियाल पुत्र स्व. चिन्तामणि पोखरियाल तीन अन्य व्यक्तियों सहित पालतू मवेशियों को कोसी नदी के किनारे चुगान करा रहे थे। तभी अचानक बाघ द्वारा इन पर हमला कर दिया गया। पोखरियाल तथा अन्य साथियों द्वारा साहस के साथ बाघ हमले का प्रतिकार लाठी, डंडे से कर बाघ भगाया गया। परन्तु बाघ द्वारा इनकी कमर, कुल्हा एवं दायें पैर में गंभीर चोटें आई थीं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा इनकी चिकित्सकीय सहायता भी की गयी परन्तु इनकी दायें टांग खराब हो गयी। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत तथा उस समय युवा रहे हरिदत्त पोखरियाल की शारीरिक अवस्था एवं इनकी आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा इनको दैनिक श्रमिक के रूप में कार्य पर योजित किया गया। वर्तमान में इनके द्वारा धनगढ़ी व्याख्यान केंद्र में पर्यटकों, स्कूली बच्चों को वन्यजीवों के प्रति जागरुक करने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। पिछले साल जून में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में भ्रमण के समय हरिदत्त पोखरियाल से वार्ता की गयी तथा इनकी आर्थिक परिस्थितियों के दृष्टिगत इनको आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गयी। राज्यपाल की घोषणा के क्रम में राजभवन द्वारा इक्यावन हजार मात्र की धनराशि का ड्राफ्ट हरिदत्त पोखरियाल, दैनिक वेतन भोगी कार्मिक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को आर्थिक सहायता के रूप में जारी किया गया है। जिसे सीटीआर के निदेशक द्वारा शुक्रवार को उन्हें हस्तगत कर दिया गया। साथ ही उनके योगदान के लिए प्रशंसा भी की।


**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| BBA | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| B.Com. (Honours) | 10+2 Any Stream | 4 Year |
| BA (Mass Communication/Journalism) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| B.C.A. (IT & Multimedia) | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| M.A. (Mass Communication/Journalism) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| M.A. (Eng/Hindi/Social/Psy/Pol/ Sci.) | B.A. in Respective Stream | 2 Year |
| Masters of Business Administration (MBA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduation Any Stream | 2 Year |
| Master of Public Health (MPH) | Graduation Any Stream | 2 Year |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


## पैडमैन ने महिलाओं को बताया स्वच्छता का महत्व

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नेशनल काउंसिल फॉर वीमेन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनसीडब्ल्यूडीसी) की ओर से नीलियम कॉलोनी में 352-B पैड यात्रा और सम्मान समारोह हुआ। इसमें एनसीडब्ल्यूडीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पैडमैन प्रो. डॉ. बीरेन देव का कुमाऊंनी टोपी, शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। एनसीडब्ल्यूडीसी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी और चंपा चिलवाल ने डॉ. बीरेन और राष्ट्रीय सचिव उषा जैन और नरेंद्र जैन का स्वागत किया। टीम ने यात्रा में शामिल महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और सही खानपान के प्रति जागरूक किया। डॉ. बीरेन ने इस दौरान कहा कि एनसीडब्ल्यूडीसी देशभर में पैड यात्राएं चला रही है, जिससे महिलाएं अपनी सेहत को लेकर सजग हो सकें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एनसीडब्ल्यूडीसी की टीम को अवार्ड देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ समाजसेविका शशि सिंह को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। एनसीडब्ल्यूडीसी की टीम ने बताया कि वे हल्द्वानी के पिछड़े इलाकों और झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित कर रही हैं और उन्हें माहवारी स्वच्छता व जागरूकता का संदेश दे रही हैं। इस दौरान गरिमा कबरा, रूपम खन्ना, सुरेश कपिल, लीना शर्मा, मेघा त्रिपाठी, शुभांक, रश्मि गुप्ता, नीतू तिवारी सहित कई सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिनकी सक्रिय भूमिका से यह आयोजन सफल रहा।


SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store

साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग

अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस

बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना

साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश



APPOINTMENT नियुक्ति

VARUN ARJUN UNIVERSITY

FACULTY REQUIREMENT

| Departments | Vacancies Open |
| --- | --- |
| Hospital Administration | Assistant Professor |
| Forensic Science | Assistant Professor |
| Computer Application | Assistant Professor |
| Management | Assistant Professor |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to varunarjuntrust@gmail.com

Varun Arjun University, NH-24, Banthra, Shahjahanpur-242307 (UP) India


## नग अतिरिक्त मिलने पर वन निगम के चार कर्मचारियों पर गिरी गाज

- मामले में कालाढूंगी थाने में दी गई तहरीर
- बैलपड़ाव बैरियर पर वाहन से बरामद हुए थे 44 अतिरिक्त नग

संवाददाता, रामनगर



**अमृत विचारः** आखिरकार बीते दिनों लकड़ी से लदे ट्रक में 44 नग अतिरिक पाए जाने के मामले में चांदनी डिपो के चार कर्मचारियों पर गाज गिर ही गई।

जिन पर निलंबन की कारवाई की गई है। बता दे कि बीते दिनों तराई पश्चिमी वन प्रभाग की वन सुरक्षा इकाई ने एसडीओ किरन शाह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बैलपड़ाव बैरियर पर चेकिंग के दौरान साल की लकड़ी से लदा ट्रक पकड़ा था जिसमें निर्धारित संख्या से 44 नग अतिरिक्त लकड़ी पाई गई थी। रामनगर के चांदनी डिपो से काशीपुर की ओर जा रहे ट्रक को एसडीओ ने बैलपड़ाव चेकपोस्ट पर रोका,जब ट्रक की लकड़ियों को उतरवाकर गिनती की गई तो रवन्ने में दर्ज 180 नगों के सापेक्ष 44 नग साल की लकड़ी अतिरिक्त पाई गई,इनमें से 7 नग ओवरसाइज़ प्रकाष्ठ के भी थे,इसके अलावा रवन्ने में दर्ज और मौके पर पाई गई लकड़ियों की संख्या में भी अंतर था।

वन निगम की डीएसएम सावित्री गिरि ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में चांदनी डिपो के चार कर्मी दोषी पाए गए हैं, इसमें डिपो अधिकारी उमेश भट्ट, प्लाट प्रभारी बालम सिंह बिष्ट, और सह प्लाट प्रभारी अमन के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है, वहीं, आउटसोर्स कर्मचारी गौरव सती की सेवा समाप्ति की संस्तुति की गई है और उच्चाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। डीएसएम ने यह भी बताया कि मामले में कालाढूंगी पुलिस को तहरीर सौंपी जा चुकी है ताकि आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### बायो इन्फॉर्मेटिक्स विषय पर दो दिनी कार्यशाला शुरू

**नैनीताल, अमृत विचार :** डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज शोध एवं विकास सेल की ओर से शुक्रवार से दो दिनी वर्चुअल वर्कशॉप हुई। 'इंट्रोडक्शन टू बायो इन्फॉर्मेटिक्स बायोलॉजिकल सीक्वेंस टू स्ट्रक्चर विषय पर हुई कार्यशाला में गार्गी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. संगीता भाटिया ने कहा कि कार्यशाला शोध और नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा देती है। जो समय की आवश्यकता है। प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि बायोइंफॉर्मेटिक्स अब प्लांट साइंसेज का अहम भाग हो चुका है। कार्यशाला में 64 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। पहले तकनीकी सत्र में डॉ. प्रीति अग्रवाल ने डिकोडिंग पर व्याख्यान दिया ।दूसरे सत्र में डॉ. एस हमसा ने ब्लास्ट द्वारा अनुक्रम विश्लेषण और प्रोटीन मॉडलिंग का अभ्यास कराया। कार्यशाला के अंत में हैंड्स-ऑन सत्रों पर आधारित असाइनमेंट प्रतिभागियों को दिए गए।

## टोल मांगने पर कर्मी से मारपीट, हुआ बवाल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** तल्लीताल क्षेत्र में टोल शुल्क मांगने पर जिला पंचायत सदस्य पद के एक उम्मीदवार के समर्थकों ने टोल कर्मियों को पीट दिया। मारपीट के बाद पालिका कर्मियों ने टोल चुंगी में बैरिकेड्स लगा दिए।

जिसके बाद बीच सड़क हंगामा हुआ तो पुलिस दोनों पक्षों के कई लोगों को थाने ले गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य के कई उम्मीदवार जिला पंचायत कार्यालय में नामांकन के लिए पहुंचे थे। उस दौरान कई गाड़ियों ने उनके समर्थक भी नैनीताल पहुंचे। इधर एक उम्मीदवार के समर्थकों से टोल शुल्क मांगने पर समर्थकों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के बाद पालिका कर्मियों ने टोल पर बैरिकेड्स लगाकर वाहनो को आगे नहीं जाने दिया। मामला जब पालिका के अन्य कर्मचारियों तक पहुंचा तो मामला बिगड़ गया। जिसके बाद मारपीट करने वाले युवकों को बचने के लिए एक होटल में छिपना पड़ा। मॉलरोड में हंगामे के बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को वहां से हटाया और दोनों पक्षों को थाने ले गए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से वार्ता की जा रही है।

## पूर्व क्रिकेटर मदन लाल पहुंचे कॉर्बेट पार्क



रामनगर में पूर्व क्रिकेटर मदन लाल का अभिनन्दन करते कोतवाल।

**रामनगरः**1983 क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता और भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल शर्मा उत्तराखंड दौरे पर पत्नी के साथ रामनगर पहुंचे, उन्होंने कॉर्बेट नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य की तारीफों की। उन्होंने कहा उनकी लंबे समय से कॉर्बेट आने की इच्छा थी। इससे पूर्व कोतवाल अरुण सैनी ने उनका बुके देकर स्वागत किया।

मदन लाल ने 1974 से 1987 तक भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1983 वर्ल्ड कप के ऐतिहासिक फाइनल में डेसमंड हायन्स, विवियन रिचर्ड्स और लैरी गोम्स जैसे दिग्गजों को आउट कर भारत की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्थानीय युवाओं से कहा कि क्रिकेट हो या कोई भी खेल उसमें सफल होने के लिए तीन चीजें बेहद जरूरी हैं पहला एक अच्छा कोच जो सही मार्गदर्शन दे सके, दूसरा कड़ी और सुनियोजित ट्रेनिंग और तीसरा लगातार बेहतरीन प्रदर्शन, जब आपकी परफॉर्मेंस मजबूत होती है तो दुनिया खुद आपको पहचानने लगती है। कोच, मैनेजर और सिलेक्टर हमेशा टैलेंट की तलाश में रहते हैं, लेकिन परफॉर्मेंस ही किस्मत बदलती है। वर्ल्ड कप की यादें साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय की जीत बेहद चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन इस ऐतिहासिक जीत ने पूरे देश में क्रिकेट के प्रति एक नई ऊर्जा भर दी।

### रविवार को तुलसी रोपण पर्व व देवशयनी एकादशी के साथ शुरू होगा चातुर्मास, सभी मांगलिक कार्यों पर रोक

# कल से पाताल लोक में निद्रा में चले जाएंगे श्री हरि विष्णु

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देव शयनी एकादशी एवं तुलसी रोपण पर्व कल (रविवार) होगा। इसी के साथ ही श्री हरि विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे और चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा।

ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह की योग निद्रा में चले जाते हैं। चार माह तक प्रकृति का संचालन श्री महादेव करते हैं। चातुर्मास में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। देवशयनी एकादशी को तुलसी पौधा रोपने के साथ पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष देवशयनी एकादशी तिथि पर रवि योग, त्रिपुष्कर योग, साध्य जैसे शुभ योग होने से यह पर्व अति शुभ फलदायी होगा। वहीं, इस वर्ष तुलसी रोपण रविवार को है जिसकी वजह से आमजन में तुलसी रोपण को भ्रम की स्थिति है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म ग्रंथ में रविवार को तुलसी को स्पर्श, रोपण तथा जल इत्यादि के वर्जित होने का उल्लेख नहीं है, सिर्फ तुलसी तोड़ना वर्जित है।

- **रविवार को देवशयनी एकादशी पर रवि, त्रिपुष्कर समेत कई योग इस एकादशी को भक्तों के लिए बना रहे शुभ फलदायी**


ज्योतिषाचार्या डॉ. मंजू जोशी।

**यह है मान्यता**

वामन पुराण के अनुसार श्री हरि विष्णु ने वामन अवतार धारण किया और राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गए। वामन अवतार में भगवान ने राजा बलि से तीन पग भूमि मांग ली। पहले पग में पृथ्वी व दूसरे में आकाश और तीसरा पग बलि के सिर पर रखा। विष्णु भगवान बलि के दान-धर्म से बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने राजा बलि से वरदान मांगने को कहा तो बलि ने उनसे पाताल में बसने का वर मांग लिया। बलि की इच्छा पूर्ति के लिए भगवान विष्णु पाताल लोक चले गए। भगवान विष्णु के पाताल जाने के उपरांत सभी देवतागण और माता लक्ष्मी चिंतित हो गए। भगवान विष्णु को वापस लाने के लिए माता लक्ष्मी गरीब स्त्री बनकर राजा बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांध दी। बदले में भगवान विष्णु को पाताल लोक से वापस लाने का वचन ले लिया। पाताल से विदा लेते समय भगवान विष्णु ने राजा बलि को वरदान दिया कि वह आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक पाताल लोक में वास करेंगे। पाताल लोक में उनके रहने की इस अवधि को ही चातुर मास कहा जाता है।

**महाप्रसाद जननी सर्व सौभाग्यवर्धिनी**

**हल्द्वानी :** तुलसी की पूजा करते समय महाप्रसाद जननी सर्व सौभाग्यवर्धिनी आधि व्याधि हरा नित्यं तुलसी त्वं नमोस्तुते का उच्चारण करना चाहिए। देवी तुलसी को सुहाग का सामान अर्पित करें, घी के दीपक जलाएं और चातुर्मास पूर्ण होने तक देवी तुलसी की प्रतिदिन आरती करें। डॉ. जोशी के अनुसार, शुभ मुहूर्त 5 जुलाई की शाम 7:01 से 6 जुलाई की रात्रि 9:17 तक है। व्रत परायण 7 जुलाई की सुबह 5:29 से 8:16 तक कर सकते हैं।

# चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने रामगढ़ व धारी ब्लॉक में पंचायत चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इनमें जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, भीमताल विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट(रज्जी) व देवेंद्र चुनौतिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को मजबूती से चुनाव लड़ने के लिये कहा। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल व भीमताल विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल होगा, जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है, जनता भाजपा को सबक सिखाने को तैयार बैठी है, कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को संगठन हर तरह से मदद करेगा। जिला स्तर पर बनाई गई कोर कमेटी पूरे चुनाव पर पैनी नजर बनाए बनाए हुए है। कांग्रेस जिला पंचायत से लेकर सभी चुनावों को निश्चित जीतने जा रही है। भीमताल के पालिका अध्यक्ष देवेंद्र चनौतियां, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह बरगली व धारी ब्लॉक प्रभारी भुवन दर्मवाल ने कहा कि है चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों से जनता खुद परिवर्तन की बात कह रही है, भाजपा की जन विरोधी नीतियों से युवा, मातृशक्ति विशेष रूप परेशान है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रकाश पाठक, गणेश आर्या, पुष्कर नयाल, दीवान सिंह बिष्ट, लीला बिष्ट, प्रेम पथिक, चंदन सिंह बिष्ट, कैलाश सिंह, मोहन बिष्ट, गंगा बिष्ट, पूरन बिष्ट, संजय कुमार, आदि मौजूद रहे।


रामगढ़ में कांग्रेस की बैठक के दौरान मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# निवर्तमान जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया ने किया नामांकन

### नामांकन का अंतिम दिन आज, शुक्रवार को हल्द्वानी में ग्राम प्रधान के हुए 99 नामांकन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तैयारी में दिख रही है। शुक्रवार को निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन किया। साथ ही निर्वतमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिहं दर्मवाल की पत्नी दीपा दरम्वाल ने भी पर्चा भर दिया है। इस दौरान विधायक लालकुआं डॉ. मोहन सिंह बिष्ट समेत कई भाजपाई मौजूद थे।

नैनीताल में जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन हो रहे हैं। बेला तोलिया निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। उनके पति प्रमोद तोलिया भी वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। बेला ने हल्द्वानी से सटी रामड़ी आन सिंह पनियाली जिला पंचायत सदस्य सीट से नामांकन किया है।

इसके अलावा जिला पंचायत उपाध्यक्ष का पद निर्वहन कर चुके आनंद सिंह दरम्वाल के पत्नी दीपा दरम्वाल चुनाव मैदान में हैं। वह देवलचौड़ बंदोबस्ती से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहीं हैं। दोनों ने ही एक साथ नामांकन किया है। लालकुआं विधायक मोहन बिष्ट के अलावा नैनीताल विधायक सरिता आर्या भी मौजूद रहीं। इधर हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय में शुक्रवार को भी प्रत्याशियों के नामांकन जारी रहे। शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन है, उससे पहले भी कई लोग नामांकन कराने पहुंचे। ब्लॉक कार्यालय हल्द्वानी से जानकारी मिली कि ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए 67 ने नामांकन किया है। ग्राम प्रधान पद के लिए 99 प्रत्याशी नामांकन कराने पहुंचे हैं। साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए कुल 82 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।


जिला पंचायत के लिए आवेदन करतीं बेला तोलिया व दीपा दरम्वाल। ● अमृत विचार

**भाजपा ने नियुक्त किए वार्ड प्रभारी**

**हल्द्वानी :** भाजपा ने जिपं चुनाव के लिए वार्ड प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि ओखलकांडा मल्ला में प्रकाश आर्य, ढोली गांव में खीमानंद शर्मा, दीनीतल्ली में कृपा मेहरा, सरना में प्रदीप बिष्ट, गहना में राकेश कपिल, दाडिमा में देवेंद्र बिष्ट, चौखुटा में कुंदन चिलवाल, सिमलखों में सोबन बिष्ट, सावल्दे पश्चिमी सत्यप्रकाश शर्मा, मालधन चौड़ मनीष अग्रवाल, गैबुआ भगवान तिवारी, तालिया में आनंद बिष्ट, चिल्किया में वीरेंद्र रावत, गुलजारपुरबंकी में महेंद्र दिगारी, चोरगलिया में संजय खाती, देवलचौड़ बंदोबस्ती में हेमंत बिष्ट, रामड़ी आन सिंह प्रताप बोरा, जंगलिया गांव पंकज जोशी, मेहरा गांव नितिन राणा, ज्योलीकोट पुष्कर जोशी, अमृतपुर दिनेश खुल्बे, भवाली गांव में अरविंद पडियार को वार्ड प्रभारी बनाया गया है।

**सोशल मीडिया वार रोकने को शुरू की निगरानी**

**हल्द्वानी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने 20 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं जबकि इन सीटों पर ही कइयों की दावेदारी थी। इनमें दो से तीन सीटों पर टिकट को लेकर घमासान मचा था। उम्मीदवारों की घोषणा होने के बाद टिकट नहीं मिलने की नाराजगी सोशल मीडिया पर जाहिर हो रही है। दावेदार, समर्थक सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। एक दूसरे पर तंज कसे जा रहे हैं। सोशल मीडिया की वार की शिकायतें हाईकमान तक पहुंच रही हैं। इसके बाद संगठन ने सोशल मीडिया की निगरानी का फैसला लिया है। एक विशेष टीम बनाई जा रही है जो सोशल मीडिया की निगरानी करेगी। संगठन की ओर से सख्त हिदायत है कि किसी भी तरह से सोशल मीडिया पर कमेंटबाजी नहीं करनी है। इसके अलावा भाजपा पदाधिकारियों की टीम शनिवार से नाराज दावेदारों से वार्ता भी करेगी। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की बयानबाजी बर्दाश्त नहीं होगी। सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। इसी के साथ ही टिकट नहीं मिलने से नाराज दावेदारों से वार्ता भी की जाएगी।

# विमला बेला को व किरन देंगी दीपा को चुनौती

संवाददाता, हल्द्वानी

- **कांग्रेस ने आठ पदों पर जिला पंचायत सदस्यों को दिया समर्थन**

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले की कुल 24 जिला पंचायत सदस्य सीटों के लिए कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवारों को समर्थन दे दिया है। कुल आठ सीटों पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। बाकी सीटों पर कांग्रेस चाह रही है कि कांग्रेस पृष्ठभूमि का एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़े।

रामड़ी आनसिंह जिला पंचायत सीट से भाजपा की बेला तोलिया चुनाव लड़ रही हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने विमला तरागी को मैदान में उतारा है। देवलचौड़ बंदोबस्ती से दीपा दर्मवाल के खिलाफ कांग्रेस ने किरन नेगी को अपना समर्थन दिया है। इसके अलावा ढोलीगांव से मदन बोरा, तलिया से हेम नैनवाल, स्वालदे से आशा आर्य, चिलकिया से योगिता गोस्वामी, मालधन से मीरा और मेहरागांव से जीशांत कुमार शिंकू को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि इन आठ सीटों पर कांग्रेस ने खुलकर अपने प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। हमारी कोशिश है कि बाकी की 17 जिला पंचायत सीटों पर कांग्रेस पृष्ठभूमि का एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़े। इसके लिए प्रत्याशियों से बात की जा रही है।


रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्र का जमा करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

**कोटाबाग में 167 ने किया नामांकन**

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कोटाबाग ब्लॉक में शुक्रवार को प्रत्याशियों ने 167 नामांकन पत्र जमा तो वहीं 145 नामांकन पत्र बिके। मुख्यालय में दिन में हुयी बारिश के बीच भी प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र खरीदने व जमा करने के लिए डटे रहे। रिटर्निंग आफिसर मनोज गंगवार ने बताया कि आज 167 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा किये व 145 नामांक पत्र बिके हैं। टोटल 266 नामांकन पत्र जमा हो चुके हैं। जिसमें न्याय पंचायत बैलपडाव 6 वार्ड मेंबर, 19 ग्राम प्रधार व 12 क्षेत्रपं, गिन्तीगांव में 15 वार्ड मेंबर, 13 ग्राम प्रधान व 7 क्षेपंस, स्यात में 3 वार्ड मेंबर, 8 ग्राम प्रधान व 4 क्षेपंस, डोला से 7 वार्ड मेंबर, 12 ग्राम प्रधान व 10 क्षेपंस, अमगडी से 11ग्राम प्रधान व 2 क्षेपंस व का कालाढूंगी से 9 वार्ड मेंबर, 23 ग्राम प्रधान तो 6 क्षेपंस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किये हैं। इस दौरान बीडीओ श्वेता सैनी, नोडल अधिकारी रेखा कोहली व कर्मचारी मौजूद रहे।

**अलग अलग तरीके अपनाए नामांकन के लिए**

**भीमताल, अमृत विचार :** वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की गहमागहमी जारी है पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत सदस्य नामांकन के लिए नए नए तरीके अपना रहे हैं ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के प्रधान पद के लिए निवर्तमान ग्राम प्रधान राधा कुल्याल के द्वारा कुमाऊंनी परिधान रंगौली पिछोडी ओड कर शालीनता से नामांकन पत्र विकासखंड कार्यालय में दाखिल किया इस अवसर पर उनके साथ प्रस्तावक तथा अन्य लोग उपस्थित थे। राधा कुलियाल का मानना है कि लोगों के बीच रहने के साथ साथ लोक संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी है।


राधा कुलियाल प्रस्तावक के साथ।


पौधरोपण करते पूर्व रेंजर मदन बिष्ट। ● अमृत विचार

**पाल कॉलेज में औषधीय, छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए**

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अनमोल संकल्प सिद्धी फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को पाल कॉलेज में औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कासनी मैन के नाम से विख्यात पूर्व रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने विभिन्न पौधों के औषधीय गुण एवं जैव विविधता में महत्व के बारे में बताया। वहीं, फाउंडेशन की सभी सदस्याओं ने पूर्वजों के नाम पर एक-एक पौधा रोपा। इस दौरान चेयरपर्सन कामिनी पाल, फाउंडेशन अध्यक्ष सुचित्रा जायसवाल, अरुणा टंडन, सुनीता जोशी, सुमन पाठक, नीतू सनवाल, तरनजीत कौर, कुसुम दिगारी, डॉ. साक्षी पांडे, डॉ. किरण सती, नरेंद्र सिंह, डॉ. संदीप, डॉ. सुवो चट्टोपाध्याय मौजूद रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी के युवाओं ने ली उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक शुक्रवार को मुखानी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हरीश जोशी ने की। बैठक के दौरान हिंदू युवा वाहिनी से जुड़े कई युवाओं ने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की।

यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह ने जीवन सिंह बिष्ट को केंद्रीय संगठन मंत्री नियुक्त करने की घोषणा की। इस मौके पर केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि यूकेडी वह दल है जो राज्यहित में काम करता है। यूकेडी के वरिष्ठ नेता दिनेश भट्ट ने सदस्यता अभियान को गांव-गांव और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने की अपील की, जिससे संगठन को मजबूत किया जा सके। पार्षद रवि वाल्मीकि ने कहा कि अब समय आ गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यूकेडी को सड़कों पर उतरना होगा।

इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवन सिंह बिष्ट, अजय सिंह बर्फीला, प्रमोद सती, विक्की, मयंक, तारा सिंह, दिनेश सिंह, पारस भंडारी, प्रियांशु जग्गी, रक्षित कांडपाल, देवेंद्र, सोनू गंगवार, विजय आर्य, धनु, भुवन सिंह समेत दर्जनों युवाओं ने यूकेडी में शामिल होकर एकजुटता के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। सुशील उनियाल ने सभी नए साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अब समय है कि उक्रांद को फिर से जनता की पार्टी बनाकर सत्ता में लाया जाए और उत्तराखंड को सही दिशा दी जाए।


यूकेडी की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## आरुष पांडे का स्पोर्ट्स कॉलेज टिहरी में चयन



**हल्द्वानी, अमृत विचार:** ऑर्डन प्रोगेसिव स्कूल, लामाचौड़ के कक्षा 9 के छात्र आरुष पांडे का चयन नरेंद्र नगर टिहरी, गढ़वाल स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए हुआ है। इस वर्ष राज्य से कुल 6 बच्चों का चयन स्पोर्ट्स कॉलेज में हुआ है, जिनमें आरुष भी हैं। यह स्पोर्ट्स कॉलेज सिर्फ क्रिकेट के लिए बनाया गया है। आरुष ने अपने कठिन परिश्रम और अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय ट्रस्टी, प्रधानाचार्य एवं अन्य स्टाफ ने आरुष को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य एवं क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन की कामना की है। वहीं, परिजनों में भी खुशी का माहौल है।


चोरगलिया में जनसंपर्क करतीं अनीता बेलवाल। ● अमृत विचार

**अनीता बेलवाल चोरगलिया से बनीं उम्मीदवार**

**चोरगलिया, अमृत विचार :** जिला पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा ने 19 आमखेड़ा चोरगलिया सीट से अनीता बेलवाल को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल की पत्नी और निवर्तमान बीडीसी सदस्य अनीता बेलवाल को टिकट मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वह लंबे समय से क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहीं थीं और जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ देखी जा रही है। अनीता बेलवाल ने टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद अजय भट्ट, विधायक श्री मोहन बिष्ट और भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता का जो विश्वास उन्हें मिल रहा है, वह उसी विश्वास के साथ क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगी। उन्होंने कहा कि वह दोगुने उत्साह के साथ जनता के बीच जा रही हैं। चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुकेश बेलवाल ने भी संगठन का धन्यवाद देते हुए कहा कि वह लम्बे समय से सामाजिक जीवन में सक्रिय हैं और क्षेत्र की समस्याओं को लगातार उचित मंच पर उठाते आए हैं।

**खबर का असर** — अमृत विचार की पड़ताल लाई रंग, यूओयू सड़क पर लगने शुरू हुए क्रैश बैरियर, पूर्व में नहीं थे सुरक्षा के कोई इंतजाम

# जागा तंत्र, नहर किनारे सड़क पर बैरियर लगाना शुरू


यूओयू से तीनपानी वाली रोड पर लगाए गए क्रैश बैरियर। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर की नहर किनारे खतरनाक सड़कों पर अमृत विचार की पड़ताल का असर अब साफ दिखने लगा है। बीते बुधवार को अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया और शनिवार को स्वयं जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर हालात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के अगले ही दिन यूओयू से तीनपानी जाने वाली सड़क पर क्रैश बैरियर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

गौरतलब है कि 25 जून को फायर स्टेशन के पास हुए भीषण हादसे में एक नवजात सहित चार लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद भी कई नहर किनारे सड़कों पर सुरक्षा इंतजाम न होने की हकीकत अमृत विचार ने उजागर की थी।

रिपोर्ट में न सिर्फ खतरनाक सड़कों की सटीक पड़ताल की गई, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल भी पूछे गए थे शुक्रवार से ही यूओयू वाली सड़क पर क्रैश बैरियर लगने शुरू हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने अमृत विचार की इस मुहिम को सराहा है। यूओयू मार्ग पर शुरुआत अच्छी है, लेकिन अब ज़रूरत है कि सुशीला तिवारी मार्ग, टीपीनगर वाली सड़क और मंडी फायर स्टेशन के पास भी सुरक्षा कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में कोई और जानलेवा हादसा न हो।

**बोले अधिकारी**

"खतरे वाले स्थानों की पहचान कर वहां अधिक से अधिक सुरक्षा कार्य किए जा रहे हैं। यूओयू वाली सड़क पर क्रैश बैरियर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और बाकी स्थानों पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। मानसून को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करवाए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में हादसों को टाला जा सके।

**-प्रत्यूष कुमार, अधिशासी अभियंता**
लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी

# एसटीएच में डॉक्टरों में नहीं है तालमेल, मरीज हो रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

- **गंभीर मरीजों के उपचार में हो रही परेशानी**
- **प्राचार्य ने सभी विभागध्यक्षों को भेजा नोटिस**

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में डॉक्टरों में आपसी तालमेल की कमी होने का मामला सामने आया है। इस वजह से मरीजों को उपचार में परेशान हो रही है। यह शिकायत जब प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी तक पहुंची उन्होंने सभी विभागों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा है।

अस्पताल में गंभीर मरीज जिन्हें विभिन्न डॉक्टरों के परामर्श की आवश्यकता होती है उन्हें इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। इनमें से कई मरीजों को एक से अधिक बीमारियां, जैसे किडनी, न्यूरो या छाती से संबंधित समस्याएं होती हैं। नियम के अनुसार जिस वार्ड में मरीज भर्ती है, उस वार्ड के डॉक्टर का काम है कि वह मरीज को अन्य बीमारियों के डॉक्टर की ओपीडी में लेकर जाए या उनको परामर्श के लिए वार्ड में बुला लाएं। मेडिकल की भाषा में इसे इंटर डिपार्टमेंटल रिपरेंस टेरिटरी केयर हॉस्पिटल कहते हैं। शिकायत है कि कुछ वार्डों के डॉक्टर इस काम को ठीक से नहीं कर रहे हैं। इस वजह से मरीज को ठीक उपचार नहीं मिल रहा है और वह परेशान हो रहे हैं। भर्ती मरीज को दूसरे विभाग के डॉक्टर को देखना है तो जूनियर डॉक्टर रिफरेंस लेटर भेज रहे हैं। लेटर में मरीज के बारे में पूरा विवरण नहीं होता है। इधर, प्राचार्य ने जारी पत्र में एचओडी को लिखा है कि रिफरेंस सीनियर डॉक्टर द्वारा भेजा जाए और मरीज को देखने के लिए कम से कम सीनियर रेजिडेंट (एसआर) स्तर या पीजी जेआर तृतीय ही आए। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि इस मामले में लापरवाही देखने को मिली है। इस लिए सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है।

## एक नजर

### नाबालिग लापता, युवक पर लगाया आरोप

बाजपुर : घर से निकली 14 वर्षीय नाबालिग लापता हो गई। बेटी को अपने साथ ले जाने का शक एक युवक पर जताते हुए पिता ने कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग बेटी तीन जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे घर पर अपने भाइया और भाभी को यह कहकर निकली कि वह दूसरे घर पर जा रही है, लेकिन वह न तो दूसरे घर पर पहुंची और न ही अपने घर वापस आई। उन्हें शक है कि उनकी पुत्री एक युवक के साथ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### रायल्टी के पैसे नहीं देने का लगाया आरोप

बाजपुर : खेत स्वामी ने खनन कर्ता पर रायल्टी के 35 हजार रुपये नहीं देने का आरोप लगाकर पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आर्यनगर निवासी रामकिशोर पुत्र नारायण सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका खेत कोसी नदी के बख्शी गेट सुल्तानपुर में स्थित है। जिसमें रामकिशोर के नाम से रायल्टी आवंटित थी। मोहल्ले के ही एक युवक (खनन कर्ता) ने खेत से रेता खरीदा था। पड़ोसी होने के नाते रायल्टी के 35 हजार रुपये उधार कर लिए थे। आरोप है कि पिछले तीन वर्ष से आरोपित ने अभी तक रायल्टी के पैसे नहीं दिए हैं और मांगने पर गाली-गलौज व अभद्रता कर रहा है। शुक्रवार को आरोपित से पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगा।

### वारंटी घर से गिरफ्तार

बाजपुर : एसएसपी के दिशा-निर्देश पर वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को बरहैनी चौकी की पुलिस टीम ने फरार चल रहे वारंटी ग्राम नगदपुरी निवासी नरेश सिंह पुत्र रोशन सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया है। उसे संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

### सूचना

मैं अपने पुत्र पुष्पेंद्र पुत्र चंद्रपाल सिंह को गलत संगत में पड़ने और मेरे व मेरे पति के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने के चलते अपने पति की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं। उसके द्वारा किसी भी कृत्य और देनदारी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके कृत्य के लिए मेरे पति और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **संतोष कुमारी पत्नी चंद्रपाल सिंह निवासी राजीवनगर, खटीमा, उधमसिंह नगर।**

# निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराएं नामांकन प्रक्रिया: जिलाधिकारी

## डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने ब्लॉक कार्यालय में नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

समीक्षा की

संवाददाता, सितारगंज



नामांकन स्थल का निरीक्षण कर आरओ, एआरओ से चर्चा करते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने विकासखंड कार्यालय सितारगंज स्थित नामांकन स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर चुनावी तैयारियों की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) संजय कुमार छिमवाल और सहायक आरओ से नामांकन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों की जांच प्रक्रिया और समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नामांकन फार्म के साथ संलग्न किए जाने वाले सभी आवश्यक दस्तावेजों, शपथ पत्रों आदि की जांच पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ की जाए। जिससे बाद में किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आरओ और एआरओ किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना पूरी निष्ठा और निर्भीकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। यदि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो संबंधित अधिकारी तुरंत उप जिलाधिकारी या जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम को सूचित करें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। इस दौरान उप जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार जुवाटा, आरओ संजय कुमार छिमवाल एवं एआरओ सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

### पारदर्शिता से नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित कराएं

खटीमा : जिलाधिकारी और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने विकासखंड कार्यालय परिसर में नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव अधिकारी से विभिन्न जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी भदौरिया ने आरओ व एआरओ से नामांकन व्यवस्थाओं और चल रही प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांकन स्थल पर ऐसी व्यवस्था बनाएं, ताकि प्रत्याशी आसानी व सुगमता से अपना नामांकन करा सकें। उन्होंने कहा कि नामांकन में सावधानी बरतें और प्रत्याशी द्वारा नामांकन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज, शपथ पत्र आदि संलग्न है कि नहीं जांच कर लें। उन्होंने पारदर्शिता से नामांकन कार्य सुनिश्चित कराने को कहा। यदि किसी प्रकार की परेशानी आती है तो तत्काल उप जिलाधिकारी, निर्वाचन कंट्रोल रूम को अवगत कराएं। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी आनंद सिंह नेगी और एआरओ मौजूद रहे।

## धीमरी सेतु में मिले शव की हुई शिनाख्त

**दिनेशपुर :** मटकोटा-दिनेशपुर मार्ग के मध्य नेतानगर के पास धीमरी सेतु में दो दिन पूर्व मिले शव की शिनाख्त दिनेश सिंह पपोला (28) पुत्र स्व. गोविंद सिंह पपोला निवासी ग्राम खटोला नंबर-एक दिनेशपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

शुक्रवार को मृतक दिनेश सिंह पपोला के छोटे भाई कमल सिंह पपोला ने शव की शिनाख्त की। कमल सिंह पपोला ने बताया कि उसका बड़ा भाई दिनेश सिंह पपोला मानसिक रूप से पीड़ित था। अक्सर बिना बताएं घर से चला जाता था। कुछ दिन बाद लौट आता था। वह 30 जून को बिना बताएं घर से चला गया था। उसके न लौटने पर समाचार पत्रों में छपे अज्ञात शव मिलने की सूचना पर उन्होंने रुद्रपुर मोर्चरी में जाकर शव की शिनाख्त बड़े भाई दिनेश सिंह पपोला के रूप में की। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया। मृतक दिनेश सिंह पपोला की अंत्येष्टि नगर के मोक्ष धाम पर की गई। इस मौके पर पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कै. सुरेन्द्र सिंह पानू, पूर्व छात्र नेता ललित सिंह मेहरा, कै. खुशाल सिंह मेहता, प्रकाश पाठक, महेंद्र सिंह मेहरा, त्रिलोक सिंह खड़ायत, राजेंद्र सिंह पानू आदि मौजूद थे।

# 25 सीटों पर समर्थित प्रत्याशी घोषित किए

- कांग्रेस ने जिला पंचायत सदस्य के लिए जारी की सूची
- ऊधमसिंह नगर में जिला पंचायत की हैं 35 सीटें

संवाददाता, रुद्रपुर




**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा के बाद कांग्रेस ने भी ऊधमसिंह नगर में समर्थित प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने जिला पंचायत सदस्य की 35 सीटों में से 25 सीटों पर नामों की घोषणा कर दी है, जबकि आठ सीटों को ओपन चुनाव लड़ने के लिए छोड़ दिया है। इसके बाद पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने सूची जारी की है। जिसमें बिसरबाग से हीरा मुडेला, पहेनिया से सोनी राणा, प्रतापपुर से रोशन सिंह, मझोला से निर्भय शंकर यादव, नगला से कमान सिंह, गोविंदनगर से मीना देवी, सरकड़ा से विभुति प्रसाद, कुरैया से सुनीता सिंह, दोपहरिया से गुरदास कालड़ा, प्रतापपुर से प्रेम प्रकाश, भंगा से बुशरा मलिक, खटोला से दीपा सिंह, बरीराई से बबीता देवराड़ी, खेमपुर से बलराज सिंह, गदरपुर से सरोज रानी, खानपुर से विमुकाशील के नामों की घोषणा की है। इसके अलावा रतनपुर से मोहम्मद फुरकान, टांडा आजम से जितेंद्र शर्मा, भीकमपुर से सीमा कौर, हरसाना से दया किशोर जोशी, बांसखेड़ा खुर्द से चंद्रवती गौतम, ढकिया कला से मनीषा, पतरामपुर से रजनी देवी, राजपुर से नदीम अहमद, वैजपुरी से विजय पाल सिंह शामिल हैं।

### आठ सीटों को रखा ओपन

रुद्रपुर : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने जिला पंचायत सदस्य की आठ सीटों पर ओपन चुनाव कराने का निर्णय लिया है। जिसमें गोगी, डोहरा, नकुलिया, बिडौरा, ऐचला, नारायणपुर, सरबरखेड़ा, गुरुग्राम शामिल है।

# विधायक चीमा ने तीन लाभांवितों को दिए चेक



काशीपुर में लाभांवितों को चेक वितरित करते विधायक त्रिलोक सिंह चीमा।

**काशीपुर:** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त 30000 रुपये के तीन चेक का वितरण किया।

विधायक ने बताया कि इन लाभांवितों में बांसफोड़ान निवासी हामिद हुसैन को 10 हजार, कविनगर निवासी राजेंद्र सिंह को 10 हजार, लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी सायरा बेगम को 10 हजार के चेक उनकी पुत्रियों की शादी मद में दिए गए हैं। विधायक चीमा ने कहा कि जरूरतमंद परिवार को आर्थिक तंगी के समय जो भी राशि मिल जाए, उससे उनको थोड़ा सहारा जरूर मिलता है। ऐसे लोगों को सरकार के स्तर से मिलने वाली हरसंभव सहायता दिलाए जाने के लिए उनका प्रयास जारी रहेगा।

# दिव्यांगों के लिए मतदान की व्यवस्था करें सुलभ

- दिव्यांग मतदाताओं की पहचान आदि की कार्ययोजना तैयार करें
- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के दिशा-निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी, सुविधा, सुरक्षा एवं सुगमता तय करने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन (डीएमसीएई) की बैठक ली।

शुक्रवार को बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने समिति के सभी सदस्यों से विधानसभा वार दिव्यांग मतदाताओं की पहचान, उनके डेटा के संकलन, सुविधायुक्त मतदान केंद्रों की व्यवस्था, परिवहन की सुविधा और जन-जागरुकता के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर सुलभ सुविधा की जाए। साथ ही जिन दिव्यांग व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनका पहचान के आधार पर पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुगम मतदान के लिए उचित वातावरण और निर्वाचन प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाए। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई मतदाता छूटे नहीं, विशेषकर दिव्यांगजनों को सुलभ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक मतदान अनुभव प्रदान किया जा सके।

### जनपद में 12,329 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत

रुद्रपुर : सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 12329 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें नेत्रहीन, मूक-बधिर, चलन-अक्षम एवं अन्य प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिले में कुल 13,66,574 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 7,08,411 महिलाएं, 6,58,125 पुरुष और 38 थर्ड जेंडर मतदाता सम्मिलित हैं।

### ये रहे मौजूद

महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, सहायक नगर आयुक्त रणदीप, अधीक्षण अभियंता लोनिवि विनोद संवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, एसएमओ डॉ. एमके जायसवाल आदि उपस्थित थे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# विद्यालयों को मर्ज करने का निर्णय शिक्षा विरोधी: आर्य

संवाददाता, बाजपुर



**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में विद्यालयों को मर्ज अथवा बंद करने का निर्णय शिक्षा विरोधी है। साथ ही यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21ए, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और नीति-निर्देशक तत्वों के अनुच्छेद 46 व सामाजिक न्याय की मूलभावना की स्पष्ट अवहेलना है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में क्लस्टर स्कूल की अवधारणा को स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों के समुचित उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित किया गया है, लेकिन इसके अंतर्गत कहीं भी स्कूलों के विलय-समायोजन या बंद करने का कोई प्रावधान नहीं है। सरकार का निर्णय, जिसमें कहा गया है कि छोटे विद्यालयों को, जहां छात्र संख्या कम है, उन्हें पास के बड़े विद्यालयों में मर्ज कर दिया जाए। इस आदेश में शैक्षिक गुणवत्ता, संसाधनों का समुचित उपयोग जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। अनुच्छेद 21ए सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष की आयु में निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, जिसे आरटीई एक्ट-2009 की धारा 6 में स्पष्ट किया गया है कि हर बस्ती के पास स्कूल होना राज्य की जिम्मेदारी है। इस योजना से बड़ी संख्या में विद्यालय बंद हो जाएंगे।

# चुनाव: डायरेक्टर बने आरिफ मलिक

संवाददाता, सितारगंज



डायरेक्टर आरिफ मलिक को प्रमाण-पत्र देते निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गन्ना विकास समिति सितारगंज के नंबर 7 पर डायरेक्टर पद के लिए हुए चुनाव में आरिफ मलिक ने प्रतिद्वंदी जगमोहन को कड़े मुकाबले में दो मतों से शिकस्त देकर जीत दर्ज की। आरिफ मलिक को कुल 6 वोट मिले, जबकि जगमोहन को 4 मतों से संतोष करना पड़ा। गन्ना समिति में कुल 11 डायरेक्टर चुने जाने थे, जिनमें से 10 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। केवल नकहा सीट पर ही मतदान की नौबत आई, जहां डेलिगेटों ने मतदान किया। परिणाम आने के बाद तहसीलदार हिमांशु जोशी ने समिति कार्यालय पहुंचकर विजयी प्रत्याशी आरिफ मलिक को प्रमाण-पत्र सौंपा। आरिफ की जीत के बाद उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दी गई। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन महासचिव एडवोकेट नेता योगेंद्र यादव, किसान नेता तौफीक अहमद उर्फ पप्पू खान, उपाध्यक्ष जसवंत जस्सा सिंह, रियाजुल हक मलिक, जिला महासचिव गुरु साहब सिंह, राशिद मलिक, मोहसिन खान, गयासुद्दीन रजा असलम मलिक अकरम मलिक, सेवेंद्र सिंह राम रतन, नमन रस्तोगी, जस्सा सिंह, पप्पू खान, मोहसिन खान आदि मौजूद रहे।

### तमंचा लहराना युवक को पड़ा महंगा

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में शादी पार्टी में तमंचा लहराकर डांस करना एक युवक को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। 3 जुलाई को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुई। जिसमें अर्धनग्न हालत में युवक तमंचा लहराते हुए डीजे पार्टी में डांस कर रहा है और बार-बार तमंचे को लोड करता हुआ दिखाई देता है। वीडियो वायरल होते ही थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी के आदेश पर दरोगा अकरम अहमद ने 4 जुलाई की सुबह तमंचा लहराकर डांस करने के आरोपी वार्ड-आठ शिवनगर निवासी जयदेव को एफसीआई गोदाम के समीप से 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया और आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

### 135 पाउच शराब के साथ युवक दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना पुलिस ने बाइक सवार युवक को देसी शराब की तस्करी करते पकड़ा है। उप निरीक्षक पवन जोशी, पुलिसकर्मी महेंद्र सिंह एवं दीपक बिष्ट ने फ्लाई ओवर के निकट वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एक बाइक सवार को पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम पता ग्राम नदेली, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी बबलू पुत्र नंदकिशोर बताया। बाइक पर रखे बैग की तलाशी के दौरान काशीपुर निर्मित देसी मसालेदार शराब मार्का कंपनी इंडिया के 200 मिलीग्राम के 135 पाउच बरामद कर कब्जे में लिए। आरोपी की बाइक भी सीज कर दी गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**आतंक** बछिया को बनाया शिकार, ग्रामीणों ने वन विभाग से की गांव में पिंजरा लगाने की मांग

# केशोवाला में गुलदार की दस्तक, दहशत

संवाददाता, बाजपुर



**अमृत विचार:** ग्राम केशोवाला में तेंदुआ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इस कारण ग्रामीण रातभर जागने को मजबूर हैं। वहीं, खेत में बछिया का अधखाया शव मिलने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

केशोवाला फार्म बाजपुर में जसविंदर सिंह विर्क के खेतों में गुरुवार की देर रात जुताई के दौरान तीन गुलदार देखे गए। इस खेत के नजदीक ही जसविंदर सिंह की दूध की डेयरी है। जिसमें एक बछिया का शिकार गुलदार ने कर लिया। शुक्रवार की सुबह खोजबीन करने पर खेतों में बछिया का क्षत-विक्षत शव मिला है, जोकि आधा खाया हुआ था।

वहीं, इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपने खेतों पर जाने से भी डर रहे हैं। उनका कहना है कि केशोवाला आबादी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार गुलदार देखने को मिल रहे हैं, जिनकी संख्या तीन बताई जा रही है। वह अब तक कई पालतु व आवारा कुत्तों को अपना शिकार बना चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

### बाघ व गुलदार पकड़ने को आज लगेगा पिंजरा

**खटीमा :** ग्राम दाह ढाकी में बाघ और गुलदार की लगातार आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरा लगाने का निर्णय लिया है। यह पिंजरा आज लगाया जाएगा। खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती ने बताया कि यहां बाघ और गुलदार की मौजूदगी लगातार देखी जा रही है। जिससे ग्रामीणों को खतरा है। बाघ व गुलदार को रेस्क्यू करने के लिए विभाग से अनुमति मिल गई है। जिसके तहत शनिवार को दाह ढाकी में पिंजरा लगाया जाएगा। विदित हो कि पिछले दो हफ्तों से दाह ढाकी, जादोपुर व सुनपहर आदि क्षेत्र में बाघ की लगातार दहशत बनी हुई है। जिसमें एक मजदूर बाघ का शिकार हो चुका है, जबकि कई जानवर भी बाघ के शिकार हो चुके हैं। किसान व मजदूर खेतों में जाने से कतराने लगे हैं। अब वन विभाग बाघ को पकड़ने की तैयारी में है।

## एक नजर

### काशीपुर में युवक से 4.15 ग्राम स्मैक बरामद

**काशीपुर :** कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा एसआई मनोज धौनी के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान काली बस्ती के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। पुलिस ने उसके कब्जे से 4.15 ग्राम स्मैक बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम फिरोज निवासी मोहल्ला अल्ली खां बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

### काम करने के दौरान दो को सांप ने डसा

**काशीपुर :** ग्राम बरखेड़ा पांडे निवासी अरविंद और काजीबाग निवासी शोएब को काम करते समय सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी है।

दो दिवसीय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार शाम लोहिया हेड हेलीपेड पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी, जनप्रतिनिधियों व जनता ने किया स्वागत

# खटीमा में मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं जनता की समस्याएं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष पूरे होने के बाद उनके यहां पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों और छोलिया नृत्य के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने उनके स्वागत में जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

मुख्यमंत्री धामी अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार शाम लोहिया हेड हेलीपेड पहुंचे। यहां काशीपुर मेयर दीपक बाली, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा आदि ने मुख्यमंत्री धामी को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंटकर फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान जनता और जनप्रतिनिधियों ने धामी सरकार के चार साल पूर्ण होने पर उन्हें बधाइयां दी। मुख्यमंत्री ने हेलीपेड पर जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। बाद में मुख्यमंत्री धामी लोहियाहेड स्थित अपने कैंप कार्यालय पहुंचे। यहां उनका ढोल नगाड़ों, छोलिया नृत्य और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। सीएम ने जनता से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर राम सिंह जेठी, भुवन भट्ट, एनएस रौतेला आदि रहे।


जनता की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार


खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वागत में छोलिया नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### युवक पर हमला कर की हवाई फायरिंग, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर :** तीन युवकों ने एक युवक पर हमला कर हवाई फायरिंग की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यूपी के ठाकुरद्वारा निवासी लक्ष्य सिंघल पुत्र संजय सिंघल कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें उन्होंने बताया कि बीते बृहस्पतिवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ रामनगर गया हुआ था। वहां से रात लगभग साढ़े दस बजे घर वापस लौट रहा था। जब वह स्टेडियम तिराहे के पास पहुंचा, इसी दौरान उसका पीछा कर रही एक कार में सवार अभिषेक रावत, कार्तिक नेगी समेत दो अन्य युवकों ने उस पर जानलेवा हमला करते हुए तीन राउंड फायरिंग की। हमलावर युवक लक्ष्य और उसके साथियों के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित युवक ने बताया कि उसकी इन आरोपियों से पुरानी रंजिश चल रही है। कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभिषेक रावत व कार्तिक नेगी व दो अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# 62.50 लाख का साइबर ठग तमिलनाडु से धरा

## साइबर क्राइम सेल ने की कार्रवाई, आरोपी सिविल इंजीनियर ने बना रखी थी फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट

शिकंजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 62.50 लाख की साइबर ठगी का मुख्य आरोपी सिविल इंजीनियर को साइबर क्राइम सेल ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट बनाकर युवकों को प्रेमजाल में फंसाकर साइबर ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

शुक्रवार को एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि नैनीताल जिले के एक युवक ने शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसने बताया था कि मेट्रीमोनियल साइट पर अनजान युवती का मैसेज मोबाइल पर आया। कुछ समय बाद युवती व्हाट्सएप एवं कॉलिंग से बातचीत करने लगी और खुद को कपड़ा व्यापारी बताने लगी। इसी दौरान युवती ने ऑफर दिया कि कम निवेश पर ज्यादा मुनाफे का व्यापार करते हैं, तो दोनों मिलकर जल्द ही बड़ा व्यापार कर सकते हैं। प्रलोभन देकर युवती ने योजनाबद्ध तरीके से 62.50 लाख की ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर दिया। जब मुनाफा देने का समय आया तो मोबाइल और संपर्क भी बंद कर दिया। प्रकरण की तफ्तीश एसटीएफ साइबर क्राइम थाना सेल को सौंपी गई। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए साइबर क्राइम सेल को पता चला कि युवती महज एक माध्यम है, जबकि साइबर ठगी का मुख्य साजिशकर्ता वेलमुरूगन निवासी जयनगर राकिया पल्लम पीरियूनालुर तिरुपुर तमिलनाडु का नाम सामने आया। जिसके आधार पर साइबर क्राइम सेल ने कोयम्बटूर तमिलनाडु पुलिस की मदद से दबिश देकर आरोपी वेलमुरूगन को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक सिविल इंजीनियर है और फर्जी मेट्रीमोनियल वेबसाइट से लोगों को फंसाता था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


साइबर ठगी के आरोपी के साथ साइबर क्राइम सेल की टीम। ● अमृत विचार

### एक माह में 4.35 करोड़ का हुआ ट्रांजेक्शन

**रुद्रपुर :** 62.50 लाख की साइबर ठगी के आरोपी वेलमुरूगन की गिरफ्तारी के बाद जब अभियुक्त के खातों की जांच हुई तो पता चला कि उसने जिस बैंक खातों का प्रयोग किया था। उन खातों में एक माह के अंदर 4.35 करोड़ का ट्रांजेक्शन हुआ है। यही कारण है कि सिविल इंजीनियर के खिलाफ तमिलनाडु के कोयंबटूर में दो, मुदुराई में एक और कांचीपुरम में एक साइबर ठगी का मुकदमा पंजीकृत है।

# साइबर ठग की मोहिनी जाल थी फर्जी वेबसाइट

- नेटवर्क में है कई युवतियां, बिछाया जाता है प्रेमजाल
- खुद को बताती है कंबोडियाई कपड़ा व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 62.50 लाख की साइबर ठगी का मुख्य आरोपी वेलमुरूगन इतना शातिर था कि उसने फर्जी मैट्रीमोनियल वेबसाइट बनाई थी और आरुषि राय नाम की युवती के द्वारा मैसेज भेजा जाता था। जब शिकार बातचीत करने लगता तो फिर युवती कंबोडिया की कपड़ा व्यापारी बताकर शादी करने का ऑफर देती थी।

साइबर क्राइम सेल प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि वेलमुरूगन शिक्षित एवं सिविल इंजीनियर डिप्लोमा धारक है। शिक्षित होने के साथ ही बेहद शातिर भी है। संगम शादी डॉट कॉम वेबसाइट में ही वेलमुरूगन के नाम पर है। बाकी नेटवर्क में कई लड़कियां है। जिसमें अहम है आरुषि राय नाम की युवती, उसकी सुंदरता के कारण अक्सर शिकार उसके जाल में फंसता जाता है। युवक को मैसेज भेजने के बाद युवती प्रेमजाल में फंसाती है और एक अच्छा वर खोजने की बात कहते हुए खुद को कंबोडिया की कपड़ा व्यापारी बताती है। मोहिनी बनकर जीवन साथी को भी व्यापार करने के लिए उकसाती है। जैसे ही शिकार फंसता है और सारी गोपनीय जानकारी दे डालता है। जब खाते से मोटी रकम ऑनलाइन दूसरे खातों में ट्रांसफर होती है। जब तक वास्तविकता का पता चलता है, तब तक लाखों की साइबर ठगी हो जाती है।

### जल्द ही लौटा देते हैं मुनाफे की राशि

**रुद्रपुर :** साइबर क्राइम सेल की तफ्तीश में यह भी पता चला है कि साइबर ठग ऑनलाइन ट्रेडिंग हो या फिर शेयर मार्केटिंग के अलावा क्रिप्टोकरेंसी पर निवेश करने वाले को कम निवेश करवाते हैं और शीघ्र ही मुनाफा भी खाते में डलवा देते है। जब पीड़ित लालची हो जाता है और मोटी रकम का निवेश करता है। उस वक्त रकम निकालकर संपर्क तोड़ दिया जाता है।

### सिख युवकों पर हमला करने के मामले में जांच शुरू

**सितारगंजः** दो सिख युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। बीती 25 मई की रात करीब 10 बजे ग्राम हल्दुआ से लवप्रीत सिंह व जशदीप सिंह अपनी कार से घर आ रहे थे। जैसे ही वे सिसैंया मंदिर के पास पहुंचे, देखा कि सड़क के बीचोंबीच रेता लदा ट्रक खड़ा है। इसकी वजह से रास्ता पूरी तरह बंद था। जब उन्होंने ट्रक मालिक से ट्रक थोड़ा साइड करने को कहा तो बात बिगड़ गई। आरोपियों ने न केवल गाली-गलौच की, बल्कि जातिगत टिप्पणी भी की। कुछ ही देर में उनके अन्य साथी भी वहां आ गए। सभी ने मिलकर उन पर लोहे के धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इससे लवप्रीत सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने जशदीप सिंह की पगड़ी भी उतार दी। आरोपियों और उनके समर्थकों ने उनकी कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। झगड़े के दौरान लवप्रीत की गले में पड़ी सोने की चेन भी गिर गई। पीड़ितों ने इस संबंध में कोतवाली सितारगंज में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उन्हें जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उधर, इस घटना को लेकर सिख समुदाय में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है।

# विवाहिता ने लिखा खत सुसाइड की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

जांच शुरू

- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- पति के प्रताड़ित करने पर पीड़िता ने एसएसपी को लिखा था पत्र

**अमृत विचार:** पीलीभीत की एक विवाहिता ने पॉक्सो के अभियुक्त रहे पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर एसएसपी को खत लिखा और कार्रवाई नहीं होने की दशा में सुसाइड का रास्ता अपनाने तक की चेतावनी दे डाली। पीड़िता का आरोप था कि शादी से पहले पति पर पॉक्सो का मुकदमा दर्ज करवाया था और समझौता कर पति ने शादी के बाद मानसिक व शारीरिक यातनाएं देनी शुरू कर दीं। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीलीभीत व हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक महिला ने बताया उसने शादी से पहले युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले में युवक दो वर्ष तक जेल में भी रहा। जिसके बाद आरोपी ने छलपूर्वक 31 जनवरी 2023 को उससे शादी की और मुकदमा समाप्त कराने के बाद प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

आरोप है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग भी उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति 15 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा और कई हथकंडे अपनाकर देह व्यापार से पैसा कमाने का दबाव भी बनाया। जनवरी 2024 को हाथापाई कर घर से निकाल दिया और तलाक देने का दबाव भी बनाया।

26 दिसंबर 2024 को पति साजिश के तहत पुनः घर ले गया और 9 फरवरी को एक महिला के कमरे में ले गया। जहां उसने खाने में नशीला पदार्थ खिलाया और जब होश आया तो उसकी दूसरे व्यक्ति के साथ अश्लील वीडियो थी और 15 लाख नहीं देने पर वायरल करने की धमकी भी दी। यहां तक की धोखे से दवा खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। मानसिक व शारीरिक यातनाएं के बाद पीड़िता ने एसएसपी को खत लिखा और आगाह किया कि यदि पति व ससुराल पक्ष पर कार्रवाई नहीं हुई तो सुसाइड करना ही आखिरी विकल्प होगा। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोटर में आया करंट, खेत मालिक व मजदूर की मौत

- ग्राम गणेशपुर में खेत पर पानी लगाने के दौरान हुई दुर्घटना, पुलिस ने दोनों शवों का कराया पोस्टमार्टम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** खेत में लगी पानी की मोटर में करंट आने से खेत मालिक व मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से दोनों परिवार में कोहराम मच गया।


सलविंदर सिंह (फाइल)।

कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी भूपेंद्र सिंह (70) पुत्र दर्शन सिंह का गांव के पास ही खेत है। बीते बृहस्पतिवार की दोपहर भूपेंद्र सिंह और उनके यहां काम करने वाला सलविंदर सिंह उर्फ निक्का (24) पुत्र स्व. गुरचरण सिंह खेत पर पानी लगाने गए थे। इसी दौरान सलविंदर सिंह को पानी की मोटर से करंट लग गया। भूपेंद्र सिंह ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो वह भी करंट की चपेट में आ गए। दुर्घटना में सलविंदर सिंह व भूपेंद्र सिंह की मौत हो गई। परिजन दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# कसीनो की मायावी दुनिया के खिलाफ उतरे व्यापारी नेता

विरोध

- बोले-व्यापारी नेपाल जाकर हो चुके हैं बर्बाद, पुलिस करे कार्रवाई, खुद भी करेंगे जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कसीनो की मायावी दुनिया के खिलाफ चलाई मुहिम में अब व्यापारी नेताओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है। उनका मानना है कि वास्तव में नेपाल हो या फिर गोवा, तराई भावर का युवा व्यापारी अपनी जवानी और दौलत दोनों ही बर्बाद कर रहे हैं। अब इसके खिलाफ व्यापारी नेता सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाएंगे और पुलिस प्रशासन को भी ऐसे नेटवर्क को ध्वस्त कर ताबड़तोड़ कार्रवाई करनी चाहिए। तभी युवाओं को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है।

व्यापारी नेता का कहना था कि पिछले कुछ वर्षों से शहर में एक ऐसा गैंग सक्रिय हो गया है, जोकि तराई भावर के युवाओं और युवा व्यापारियों को नेपाल कसीनो की मायावी दुनिया का चस्का लगा चुके हैं। खासतौर पर रुद्रपुर हो या फिर गदरपुर। कई ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जहां युवा व्यापारी कसीनो नेपाल जाकर धन दौलत गंवा चुके हैं। यहीं नहीं सुसाइड किए जाने जैसी भी चर्चाएं सामने आई हैं, जोकि वास्तव में चिंता का विषय है। नेपाल कसीनो की मायावी दुनिया में धकेलने वाले और कोई नहीं, बल्कि खुद उनके ही जिगरी दोस्त ही हैं।

वहीं पुलिस प्रशासन को भी खुफिया तंत्र या फिर सुरागरसी के जरिए ऐसे लोगों को चिह्नित करना चाहिए। प्रकरण को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निर्वाचित नेताओं ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया भी दी।



कुछ साल पहले तराई भावर का व्यापारी कभी कभार गोवा जाकर मौज मस्ती करता था, लेकिन अब स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है। प्रत्येक सप्ताह तराई भावर का युवा व्यापारी नेपाल कसीनो की मायावी और रंगीन दुनिया जाकर दौलत लुटवा रहा है और कंगाल होकर परिवार की खुशियों को बर्बाद कर रहा है। इसके लिए पुलिस प्रशासन को कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। व्यापारी नेता भी अपना सहयोग देंगे और निर्वाचित व्यापार मंडल भी अपने स्तर से मायावी दुनिया की हकीकत को लेकर जागरुकता अभियान चलाएगा।

**–संजय जुनेजा,** अध्यक्ष, व्यापार मंडल



कई प्रकरण व्यापारी नेताओं के सामने आए हैं। जहां रुद्रपुर के अलावा तराई भावर के कुछ व्यापारियों को नेपाल कसीनो की इतनी लत लग चुकी है कि दौलत लूटा रहे हैं। ऐसा गिरोह भी सक्रिय है, जो रंगीन रातों का सपना दिखाकर व्यापारियों को फंसा रहा है। जिसकी रोकथाम बेहद जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों पर भी कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जल्द ही एसएसपी से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा।

**–मनोज छाबड़ा,** महामंत्री, व्यापार मंडल



वास्तव में नेपाल कसीनो की मायावी दुनिया में व्यापारी धंसता जा रहा है। कई प्रकरण उनके सामने भी आए हैं। जहां परिवार का विघटन, दौलत की बर्बादी, बर्बाद होती कुछ व्यापारियों की जिंदगी। एक मामले में जब उनके द्वारा एक व्यापारी को समझाने की कोशिश की तो पता चला कि उनके जिगरी दोस्त ही नेपाल जाने का दबाव बनाता है, जबकि वह काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। इसके लिए व्यापारी लती व्यापारियों से मुलाकात करेंगे। परिवार को बसाने की कोशिश के साथ ही उन यार दोस्तों से भी निवेदन करेगा कि दबाव नहीं बनाया जाए। इसके बाद भी आग्रह को ठुकराया, तो व्यक्ति की शिकायत पुलिस से की जाएगी।

**–संदीप राय,** कोषाध्यक्ष, व्यापार मंडल

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत ससुरालियों पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में पति समेत ससुरालयों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जसपुर बस अड्डा निवासी आंकाक्षा नेगी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका विवाह 17 फरवरी 2023 को दिव्यांशु शैली निवासी 22 ए जागृति विहार देहरादून के साथ हुआ था। शादी के बाद वह पति के साथ मुंबई चली गई। विवाह के तीन-चार माह बाद पति ने दहेज में 25 लाख का दबाव बनाते हुए उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। वह 23 नवंबर 2024 को मुंबई से काशीपुर आई, फिर 27 नवंबर को अपनी ससुराल देहरादून चली गई। आरोप है कि बीती 6 दिसंबर को कैब बुक कर उसे घर भेज दिया। बीती 11 अप्रैल की दोपहर में उसका पति अपने दोस्त के साथ उसके पीरूमदारा वाले घर उसके परिजनों की गैर मौजूदगी में आया और मारपीट करते हुए दहेज की मांग पूरी न करने पर तलाक की बात कही। तलाक देने से मना करने पर दोनों ने मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। वहीं, एक अन्य मामले में सोनाफार्म रम्पुरा निवासी मानसी अग्रवाल ने बताया कि उसकी शादी 1 वर्ष 3 माह पहले अरुण अग्रवाल आजाद नगर गजरौला निवासी से हुई थी। दहेज के लिए उसके पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

प्रयास | अटरिया सिडकुल–नगला मार्ग को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से मिले थे विधायक बेहड़

# मार्ग निर्माण को स्वीकृति की अब जगी उम्मीद

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** विधायक तिलक राज बेहड़ के अनुरोध पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अटरिया- सिडकुल 12.250 किलोमीटर नगला मार्ग निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सीआरआईएफ की सूची में अग्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

किच्छा विधायक बेहड़ ने अप्रैल माह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात कर पत्र प्रेषित करते हुए विगत 10 वर्षों से क्षतिग्रस्त अटरिया सिडकुल- नगला मार्ग का निर्माण सीआरआईएफ योजना के तहत कराए जाने का अनुरोध किया था। विधायक बेहड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गंभीरता से विचार करते हुए सड़क का निर्माण जल्द कराए जाने का आश्वासन दिया था।


तिलक राज बेहड़, विधायक।

बेहड़ ने बताया कि नितिन गडकरी द्वारा प्रेषित किए गए पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा निर्देश और सीआरआईएफ अधिनियम 2000 के तहत राज्य की सड़कों के विकास के लिए संबंधित राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर केंद्र सरकार को सीआरआईएफ के अंतर्गत परियोजनाओं की सूची प्रस्तुत करते हैं। बताया कि सड़क निर्माण को ध्यान में रखकर मंत्रालय के संबंधित अधिकारी को विधायक बेहड़ के प्रस्ताव पर प्राथमिकता से विचार करने के लिए राज्य सरकार को अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि जिस गंभीरता से उन्होंने समस्या को प्राथमिकता से सुनते हुए मंत्रालय के अधिकारियों को सड़क निर्माण के संबंध में राज्य सरकार को केंद्र को प्राथमिकता के आधार पर सीआरआईएफ की सूची में उक्त सड़क निर्माण को अग्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे सड़क निर्माण को जल्द स्वीकृति मिलने की संभावना तेज हो गई है।



# मकान कब्जाने को बेटे ने किया मां पर हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर एक बेटे ने अपनी मां पर जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता का आरोप था कि बेटे ने अपने परिवार के साथ मिलकर पहले भी अपनी मां का गला दबाकर मारने का प्रयास किया था। पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तो पीड़ित ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिगवाड़ा निवासी भोलाराम ने बताया कि पिछले कई माह से उसका बेटा सुरेंद्र कुमार परिवार के साथ मिलकर मकान पर कब्जाने की कोशिश कर रहा है। 13 मई 2025 की दोपहर को उसकी पत्नी रामरती घर पर अकेली थीं। इस दौरान बेटे सुरेंद्र व बहू ममता ने परिवार के साथ पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया और मरणासन्न स्थिति में छोड़कर फरार हो गए। आरोप था कि इससे पहले भी बेटे ने अपनी मां का गला दबाकर हत्या की कोशिश की थी, लेकिन पत्नी उस समय बच गई। घायल अवस्था में पत्नी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी रही और उपचार के बाद थोड़ा सुधार भी आया है। आरोप था कि प्रकरण में शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

येऽर्थाः स्त्रीषु समायुक्ताः प्रमत्तपतितेषु च।
ये चानार्ये समासक्ताः सर्वे ते संशयं गताः ॥

आलसी, अधम, दुर्जन तथा स्त्री के हाथों सौंपी संपत्ति बरबाद हो जाती है। इनसे सावधान रहना चाहिए।

## संपादकीय

# ब्रिक्स सम्मेलन से उम्मीदें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव ब्राजील है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ब्राजील जाएंगे। शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया संघर्ष, जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव और साइबर खतरों सहित कई अनिश्चितताओं और चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में ब्रिक्स से बहुत अधिक उम्मीदें हैं। शिखर सम्मेलन में आर्थिक सुधारों से परे, आतंकवाद विरोधी एकता को मजबूत करने पर जोर दिए जाने की उम्मीद है। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में, ब्राज़ील 'अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मज़बूत करना' थीम पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। शुरुआत में इस संगठन में ब्राजील, रूस संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, हाल ही में विस्तारित गठबंधन में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हैं। ब्रिक्स ऐसे देशों का समूह है जो विकासशील हैं और जिनके उद्देश्य विकसित देशों से भिन्न हैं। यदि ब्रिक्स मजबूत होता है तो विकासशील देशों की आवाज़ मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है।

उम्मीद है प्रधानमंत्री कूटनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में हलचल पैदा करेंगे, जिससे ब्रिक्स वैश्विक मामलों के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में और मजबूत होगा। हालांकि वैश्विक दक्षिण के बैनर तले जो नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इससे वैश्विक दक्षिण के भारतीय एजेंडे को नई धार मिलेगी। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में होगा। शिखर सम्मेलन में भारत की भागीदारी और वैश्विक दक्षिण के हितों को साझा करने से ब्रिक्स सदस्यों और सहयोगियों में यह विश्वास पैदा होगा कि भारत पर वैश्विक दक्षिण के प्रमुख नेताओं में से एक होने का भरोसा किया जा सकता है। निःसंदेह सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर है। यानी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाला है।

# पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए चुनौती



संजय सक्सेना
स्वंतत्र पत्रकार, लखनऊ

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है।



विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है।

भारत-पाकिस्तान के तल्ख रिश्तों के बीच पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मासिक रोटेशनल अध्यक्षता संभाले जाने से भारत के एक विशेष वर्ग में बहुत तीखी प्रक्रिया हो रही है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से पिट गई है। पहली नजर में यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण लगती है, लेकिन ऐसा है नहीं।

दरअसल, पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी जनवरी 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 में से 182 वोटों के साथ अस्थायी सदस्य चुने जाने के बाद मिली है। यह अध्यक्षता, हालांकि प्रतीकात्मक और केवल एक महीने के लिए है, फिर भी पाक का यह छोटा सा कार्यकाल भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौतियां पेश कर सकता है, विशेष रूप से तब जब पाकिस्तान लम्बे समय से कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए प्रयासरत है।

गौरतलब हो, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता एक रोटेशनल प्रक्रिया है, जिसमें 15 सदस्य देशों (5 स्थायी और 10 अस्थायी) को वर्णानुक्रम के आधार पर हर महीने यह जिम्मेदारी मिलती है। इस दौरान अध्यक्ष देश परिषद की बैठकों का एजेंडा तय करता है, प्रेसिडेंशियल स्टेटमेंट जारी करता है, और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा को दिशा देता है। वैसे पाकिस्तान ने अपनी अध्यक्षता की शुरुआत में ही कश्मीर मुद्दे को उठाकर भारत को असहज करने की कोशिश की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रमुख कारण बताते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए खतरा करार दिया। यह कदम भारत की आशंकाओं को सही साबित करता है, जो पहले से ही मानता था कि पाकिस्तान इस मंच का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रचार के लिए करेगा।

गौर करने वाली बात यह भही है कि पाकिस्तान की रणनीति में दो प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो 22 और 24 जुलाई को आयोजित होंगे। पहला, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना और दूसरा, संयुक्त राष्ट्र और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बीच सहयोग पर केंद्रित है। इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान इन मंचों का उपयोग कश्मीर और अन्य मुद्दों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए कर सकता है, जिससे भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। वैसे जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता का भारत पर प्रभाव सीमित लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। सबसे पहले, कश्मीर मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तान की कोशिश भारत के लिए एक चुनौती है। भारत ने हमेशा कश्मीर को अपना आंतरिक मामला माना है और इसे द्विपक्षीय रूप से हल करने की वकालत की है। लेकिन, यूएनएससी जैसे मंच पर इस मुद्दे को उठाने से पाकिस्तान वैश्विक समुदाय का ध्यान इस ओर खींच सकता है, जिससे भारत को अपनी स्थिति को और मजबूती से रखना होगा। दूसरा, पाकिस्तान की अध्यक्षता के दौरान भारत को अपनी कूटनीतिक रणनीति को और सशक्त करना होगा। भारत ने हाल ही में यूएन मुख्यालय में द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म प्रदर्शनी आयोजित कर पाकिस्तान की आतंकवाद में कथित भूमिका को उजागर किया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को वैश्विक मंचों पर और मजबूती से उठाएगा। लेकिन, पाकिस्तान की अध्यक्षता भारत के लिए एक कूटनीतिक चुनौती पेश करती है।

तीसरा, भारत में विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस, ने इस घटना को मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलता करार दिया है। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि पहलगाम में हाल के आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को यह जिम्मेदारी मिलना भारत की विदेश नीति की नाकामी को दर्शाता है। इससे भारत में आंतरिक राजनीतिक दबाव भी बढ़ सकता है, जो सरकार के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है। जबकि सरकारी पक्ष का कहना है भारत इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही सक्रिय है। वह वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा और यूएनएससी में अपने सहयोगी देशों, जैसे अमेरिका, रूस, फ्रांस, और ब्रिटेन, के समर्थन का उपयोग करेगा। ये देश पहले भी कश्मीर मुद्दे पर भारत के पक्ष में रहे हैं। इसके अलावा, भारत अपनी कूटनीतिक ताकत का उपयोग कर यह सुनिश्चित करेगा कि पाकिस्तान का कोई भी प्रस्ताव परिषद में समर्थन न पाए, क्योंकि किसी भी प्रस्ताव को पास होने के लिए सभी पांच स्थायी सदस्यों की सहमति आवश्यक है।

लब्बोलुआब यह है कि पाकिस्तान की यूएनएससी अध्यक्षता भारत के लिए एक रणनीतिक चुनौती है, लेकिन इसका प्रभाव सीमित है। यह अध्यक्षता केवल एक महीने की है और इसमें कोई विशेष शक्ति नहीं है। फिर भी, भारत को सतर्क रहना होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस मंच का उपयोग अपनी छवि सुधारने और भारत के खिलाफ प्रचार के लिए कर सकता है। भारत की मजबूत कूटनीति और वैश्विक समर्थन इस चुनौती का सामना करने में सक्षम है, लेकिन यह स्थिति भारत की विदेश नीति की मजबूती और सतर्कता की परीक्षा होगी।

## प्रसंगवश

# दिखावे की दौड़ में हांफ रही जिंदगी

अब ज़िंदगी केवल जीने की चीज नहीं रही, बल्कि निभाने की ज़िम्मेदारी बन गई है-वो भी उस रूप में, जैसा समाज देखना चाहता है। यह दिखावा सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालने तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के हर छोटे-बड़े निर्णय में शामिल हो चुका है। यह अब हमारी सोच, प्राथमिकताओं, खर्चों, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य तक को नियंत्रित कर रहा है। हर व्यक्ति नजर आने के दबाव में है। कौन क्या पहन रहा है, कहां घूम रहा है, किस ब्रांड की चीज़ें इस्तेमाल कर रहा है, किस रेस्तरां में खा रहा है, किस स्कूल में बच्चे पढ़ा रहा है-ये सब निर्णय अब ज़रूरत के आधार पर नहीं, सामाजिक छवि के आधार पर लिए जा रहे हैं। यह छवि बनाए रखने की होड़ ने 'साधारण' को एक तरह का अपराध बना दिया है। लोग कमाते कुछ हैं, दिखाते उससे ज्यादा हैं। और इस अंतर को पाटने के लिए उधार, ईएमआई, 'बाय नाउ पे लेटर' सुविधा देने वाले ऐप्स, क्रेडिट कार्ड-सब अब सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

यह सब केवल बड़े या मेट्रो सिटी कहलाने वाले शहरों तक सीमित नहीं बल्कि छोटे शहरों और कस्बों में भी जीवन की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। पहले जहां ज़रूरतें साधनों के अनुसार तय होती थीं, अब निर्णय इस बात से प्रभावित होते हैं कि लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे, और सोशल मीडिया पर क्या दिखेगा। चाहे बच्चों की स्कूलिंग हो या घर का इंटीरियर, शादी-विवाह हो या मामूली बर्थडे पार्टी-हर आयोजन, हर खरीदारी, हर चयन अब 'इंप्रेशन' के हिसाब से होता है। लोग उन वस्तुओं और अनुभवों के लिए पैसे खर्च कर रहे हैं-या उधार ले रहे हैं-जिनका उपयोग नहीं, बल्कि प्रदर्शन अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। ब्रांडेड मोबाइल, फर्नीचर, गाड़ियों से लेकर हॉस्पिटल और ट्यूशन तक-सब कुछ अब 'कौन देख रहा है' से तय हो रहा है। इस एक झूठी प्रतिष्ठा के पीछे लोग अपने पूरे वित्तीय संतुलन को दांव पर लगाने लगे हैं। परिणामस्वरूप एक क्षण की तारीफ़ के पीछे वर्षों की तंगी, तनाव और पछतावा जमा हो रहा है।

जब यह आर्थिक बोझ बढ़ने लगता है, तब व्यक्ति दोहरी ज़िंदगी जीने लगता है-बाहर से चमकदार, भीतर से घुटता हुआ। किश्तों की तारीखें, कर्ज़ की सीमाएं, और तुलना की आग मिलकर ऐसा दबाव बनाती हैं जो आत्मग्लानि, चिंता और अवसाद को जन्म देती हैं। अब मुस्कुराहटें भरोसेमंद नहीं रहीं-क्योंकि ज्यादातर हंसी अब कर्ज़ के नीचे दबी हुई है। और यही वह मोड़ होता है जहां यह समस्या सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी बन जाती है।

इस दबाव का दूसरा पहलू और भी खतरनाक है-त्वरित और आसान कमाई की भूख। क्रिप्टो करेंसी, ऑनलाइन सट्टेबाज़ी, शेयर बाज़ार में रातों-रात अमीर बनने की कोशिशें, 'एक क्लिक में करोड़पति' बनने के सपने-यह सब उस मानसिकता से जन्म लेते हैं जो मेहनत की बजाय शॉर्टकट में विश्वास दिलाती है। सोशल मीडिया पर तैरती हुई सफलताओं की कहानियां, जिनमें संघर्ष का ज़िक्र नहीं होता, एक ऐसी छवि बनाती हैं कि हर कोई बस क़रीब है बड़ी सफलता के। जबकि सच्चाई यह है कि इन शॉर्टकट्स में ज्यादातर लोग सब कुछ हार बैठते हैं-पैसे भी, मानसिक स्थिरता भी और कई बार आत्म-सम्मान भी।

यह संकट अब एक आयुवर्ग या वर्ग-विशेष तक सीमित नहीं है। नौकरीपेशा से लेकर गृहिणियां तक, छात्र से लेकर रिटायर बुज़ुर्ग तक-हर कोई इस मानसिकता से संक्रमित हो चुका है कि 'साधारण दिखना ठीक नहीं'। व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर अब हर कोई अपनी लाइफ को कुछ इस तरह पेश कर रहा है जैसे उसमें कोई कमी ही न हो। लेकिन इन पोस्ट्स के पीछे जो चुप्पी है, जो मानसिक थकावट है, उसकी कोई तस्वीर नहीं होती। और जब यह थकावट हद से बाहर हो जाती है, तब कई बार इंसान ऐसे फैसले ले लेता है जिनके परिणाम बेहद गंभीर और दुखद होते हैं। पूरे देश में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं जहां लोग मानसिक तनाव और कर्ज के दबाव में आत्महत्या कर रहे हैं, या परिवार सहित दुखांत को गले लगा रहे हैं। कभी अपराध, कभी आत्मविनाश-यह अब अपवाद नहीं, आम होती घटनाएं बन चुकी हैं। और यही वह जगह है जहां समाज को सिर्फ चिंता नहीं, आत्ममंथन की ज़रूरत है।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच परिवार की सुरक्षा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलें : टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता ने निवेशकों के मन में कई तरह के सवाल पैदा कर दिए हैं। कभी यूक्रेन-रूस युद्ध, कभी पश्चिम एशिया में तनाव, तो कभी अमेरिका-चीन के बीच व्यापार विवाद -ये सब मिलकर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर देते हैं। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, डॉलर की मजबूती और ब्याज दरों में बदलाव भी निवेशकों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। ऐसे माहौल में सबसे जरूरी सवाल यही है कि कोई अपने निवेश पोर्टफोलियो को इन बाहरी झटकों से कैसे सुरक्षित रखे, और साथ ही भविष्य के लिए संपत्ति भी बना पाए।

सबसे पहली और मजबूत रणनीति है-पोर्टफोलियो में विविधताः हमारे यहां पुरानी कहावत है,'सारे अंडे एक ही टोकरी में मत रखो।' यही निवेश पर भी लागू होता है। अपने पूरे पैसे को एक ही एसेट में लगाना सबसे बड़ा जोखिम होता है। आपको इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और इंटरनेशनल फंड्स में अपना निवेश बांटना चाहिए। इक्विटी यानी शेयर बाजार लंबी अवधि में सबसे ज्यादा रिटर्न देने वाला माध्यम है, लेकिन यह सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला भी है। वहीं डेट फंड्स या बॉन्ड्स अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न देते हैं और जब बाजार गिरता है, तब आपके पोर्टफोलियो को संभालते हैं। सोना सदियों से आर्थिक संकटों में भी सुरक्षित विकल्प रहा है। अब डिजिटल गोल्ड, गोल्ड ईटीएफ और सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जैसे साधनों ने इसे और आसान बना दिया है। साथ ही थोड़ी राशि अंतर्राष्ट्रीय इक्विटी या फंड्स में लगाकर एक देश विशेष के संकट के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

दूसरा अहम कदम है- आपातकालीन फंड बनानाः कोविड महामारी ने यह सबक बहुत अच्छे से सिखा दिया कि जीवन में कोई भी संकट अचानक आ सकता है। इसीलिए कम से कम 12 से 24 महीने के खर्च जितनी राशि लिक्विड फंड या सेविंग अकाउंट में रखें, ताकि किसी इमरजेंसी में आपको अपने निवेश तोड़ने की नौबत न आए।

अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा को न भूलेंः टर्म लाइफ इंश्योरेंस आपके परिवार को आपके न रहने पर आर्थिक संकट से बचा सकता है। स्वास्थ्य बीमा भी उतना ही जरूरी है। इलाज के बढ़ते खर्च से आप अच्छी हेल्थ पॉलिसी लेकर ही निपट सकते हैं। इससे आपको अपने निवेश को हॉस्पिटल के बिल में न तोड़ना पड़ेगा और आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। आपका पोर्टफोलियो तभी पूरी तरह असरदार होता है जब यह आपके जीवन के लक्ष्यों से जुड़ा हो।

बच्चों की पढ़ाई, शादी, अपने घर का सपना या रिटायरमेंट जैसी प्राथमिकताओं के हिसाब से निवेश करना चाहिए। लंबी अवधि के लिए इक्विटी फंड सबसे अच्छे माने जाते हैं, जबकि मध्यम अवधि में बैलेंस्ड या अल्ट्रा शॉर्ट टर्म फंड अच्छे रहते हैं। वहीं कम अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट या लिक्विड फंड बेहतर हैं।

बहुत सारे लोग बाजार में गिरावट देखकर घबरा जाते हैं और अपना निवेश निकाल लेते हैं। इतिहास गवाह है कि हर बार बाजार गिरे जरूर हैं, लेकिन कुछ सालों बाद उससे भी ऊंचे स्तर पर पहुंचे हैं। इसलिए अपने निवेश को समय दें और धैर्य रखें। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद लॉन्ग टर्म में सही पोर्टफोलियो अच्छा रिटर्न देता है।

आज के समय में एसआईपी यानी सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान सबसे अच्छा विकल्प बनकर उभरा है। यह आपको बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किए बिना नियमित निवेश की आदत डालता है और औसत लागत को भी कम करता है। लंबी अवधि में कंपाउंडिंग का असर इतना जबरदस्त होता है कि आप खुद चौंक जाएंगे।

इसके अलावा ध्यान रखें कि ज्यादा कर्ज न लें, क्योंकि कर्ज भविष्य के निवेश की क्षमता को कम कर देता है। हर साल अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करें ताकि जरूरत पड़ने पर उसमें बदलाव किया जा सके। टैक्स प्लानिंग को भी नजरअंदाज न करें। और हां, क्रिप्टो जैसे अत्यधिक जोखिम वाले निवेश में अगर पैसा लगाएं भी तो बहुत छोटी राशि ही लगाएं अन्यथा निवेश न करना ही बेहतर है। वैश्विक अस्थिरता के दौर में घबराने के बजाय समझदारी से निवेश करें। विविधता, बीमा, आपातकालीन फंड और लक्ष्य आधारित निवेश से न केवल आपका पोर्टफोलियो सुरक्षित रहेगा। यही स्मार्ट इन्वेस्टमेंट की असली कुंजी है।


## सोशल फोरम

# खांटी धर्मनिरपेक्षता

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है।

खांटी धर्मनिरपेक्षता के लिए दो बातें ज़रूरी हैं। एक, आदमी में पूर्ण व्यक्तिगत ईमानदारी हो कि वह चीजों को साफ नीयत से और पूरी वस्तुपरकता से देख सके। किसी भी समूह या दल से जुड़ने और जुड़े रहने के लिए ऐसी ईमानदारी को बचा पाना कठिन हो जाता है।

दो, आदमी किसी भी धर्म के ऐसे अंश में विश्वास न करता हो जो बुद्धि-विवेक-सम्मत न हो या बुद्धि-विवेक से परे कहा जाता हो। ऐसे अंश में विश्वास होते ही मनुष्य के लिए इस प्रतीति से बचना असंभव नहीं तो मुश्किल तो हो ही जाता है कि वह और उसके सहधर्मी सत्य को पा चुके हैं, इसलिए सही हैं और बाक़ी सब ग़लत या अंधेरे में हैं। ऐसा आदमी लाख कोशिश करे, मनसा, वाचा, कर्मणा सौ टका धर्मनिरपेक्ष कैसे हो सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुद्धि-विवेक ही वे प्रकृति-प्रदत्त औज़ार हैं जो सभी धर्मों के सभी मनुष्यों में सामान्य हैं। उन्हीं के सहारे ईमानदारी और साफ नीयत से किए गए तर्क-वितर्क से सारे मुद्दों का, समय-सापेक्ष और कामचलाऊ ही सही, सर्वमान्य हल निकल सकता है। इतिहास में टर्की के कमाल पाशा (बाद में कमाल अतातुर्क) इसके ज्वलंत और निरपवाद उदाहरण हैं जिन्होंने पूर्ण धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर लागू किया। स्वघोषित अज्ञेयवादी नेहरू को भी नरम धर्मनिरपेक्ष कहा जा सकता है। धर्मनिरपेक्षता को ज़मीन पर उतारने की कोशिश उन्होंने नहीं की, उनके लिए संभव ही नहीं था। उन्होंने इसे अपनी प्रतीति तक सीमित रखा।

कोई 'धार्मिक' भी हो और पूर्ण 'धर्मनिरपेक्ष' भी, यह तो आदमी नाम के प्राणी से कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करना है। अपवाद स्वरूप ही ऐसे लोग धर्मनिरपेक्ष हो सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# सहकारिता आंदोलन से बदलती लोगों की जिंदगी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी।

भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया हैं। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं।

फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20 प्रतिशत कृषि ऋण, 35 प्रतिशत उर्वरक वितरण और 31 प्रतिशत चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5 प्रतिशत का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं।

दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं।

पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरूआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है।

जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है।

उदाहरण के लिए, कश्मीर के सेब उत्पादकों के लिए सहकारी समितियों ने न केवल स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग को बढ़ावा दिया है, बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में भी मदद की है।

सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं।

सहकारी संगठनों में बढ़ते जनविश्वास का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से कर्ज वितरण पिछले तीन वर्षों में पांच गुना बढ़ गया है। इसने 2021 में 25,000 करोड़ रुपये के कर्ज वितरित किए थे, जबकि अब तक 1.28 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत और वितरित किए जा चुके हैं।

केंद्र सरकार का नारा, "सहकार से समृद्धि", इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण और कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सकता है। अमित शाह ने बार-बार जोर दिया है कि सहकारिता उन लोगों के लिए एक शक्तिशाली साधन है जिनके पास कम या कोई पूंजी नहीं है। यह समझना चाहिए कि भारत जैसे कृषि प्रधान और सामाजिक-आर्थिक रूप से विविध देश में, सहकारी आंदोलन की सफलता राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# आमजन की समस्या सुनें, निराकरण पर दें खास ध्यान

## मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिएअहम दिशा-निर्देश

मुख्य संवाददाता, देहरादून



सचिवालय से जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक करते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को आमजन की समस्याओं को सुनने एवं उनके निराकरण पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि विद्युत विभाग, पेयजल विभाग एवं अन्य ऐसे विभाग जो नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराते हैं, अपने कार्यक्षेत्रों का दौरा अवश्य करें। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए हैं कि टेढ़े हो चुके बिजली के खम्बों, लटकी तारों सहित टूटी पेयजल पाइपलाइनों की मरम्मत का कार्य तत्काल कराए जाएं। कहा कि जब तक अधिकारी फील्ड में नहीं उतरेंगे, आमजन की समस्याओं से अवगत नहीं होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को फील्ड का दौरा नियमित रूप से किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) रजिस्ट्रेशन की प्रगति की भी जानकारी ली। कहा कि आमजन अधिक से अधिक संख्या में अपने विवाह का पंजीकरण कराएं, इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। कहा कि पंजीकरण के लम्बित मामलों को तेजी से निस्तारित किया जाए। उन्होंने मैदानी जनपदों में पंजीकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) की जिलावार समीक्षा करते हुए प्रत्येक जनपद से प्रत्येक केन्द्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों की स्थापना के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि, जिन इकाइयों में निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन इकाइयों में उपकरणों की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करते हुए ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को सक्रिय किया जाए।

### ऐसे मामलों का भी करें पंजीकरण

मुख्य सचिव ने कहा कि प्राय: देखा जा रहा है कि ऐसे विवाह पंजीकरण, जिनमें विवाह के समय पति-पत्नि दोनों या दोनों में से कोई एक नाबालिग रहा हो, परन्तु वर्तमान में पंजीकरण के समय दोनों बालिग हो चुके हैं, को अस्वीकार किया जा रहा है, जो कि गलत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे विवाह के मामलों का भी पंजीकरण किया जाए।

# अंडरग्राउंड पार्किंग की संभावनाएं तलाशें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में देहरादून शहर के मोबिलिटी प्लान से सम्बन्धित एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण की बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने देहरादून शहर के लिए यातायात संकुलन योजना की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मोबिलिटी प्लान के तहत सुधारीकरण के लिए चिन्हित 10 स्थानों में सुधार प्रक्रिया में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जिन सुधारीकरण कार्यों की डीपीआर तैयार हो चुकी है, अगले एक माह में कार्य शुरू कराए जाएं। बाकी कार्यों की डीपीआर भी 31 जुलाई तक तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन सड़कों का अभी चौड़ीकरण किया गया है, उन सड़कों में नो पार्किंग जोन होते हुए वाहनों के खड़े होने से पूर्व जैसी ही स्थिति बनी हुयी है। नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े न हों। समस्या के लिए लगातार नए पार्किंग स्थलों के तलाशे जाने की प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाए। कहा कि कॉमर्शियल भवनों की पार्किंग को 100 प्रतिशत प्रयोग किए जाने हेतु लगातार कार्य कराए जाएं। उन्होंने सचिवालय, पवेलियन ग्राउंड और परेड ग्राउंड में अंडरग्राउंड पार्किंग की सम्भावनाओं को तलाशे जाने के भी निर्देश दिए। सीएमपी में चिन्हित सम्भावित पार्किंग स्थलों को एक्सप्लोर किया जाए। मुख्य सचिव ने देहरादून के लिए अगले 25-30 सालों की यातायात संकुलन की समस्या को देखते हुए योजना तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सार-संक्षेप




दिनेशपुर में स्मैक के साथ गिरफ्तार आरोपी युवक।

### चार ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के निर्देशन पर उपनिरीक्षक लोकेश रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक युवक को चार ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उपनिरीक्षक लोकेश रावत व पुलिस टीम ने ग्राम खानपुर कनटोपा जाने वाले तिराहे की पुलिया के पास से इंद्रजीत मंडल निवासी वार्ड- 04 थाना दिनेशपुर (उधमसिंह नगर) को एक प्लास्टिक के पारदर्शी डिब्बे में चार ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा- 8/21 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गई। टीम में कांस्टेबल गोविंद आर्य, महेन्द्र सिंह बिष्ट व श्याम सुंदर बिष्ट आदि थे।



खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आवारा पशुओं के आतंक से दिलाए निजात, ज्ञापन

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर घूमते आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। भाजपा जिला मंत्री भुवन जोशी और किशोर जोशी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे कार्यकर्ताओं ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नगर और आसपास के राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिन-रात आवारा पशु घूमते रहते हैं। जिससे राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इन जानवरों से टकराकर कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। वहीं दर्जनों घायल भी हो चुके हैं। उन्होंने इन आवारा पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य मार्गों से दूर रखने की व्यवस्था करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष महेश राणा, सूरज धामी, प्रकाश शर्मा, जितेंद्र सिंह, मोहित जोशी आदि शामिल थे।



खटीमा के सुरई रेंज में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण करते रेंजर और अन्य।

### विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया

**खटीमा :** सुरई रेंज के तत्वावधान में ककरा कक्ष संख्या छह और नौ में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। सुरई रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र मनराल की देखरेख में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वन महोत्सव में वनों से होने वाले प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभों के विषय में विचार व्यक्त किए गए। एक पेड़ मां के नाम पर पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गुरदयाल सिंह, रईस अहमद, वन दरोगा अजमत खां, गोविंद सिंह कोरंगा, जगदीश सिंह, चंद्र प्रकाश, सतपाल सिंह, मदन गोपाल, दीपक कुमार, मोहित गहतोड़ी, विवेक कुमार राणा, विजेंद्र राणा, पोथीराम, शिवम, पाल सिंह, मुकेश राणा, हरीश राणा, सतीश कुमार, सुमित राणा, रफीक अहमद, हेम चंद्र जोशी आदि मौजूद थे।

# देवलचौड़ बंदोबस्ती में छह घंटे बिजली गुल, उपभोक्ता बेहाल

परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** देवलचौड़ बंदोबस्ती क्षेत्र में गुरुवार को बिजली आपूर्ति ठप होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 11 बजे आपूर्ति बाधित हो गई, जो शाम करीब पांच बजे बहाल की जा सकी। उमस भरे मौसम में छह घंटे तक बिजली गुल रहने से लोग बेहाल हो गए। बिजली कटौती का असर घरेलू कार्यों, बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई और स्थानीय व्यापार पर साफ नजर आया। इन्वर्टर और बैकअप खत्म होने से कई परिवारों को दिनभर बिना बिजली के रहना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग पर समय पर जानकारी न देने का आरोप लगाया।

विद्युत वितरण खंड ग्रामीण की एससीओ शुभा जोशी ने बताया कि बिजली आपूर्ति पिटकुल की ओर से आई तकनीकी खराबी के कारण बाधित हुई थी। विभाग की ओर से फॉल्ट की सूचना मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई और शाम पांच बजे के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग की है कि इस तरह की समस्याओं की सूचना समय से दी जाए और फॉल्ट की स्थायी रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### नलकूप खराब, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ बंदोबस्ती क्षेत्र में गुरुवार को मुख्य नलकूप अचानक खराब हो गया, जिससे क्षेत्र की बड़ी आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। गर्मी और उमस भरे मौसम में जल आपूर्ति बाधित होने से लोगों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुवार की सुबह से ही नलों में पानी नहीं आ रहा है। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता प्रमोद पांडे ने बताया कि गुरुवार की सुबह नलकूप की मोटर में तकनीकी खराबी आ गई थी। मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मरम्मत का कार्य चलने तक क्षेत्र में टेंकर भेज कर पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि नलकूपों का समय-समय पर निरीक्षण और रखरखाव किया जाए, साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी के टैंकर भेजे जाएं ताकि ऐसी स्थिति में राहत मिल सके।



खटीमा में बैरिकेटिंग कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### बैरिकेटिंग कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**खटीमा, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग की ओर से नगर के सौंदर्यीकरण के तहत प्रथम चरण में ऐंठा नाले से लोहियाहेड रोड तिराहे तक किए जा रहे बैरिकेटिंग कार्य का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सहायक अभियंता पीपी तिवारी और पीयूष कुमार ने बैरिकेटिंग में लगाई गई लोहे की जाली का निरीक्षण किया और निर्माण इकाई को आवश्यक निर्देश दिए। ऐंठा नाले से टनकपुर रोड किन्ना इंटरप्राइजेज तक एनएच द्वारा निर्मित टूलेन में बैरिकेटिंग का सौंदर्यकरण किया जा रहा है। बैरिकेटिंग के दोनों और लोहे की जाली लगाकर उसमें एनएच द्वारा पौधे लगाए जाएंगे। एई पीयूष कुमार ने बताया कि बैरिकेट के बीच में सिंचाई के लिए पाइप बिछाए जाएंगे। रोडवेज के सामने डाकघर मार्ग पर 12 फीट के कट में दोनों ओर तीन सीढ़ियों का निर्माण होगा। जिससे पैदल आने-जाने वालों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए मौके पर निर्माण इकाई को आवश्यक निर्देश देते हुए अविलंब कार्य पूरा करने को कहा। इस अवसर पर तारिक मलिक, डॉ. बाबूराम अरोड़ा, सतनाम सिंह आदि थे।

## मार्ग पर कीचड़ होने से आवाजाही में दिक्कत

**नैनीताल, अमृत विचार :** बरसात के चलते बारिश के बाद देवीधूरा बसानी मार्ग पर कई स्थानों पर कीचड़ जमा हो गया है। इससे राहगीरों और बाइक सवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते वर्ष बारिश से देवीधूरा बसानी मार्ग कई स्थानों पर टूट गया था। कई जगह सड़क पर गड्ढे हो गए थे। इसके चलते विभाग ने सड़क से मलबा साफ कर धंसे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दी। अब कई दिनों से बारिश की वजह से सड़क पर कई जगह कीचड़ जमा हो गया। कीचड़ जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों के साथ बाइक सवारों के भी गिरने का डर बना हुआ है। लोगों ने विभाग से सड़क को कीचड़ मुक्त करने की मांग की है। पीएमजीएसवाई के ईई मनोज कुमार ने बताया कि सड़क में जहां कीचड़ है, वहां साफ कर रोड़ी डलवाई जाएगी।

# मिसालः सर्वसम्मति से जीवन को चुना प्रधान

संवाददाता, नैनीताल



निर्विरोध निर्वाचित हुए ग्राम प्रधान के साथ मौजूद अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी विकासखंड अंतर्गत ग्रामसभा गुणादित्य (स्वाड़ी) में सामाजिक एकता और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए जीवन पालीवाल को ग्राम प्रधान तथा दुर्गा पालीवाल को उपप्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया है।

यह निर्णय स्थानीय विधायक मोहन सिंह मेहरा की अध्यक्षता में हुई खुली बैठक में लिया गया। ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में बिना किसी विरोध के जीवन पालीवाल के नाम का प्रस्ताव सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा पालीवाल ने रखा, जिसे सभी उपस्थित ग्रामीणों ने समर्थन प्रदान किया। इसके बाद उपप्रधान पद के लिए दुर्गा पालीवाल के नाम का अनुमोदन भी सर्वसम्मति से किया गया।

बैठक का संचालन पूर्व प्रधान और कसेड़मन्या शक्ति केंद्र संयोजक इंद्रदेव पालीवाल ने किया। विधायक मोहन सिंह मेहरा ने ग्रामवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि निर्विरोध चयन ग्रामसभा की एकजुटता और परिपक्व लोकतांत्रिक सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नेतृत्व सौंपना गांव के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुनीता पालीवाल, माधवी देवी, गोविंद बल्लभ पालीवाल, पाली गुणादित्य-तड़कोट शक्ति केंद्र संयोजक पीतांबर दत्त, वरिष्ठ नागरिक डीडी पालीवाल, बिशन दत्त, मोहन चंद्र, गणेश दत्त, लक्ष्मी दत्त, पीतांबर दत्त पालीवाल, ईश्वरी दत्त, त्रिलोचन पालीवाल, राजेंद्र मेलकानी, जगदीश पालीवाल, सोनू पालीवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे। ग्रामसभा गुणादित्य में इस प्रकार का निर्विरोध चयन सामाजिक सौहार्द, विश्वास और समर्पण की भावना को प्रतिबिंबित करता है।

## फुटपाथों को ध्वस्त करने का कार्य शुरू

**रामनगर, अमृत विचारः** नगरपालिका परिषद द्वारा मुख्य बाजार की फुटपाथों को ध्वस्त करने का काम शुक्रवार को तेजी के साथ शुरू कर दिया गया। फुटपाथ पालिका द्वारा अचानक तोड़े जाने से फुटपाथों पर अतिक्रमण कर रहे लोगों में हड़कंप मचा रहा। पालिकाध्यक्ष मो. हाजी अकरम ने बताया कि मुख्य बाजार की फुटपाथों को तोड़कर उनके पीछे नालियों का पुनर्निर्माण किया जाना है। फुटपाथ तोड़े जाने के बाद मुख्य बाजार की सड़के चौड़ी हो जाएंगी। अभी तक बाजार की सड़के कम चौड़ी होने से आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इस दौरान अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, सभासद शिवी अग्रवाल, अवर अभियंता मो. नाजिम, स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां समेत पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# पानी निकासी व लिंक मार्ग निर्माण को गरजे ग्रामीण, प्रदर्शन भी किया

संवाददाता, दिनेशपुर



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार तेज करते हुए मतदाताओं को विकास के मुद्दों पर आश्वासन देने पर ग्रामीण भड़क उठे। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव के पानी निकासी व लिंक मार्गों का पक्कीकरण पांच वर्षों में नहीं हो पाया है। मतदाता स्वच्छ छवि के प्रत्याशियों को मतदान करेंगे।

गुरुवार की रात्रि ग्राम जगनपुरी में पंचायत चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों द्वारा विकास कार्य करवाने व ग्राम पंचायत जगनपुरी को मॉडल गांव बनाने का आश्वासन देने पर ग्रामीण भड़क उठे और उन्होंने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था पांच वर्ष पूर्व हुए चुनाव में प्रत्याशियों ने कई वादे किए थे, जोकि आज तक पूरे नहीं हुए। गरीब परिवारों को बीपीएल कार्ड व आयुष्मान कार्ड तक की सुविधा नहीं मिली है। मतदाताओं ने स्वच्छ छवि के कर्मठ व ईमानदार प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया। प्रदर्शन करने वालों में विशंभर विश्वास, सुनीता तपाली, अमरजीत सिंह, तरुण विश्वास, शंकर माझी, सहदेव राय, असीम अधिकारी, प्रकाश मंडल, खोखन सरकार आदि शामिल रहे।




रोटरी क्लब के पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रवींद्र रौतेला व अन्य ● अमृत विचार

### रोटरी क्लब हल्द्वानी ने फलदार व छायादार पौधे लगाए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब हल्द्वानी की ओर से आरटीओ रोड स्थित एक निजी स्कूल में शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। जिस दौरान विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि रोटरी वर्ष 2025-26 का यह प्रथम पौधरोपण है। उन्होंने कहा कि पेड़ एक जीवन है। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का संकल्प भी है। सचिव आशीष दुम्का ने कहा की रोटरी के सेवा भाव को सार्थक करते हुए, इस पर्यावरणीय पहल को सामूहिक संकल्प और सौहार्द्र की भावना के साथ सफल बनाएं। कार्यक्रम के संयोजक रमेश शर्मा ने कहा कि पौधरोपण से प्रकृति की अनुकूलता आती है। इस दौरान रमेश शर्मा, वीके शर्मा, अनिल कर्नाटक, ललित मोहन भट्ट, डॉ. प्रवीन्द्र रौतेला, गिरीश बिष्ट, पीएस पपोला, पीएस अधिकारी, उमेश पंत, आकृति शर्मा, दीक्षा देऊपा, अनंत शर्मा, ऋषिता तिवारी, नव्या जीना, वाणी पंत आदि रहे।

उपलब्धि

वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 331 .14 करोड़ का राजस्व अर्जित, गत वर्ष की तुलना से अधिक है 22 .47 प्रतिशत

# खनन क्षेत्र : राजस्व प्राप्ति में बना दिया नया रिकॉर्ड

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** प्रदेश में खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों एवं अवैध खनन पर रोक लगाने के कारगर प्रयासों के फलस्वरूप खनन से राजस्व प्राप्ति के नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में खनन विभाग ने 331.14 करोड़ का राजस्व अर्जित कर नया रिकॉर्ड कायम किया है, जो गत वर्ष की तुलना से 22.47 प्रतिशत अधिक है। गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी राज्य में खनन से राजस्व प्राप्ति के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ 1040.57 करोड़ राजस्व का अर्जन किया गया था।

राज्य में खनन के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में 146.18 करोड़, वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में 177.27 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही में 270.37 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम तिमाही में खनन से 331.14 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है, जो विगत वर्ष की तुलना से 22.47 प्रतिशत अधिक है तथा अन्य वर्षों की अपेक्षा कई गुना अधिक है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था हेतु राजस्व वृद्धि के उपायों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया जिनके उल्लेखनीय परिणाम सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा खनन से राजस्व वृद्धि के लिए उपखनिज परिहार नियमावली और उत्तराखण्ड खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियमावली में सरलीकरण करने के साथ ही नये खनिज लॉटो का चिन्हिकरण कर ई-निविदा सह-ई नीलामी के माध्यम से आवंटित करने की व्यवस्था की गई है। अवैध रूप से किए जाने वाले खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनन निदेशालय के स्तर पर गठित प्रर्वतन दलों के माध्यम से निरन्तर कार्रवाई करने के साथ ही जिला स्तर पर भी अवैध खनन रोकने के लिए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करने की व्यवस्था की गई है। मुख्यालय स्तर पर ई-रवन्ना पोर्टल की समय-समय पर निगरानी करते हुए ई-रवन्ना पोर्टल को उन्नत करने, पट्टा धनराशि की समय से व पूरी वसूली सुनिश्चित करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

राज्य सरकार ने खनन कार्य को और अधिक पारदर्शी व सुदृढ बनाये जाने तथा अवैध खनन व अवैध परिवहन की प्रभावी रोकथाम तथा राजस्व वृद्धि हेतु आधुनिक खनन डिजीटल सुधार एवं निगरानी प्रणाली (एमडीटीएसएस) विकसित किये जाने हेतु राज्य सरकार के द्वारा कुल 45 माइन चौक गेट्स स्थापित किये जाने की कार्यवाही भी की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने यह कहा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि राज्य की आर्थिक मजबूती के लिए राजस्व प्राप्ति के संसाधनों में वृद्धि किया जाना आवश्यक है। राज्य के हित में खनिज संसाधनों का समुचित और युक्तिसंगत तरीके से उपयोग करने पर ध्यान देने के साथ ही अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण, पारदर्शी व्यवस्था, ठोस निगरानी और नियमों के सख्त अनुपालन पर जोर दिया गया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर खनन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाया गया है, जिससे खनिज संपदा का समुचित दोहन हो और राज्य की आय में बढ़ोतरी हो। इसके अलावा खनन उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# रामनगर से आगरा फोर्ट के लिए अत्याधुनिक ट्रेन का संचालन शुरू

## पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी, लिंक हॉफमैन बुश के साथ चलेगी यह ट्रेन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर से आगरा फोर्ट तक सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब रामनगर से मथुरा, कासगंज होते हुए आगरा जाने वाली ट्रेन को रेलवे ने आधुनिक तकनीक से अपग्रेड कर दिया है। यह ट्रेन अब नई एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोचों के साथ चलेगी जो न केवल अधिक सुरक्षित हैं, बल्कि यात्रियों को ज्यादा आरामदायक सफर भी देंगे।

रेलवे सुपरिटेंडेंट राजकुमार बनवाल ने बताया कि पहले यह ट्रेन स्टील की बनी पुरानी तकनीक वाली आईसीएफ रैक से चलती थी जो दुर्घटना की स्थिति में एक-दूसरे पर चढ़ जाती थीं लेकिन अब यह ट्रेन एलएचबी रैक से चलेगी जो इस तरह की दुर्घटनाओं से पूरी तरह सुरक्षित होती है। आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित इन कोचों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है, यह ट्रेन रामनगर से सप्ताह में तीन दिन सोमवार, गुरुवार और शनिवार को सुबह 7:55 बजे रवाना होगी। ट्रेन लालकुआं, बरेली, बदायूं, कासगंज और मथुरा होते हुए अगले दिन सुबह 6:55 बजे आगरा फोर्ट पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन रात 8:50 बजे आगरा फोर्ट से चलकर सुबह 8:30 बजे रामनगर पहुंचेगी।

**बढ़ाए गए कोच, बेहतर सुविधाएं :** इस ट्रेन में पहले केवल 2 एसी थ्री टियर (एसी-3) कोच थे। लेकिन अब इन्हें बढ़ाकर 5 एसी-3 कोच कर दिए गए हैं। साथ ही 5 स्लीपर कोच और 4 जनरल कोच भी लगाए गए हैं। सभी कोचों में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, बेहतर कुशन वाली आरामदायक सीटें और नई तकनीक से लैस सस्पेंशन सिस्टम है जो सफर को पहले से ज्यादा आरामदायक बनाता है।



रेलवे स्टेशन पर खड़ी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रेन। ● अमृत विचार

### गति और सफाई में भी सुधार

नई तकनीक की वजह से इस ट्रेन की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है जिससे यह तेज और कुशल संचालन में सक्षम होगी। इसके अलावा ट्रेन में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे यात्री साफ-सुथरे वातावरण में यात्रा कर सकें। -**राजकुमार बनवाल,** (सुपरिटेंडेंट रेलवे)

### क्या बोले यात्री

ट्रेन संख्या 15056 में पहली बार आगरा फोर्ट की ओर जा रहे एक यात्री दुर्गेश कुमारी व सुधीर ने कहा यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम इस अत्याधुनिक ट्रेन में यात्रा कर रहे है।इसमें सफाई सुविधा और सुरक्षा का बेहतरीन समावेश है। -**दुर्गेश कुमारी,** (यात्री)

रामनगर से मथुरा कासगंज और आगरा फोर्ट जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह सेवा किसी वरदान से कम नहीं है, वहीं आगरा से कॉर्बेट घूमने आने वाले पर्यटकों को भी अब पहले से बेहतर और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। -**सुधीर,** (यात्री)

## राजधानी में हुआ स्वास्थ्य संवाद एवं चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह का आयोजन

# सेवा और संवेदना से बनता है सच्चा चिकित्सक

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी देहरादून में शुक्रवार को आईआरडीटी ऑडोटोरियम में स्वास्थ्य संवाद एवं चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह-2025 में उत्तराखंड के 31 चिकित्सकों को उनके अनुकरणीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड जैसे राज्य में, जहां भौगोलिक चुनौतियां बहुत बड़ी हैं, वहां स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म, ई-हॉस्पिटल मैनेजमेंट, और टेलीमेडिसिन जैसी पहलों की अत्यधिक आवश्यकता है और इसके क्रियान्वयन में डॉक्टरों की भागीदारी बहुत अहम है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा चिकित्सक न केवल एक पेशेवर हैं, बल्कि वे समाज के लिए एक प्रेरक शक्ति भी हैं। उन्हें सम्मान देना सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की जिम्मेदारी है। राज्य महिला आयोग कुसुम कंडवाल ने कहा कि महिला चिकित्सकों की भागीदारी और नेतृत्व आज स्वास्थ्य सेवाओं में सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। अपर सचिव मुख्यमंत्री एवं महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि, चिकित्सा सेवा अब एक मानवीय तकनीक आधारित व्यवस्था है, जिसमें उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है, सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है, चाहे वह ई-हॉस्पिटल सिस्टम, टेलीमेडिसिन, हेल्थ डैशबोर्ड, या आधुनिक सूचना तकनीकों के माध्यम से सेवाओं को सशक्त बनाने की बात हो। सूचना विभाग की ओर से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर जनपद तक सही स्वास्थ्य सूचना और संसाधन पहुंचें। विशिष्ट अतिथि निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखंड डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा चिकित्सा शिक्षा और व्यवहार में संतुलन आवश्यक है। चिकित्सा संस्थानों से निकलने वाले छात्रों को मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। जो चिकित्सक आज सम्मानित हुए हैं, वे युवा डॉक्टरों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।



सेवा सम्मान समारोह में अतिथियों के साथ सम्मानित चिकित्सक। ● अमृत विचार

# पंचायत चुनाव: 2862 ने कराया नामांकन



जिला पंचायत में नामांकन पत्र दाखिल करते उम्मीदवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य समेत ग्राम प्रधान के 4568 पदों के सापेक्ष 2862 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

शुक्रवार को तीसरे दिन भी नामांकन स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। नामांकन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से 4 बजे तक चली। जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए और रुद्रपुर विकास खंड कार्यालय में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए नामांकन शुरू हुआ। ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 146, ग्राम प्रधान के लिए 973, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 610 व जिला पंचायत सदस्य के लिए 133 नामांकन हुए।

# बारिश के बावजूद जारी रही नामांकन प्रक्रिया

- **तीसरे दिन कुल 371 नामांकन पत्र दाखिल हुए**
- **28 जुलाई को होगा मतदान, 31 को होगी मतगणना**

संवाददाता,रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भारी बारिश के बावजूद प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों में उत्साह बना हुआ है। प्रत्याशियों की दिलचस्पी नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत सदस्य के लिए रफ्तार धीमी बनी हुई है। अंतिम दिवस संख्या बढ़ाने की उम्मीद है।

रामनगर में तीसरे दिवस तक कुल 371 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं, जबकि 710 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। रामनगर विकासखंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य के 31 पदों के लिए 126, प्रधान के 50 पदों लिए 191, ग्राम पंचायत सदस्य के456 पदों के लिए मात्र 54 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। रामनगर विकासखंड कार्यालय में भी नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रत्याशियों एवं समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला, भारी बारिश के बावजूद उत्साह में कमी नहीं देखी गई, शनिवार 5 जुलाई नामांकन का अंतिम दिवस है।

रामनगर विकासखंड की चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता प्रिया सैनी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत के तीसरे दिवस शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत में 72, प्रधान में 111, ग्राम पंचायत सदस्य हेतु 48 कुल 231 नामांकन-पत्र दाखिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नामांकन बिक्री में ग्राम पंचायत सदस्य में 14, ग्राम प्रधान में 19 , क्षेत्र पंचायत सदस्य में 119, कुल 152 नामांकन निर्देशन पत्र की बिक्री हुई है। नामांकन के लिए न्याय पंचायतवार चार काउंटर लगाए गए है।

उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव में प्रधान के लिए हरा मत पत्र, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीला मत पत्र, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सफेद मत पत्र होगा। मतदान 28 जुलाई को और मतगणना 31 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय रामनगर में होगी। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया है।



रामनगर में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

# प्रेमिका ने बच्ची को जन्म दिया लोकलाज में लावारिस छोड़ा

- **प्रेमी ने ही पुलिस को कॉलर बन दी सूचना, जांच में हैरान कर देने वाला खुलासा**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** दो दिन की नवजात को लावारिस छोड़ने पर मां का कलेजा न कांपा और पिता का हृदय और कठोर हो गया। पुलिस ने गहन पड़ताल की तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। प्रेम संबंधों में लोकलाज के चलते नवजात को छोड़ने के बाद प्रेमी ने ही पुलिस को 'कॉलर' बनकर सूचना दी थी और इसी का पीछा कर पुलिस ने रहस्य का पर्दा उठा दिया।

यह मामला राजधानी के थाना क्लेमेंटाउन से जुड़ा है। पुलिस ने सूचना पर गुरुवार देर रात पंत मार्ग के पास लावारिस नवजात को बरामद किया था, जिसे तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे शिशु निकेतन केदारपुरम में दाखिल कराया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसएसपी अजय सिंह ने नवजात को लावारिस हालत में मिलने के प्रकरण की गहनता से जांच व उक्त कृत्य को अंजाम देने वालों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। थाना पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों से संदिग्धों के सम्बन्ध में जानकारी की गई। जांच के दौरान सामने आया कि बीती गुरुवार की रात स्कूटी पर एक लड़का और लड़की घटनास्थल की ओर आते तथा नवजात को वहां छोड़कर जाते दिखाई दिये। जांच के दौरान नवजात के सम्बन्ध में सूचना देने वाले के नम्बर की गहनता से जांच करने पर ज्ञात हुआ कि कॉलर द्वारा ही रात्रि में नवजात को सड़क किनारे छोड़ने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल की गई थी। पुलिस ने संदिग्धता के आधार पर कॉलर के विषय में जानकारी निकालते हुए उससे गहनता से पूछताछ की तो उसके द्वारा बताया गया कि वो नवजात उसकी व उसकी प्रेमिका की है। यह प्रेमिका देहरादून के एक निजि कालेज में पढ़ती है।

# केंद्र ने दी 439.50 करोड़ की कार्य योजना को शत प्रतिशत मंजूरी

- **उत्तराखंड कैम्पा की उल्लेखनीय सफलता, सीएम ने जताया आभार**
- **वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कैंपा की टीम को दी बधाई**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैंपा की कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तराखंड राज्य की 439.50 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को शत प्रतिशत मंजूरी दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय कैम्पा की कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तराखंड के अवशेष प्रस्तावों पर विचार किया गया तथा सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। कैम्पा की राष्ट्रीय समिति ने पाया कि उत्तराखंड द्वारा प्रस्तावित सभी कार्य मानकों के अनुरूप थे तथा उनसे संबंधित समस्त अपेक्षित विवरण भी समिति के समक्ष स्पष्टता से प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार इस वर्ष राज्य हित में कैम्पा के अंतर्गत एक बड़ी धनराशि विभिन्न कार्यों के लिए समय से उपलब्ध हो सकेगी। उत्तराखंड के प्रमुख वन संरक्षक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. समीर सिन्हा ने बैठक में प्रतिभाग कर अवगत कराया कि यह प्रथम अवसर है जब राज्य द्वारा प्रस्तावित वार्षिक योजना को पूरी तरह स्वीकृति मिली है।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2025-26 के लिए उत्तराखंड राज्य कैम्पा की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित संचालन समिति ने 439.50 करोड रुपए की कार्य योजना अनुमोदित कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रेषित की थी। प्रथम चरण में इसके सापेक्ष भारत सरकार द्वारा 235.30 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति मई 2025 में जारी की गई थी। इसके सापेक्ष राज्य सरकार द्वारा वन विभाग को प्रथम किश्त की धनराशि भी जारी कर दी गई है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी डॉ. समीर सिन्हा की अगुवाई में उत्तराखंड कैंपा की पूरी टीम को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि वन विभाग इस धनराशि से राज्यहित में निर्धारित समय एवं मानकों के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन करेगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखंड कैम्पा ने बताया कि प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम 2016 के अन्तर्गत स्थापित उत्तराखंड प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (कैम्पा) के तहत प्रदेश को वर्ष 2023-24 में 424.46 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्य योजना के सापेक्ष 383.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई, वर्ष 2024-25 में 408 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना के सापेक्ष 369.25 करोड़ रुपये की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई थी।

## वर्ग पहेली-22

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है; पहाड़ी।

5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।

6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।

8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।

3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।

4. 1. मोटी

7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -21 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | ■ | 2 सं | पा | त |
| दि | ■ | ■ | ■ | को | ■ | ■ |
| र | ■ | ■ | ■ | च | ■ | 3 गो |
| ■ | 4 अ | पो | 5 ह | न | ■ | टी |
| ■ | भि | ■ | म | ■ | 6 ठे | ■ |
| 7 ख | जा | ■ | 8 पा | ठि | क | ■ |
| ■ | त | ■ | या | ■ | ना | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष,दशमी-18 .58 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज व्यापार को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को विवाह को लेकर प्रपोज कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृष:** आज भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन:** आज आपके व्यक्तित्व में सुधार आयेगा। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क:** आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश क्रोधित हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी समस्या होगी। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।

**सिंह:** आज प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। अचानक घर में मेहमान आ सकते हैं।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। प्रेम संबंधों में समस्या का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का वातावरण अत्यधिक अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें।


**धनु:** आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। दिन शांति और सुकून से व्यतीत होगा। लोग आपके विचारों को अत्यधिक महत्व देंगे।

**मकर:** आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत सक्रिय रहेंगे। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**कुंभ:** आज धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है। आत्मिक सुख की अनुभूति होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत काफी नकारात्मक रहने वाली है। नया कार्य आरंभ करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में टोका-टाकी न करें। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-स्वाती 19 .51 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 3 | | | |
| | 8 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| 9 | | 7 | | 5 | 1 | | 8 | 6 |
| | | 2 | 3 | 9 | | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 4 | 7 | 8 | | |
| 6 | 1 | | 5 | 2 | | 7 | | 9 |
| | 5 | | 8 | | 9 | | 4 | |
| | | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |

### टनकपुर में छोलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ पहले दल का पारंपरिक उल्लास से किया अभिनंदन, आज मुख्यमंत्री धामी करेंगे दल को रवाना

# परंपरा व आतिथ्य से सजी कैलाश मानसरोवर यात्रा की नई शुरुआत

यात्रा

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** टनकपुर में कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के प्रथम दल का शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। पर्यटन आवास गृह टनकपुर परिसर ढोल-दमऊ की गूंज और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालु यात्रियों का आत्मीय अभिनंदन छोलिया नृत्य दल की मनमोहक प्रस्तुति के साथ किया गया, वहीं पारंपरिक परिधान में सजी बालिकाओं ने तिलक और आरती कर, पुष्पवर्षा तथा फूलमालाएं पहनाकर यात्रियों का स्वागत किया। स्वागत समारोह में आध्यात्मिकता और लोकसंस्कृति का सुंदर समागम देखने को मिला। प्रथम दल में कुल 45 यात्री शामिल हैं, जिनमें 32 पुरुष एवं 13 महिलाएं हैं। यात्रियों में छत्तीसगढ़ का 1, दिल्ली के 7, गुजरात के 11, जम्मू कश्मीर के 2, एमपी के 3, महाराष्ट्र के 5, राजस्थान के 6, तमिलनाडु के 2, तेलंगाना का 1, यूपी के 4 और उत्तराखंड के 2 एवं प. बंगाल का 1 यात्री शामिल है। इन यात्रियों ने टनकपुर पहुंचकर यात्रा की शुरुआत को यादगार बताया।


टनकपुर पहुंचा कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला दल स्वागत के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ।


टनकपुर पहुंचे कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांरपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

#### पांच साल बाद हो रहा आयोजन

गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019 से स्थगित कैलाश मानसरोवर यात्रा को इस वर्ष पुनः आरंभ किया गया है। आज शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रथम दल को विधिवत रूप से पिथौरागढ़ के लिए रवाना करेंगे। इस अवसर पर एमडी केएमवीएन विनीत तोमर, डीएम चम्पावत मनीष कुमार, एसपी अजय गणपति, जीएम केएमवीएन विजय नाथ शुक्ल, एसडीएम टनकपुर आकाश जोशी, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, अध्यक्ष नगर पंचायत बनबसा रेखा देवी, मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय प्रभारी केदार सिंह बृजवाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

#### यह बोले यात्री

गुजरात के सौम्य पटेल (25) ने टनकपुर में मिले स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। राजस्थान के राजेश कुमार (69) ने व्यवस्थाओं को बहुत अच्छा बताते हुए स्थानीय प्रशासन की सराहना की। तमिलनाडु की श्रद्धालु लेहरी देवी (60) ने इस यात्रा को एक अद्भुत आध्यात्मिक अहसास बताया, जबकि गुजरात के किशोर शाह (69) ने इस ऐतिहासिक यात्रा में जुड़ने के अवसर के लिए भारत सरकार का आभार प्रकट करते हुए आत्मीय स्वागत के लिए सभी टनकपुरवासियों और उत्तराखंड सरकार का विशेष धन्यवाद किया। यात्रियों ने यात्रा मार्ग में की जा रही व्यवस्थाओं और भव्य स्वागत के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। रात्रि में सभी श्रद्धालु यात्रियों को उत्तराखंड की लोकसंस्कृति से रूबरू कराया गया जिसमें स्थानीय सांस्कृतिक दलों द्वारा लोकनृत्य एवं गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।

# कार्यबहिष्कार से बढ़ी मरीजों की मुश्किलें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एनएचएम के माध्यम से जिले के सभी विकासखंडों में कार्यरत आउटसोर्स कार्मिकों का कार्यबहिष्कार शुक्रवार को भी जारी रहा। सभी कार्मिकों ने अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालयों में कार्यबहिष्कार कर विरोध-प्रदर्शन किया। जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी।

मौके पर कर्मियों ने कहा कि कई बार मांग के बावजूद भी अब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा ईपीएफ व ईएसआई संबंधी समस्याओं के निदान को लेकर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।

कहा कि जब तक समस्याओं का निदान नहीं होगा वह कार्यबहिष्कार पर डटे रहेंगे। वहीं, जिला अस्पताल, बेस, सीएमओ कार्यालय समेत जिले के अन्य अस्पतालों में तैनात इन कर्मियों के कार्यबहिष्कार पर जाने से अस्पताल व विभाग के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। एएनएम, नर्स आदि के नहीं होने से ऑपरेशन व अन्य कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। इससे मरीजों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। साथ ही विभाग के अन्य कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। इस अवसर पर सीमा सिजवाली, अजय तिवारी, कामना, बबीता, हेमा बिष्ट, सूरज पांडे, सुचिता, सुनील, उमेद, योगेश पंत आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में शुक्रवार को प्रदर्शन कर विरोध जताते एनएचएम आउटसोर्स कर्मी।

# क्लस्टर विद्यालय नीति का शिक्षक संघ ने किया विरोध

### बालिका शिक्षा को होगा सबसे ज्यादा नुकसान, विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने और उन्हें संसाधनों से लैस करने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने क्लस्टर विद्यालय योजना के विरोध में मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने कहा कि क्लस्टर योजना छात्रों के हित में नहीं है। ज्ञापन में कहा कि शिक्षा सभी के लिए उपलब्ध हो इस उद्देश्य के साथ ग्रामीण अंचलों में विद्यालय खोले गए हैं। जहां पर निर्धन और वंचित तबके के छात्र आसानी से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं का पंजीकरण भी विद्यालयों में निरंतर बढ़ा है। क्लस्टर विद्यालय बनने के बाद इसका सबसे बड़ा नुक़सान बालिका शिक्षा को होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राज्य में दो हजार से अधिक माध्यमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं लेकिन क्लस्टर विद्यालय बनने के बाद इनकी संख्या मात्र 559 रह जाएगी। अकेले अल्मोड़ा में ही 264 माध्यमिक विद्यालय क्लस्टर बनने के बाद मात्र 67 रह जाएंगे। जिससे एक बड़े तबके से शिक्षा की पहुंच दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों तक पहुंचने के लिए छात्रों को रोजाना वाहनों के माध्यम से आवागमन करना होगा जो ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों और यातायात की सुविधा के दृष्टिगत अत्यंत खतरनाक है। उन्होंने इस योजना को अव्यवहारिक बताते हुए इसके स्थान पर सभी विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने और उन्हें संसाधनों से लैस करने की मांग की है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, जिला मंत्री राजू मेहरा, पूर्व मंडलीय मंत्री डॉ. कैलाश सिंह डोलिया, ब्लॉक मंत्री हवालबाग खुशहाल सिंह महर, ब्लॉक मंत्री धौलादेवी नितेश कांडपाल आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में सीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


राउमावि ध्यूली रौतेला के समायोजन का विरोध करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

#### स्कूलों को क्लस्टर में मिलाने पर रोष

**अल्मोड़ा :** ध्यूली रौतेला के ग्रामीणों ने क्लस्टर योजना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एसएमसी अध्यक्ष और अभिभावकों ने बैठक कर विद्यालय के समायोजन का विरोध किया है। समायोजन किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में अभिभावकों ने कहा कि राउमावि ध्यूली रौतेला एक अति दुर्गम क्षेत्र का विद्यालय है। यहां पहुंचने के लिए बच्चों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ती हैं। सड़क नहीं होने के बाद भी बच्चे रोज विद्यालय पहुंचकर पढ़ाई करते हैं। अब क्लस्टर योजना के तहत विद्यालय का समायोजन राइंका कनरा में किया जा रहा है। अभिभावक बच्चों को कनरा भेजने में असमर्थ हैं। इसके चलते वह इस व्यवस्था का बहिष्कार कर रहे हैं। बैठक में एसएससी अध्यक्ष रमेश रौतेला, पीटीए अध्यक्ष नीमा देवी ने साफ किया कि अगर समयोजन होता है तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यहां रमेश सिंह, भगवती देवी, दीपा देवी, नंदी देवी, खिला देवी, पुष्पा देवी, महेंद्र सिंह, नीमा देवी, शोभा देवी, हंसा देवी, मीना देवी, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

#### बजीना विद्यालय के समायोजन से लोगों में आक्रोश

**रानीखेत, अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजीना को क्लस्टर विद्यालय जीआईसी भुजान में समायोजित करने को लेकर क्षेत्रीय लोग भड़क उठे। उन्होंने बैठक कर शासन के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया। कहा कि 37 छात्र संख्या वाले विद्यालय का संचालन बंद किया गया तो जन आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि 2015 में जूनियर हाईस्कूल बजीना का उच्चीकरण किया था। तब से वर्तमान समय तक लगातार हाईस्कूलों की कक्षाएं संचालित हो रही थी। यहां का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहता आया है। अब विद्यालय को जीआईसी भुजान में समायोजन करने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों में रोष के साथ ही अपने बच्चों के भविष्य की चिंता भी सताने लगी है। विगत दिवस विद्यालय में बैठक कर अभिभावकों ने इसका पुरजोर विरोध कर सयुंक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा। जिसमें कहा कि बजीना क्षेत्र से भुजान की दूरी 10 से 15 किलोमीटर है। जिन गांव से विद्यार्थी विद्यालय आते हैं वहां से दूरी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जीआईसी भुजान जाने में बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान में विद्यालय में दो कक्ष हैं तथा 58 लाख की लागत से तीन कक्ष निर्माणाधीन है। ऐसे में शासन का फैसला पूर्ण रूप से गलत है। उन्होंने विद्यालय को यथावत बनाए जाने की पुरजोर वकालत की। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष दीपा देवी, पीटीए अध्यक्ष जानकी देवी, भूपेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, दिलीप सिंह, बालकिशन सहित कई अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएम ने ली मानसून तैयारियों को लेकर बैठक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शुक्रवार को मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में की। इस दौरान उन्होंने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी प्रतिभाग किया। डीएम ने जनपद के सभी जलभराव संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां त्वरित व प्रभावी जल निकासी के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उन्होंने टनकपुर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए जलभराव अथवा किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल रिस्पॉन्स की व्यवस्था रखने को कहा। चिकित्सा व्यवस्थाओं को मानसून सीजन के दृष्टिगत सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा प्रसव पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भारी वर्षा या भूस्खलन से अवरुद्ध होने वाले मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से खोला जाए, ताकि लोगों का आवागमन बाधित न हो।



चम्पावत में बैठक के दौरान डीएम मनीष कुमार व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी जरूरी उपकरणों जैसे ट्रांसफॉर्मर, जनरेटर, जल स्रोतों की जांच कर ली जाए ताकि आपात स्थिति में सेवाएं बहाल रखने में कठिनाई न हो। संचार व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की स्थिति में सूचनाओं के आदान-प्रदान में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सभी नेटवर्क व वायरलेस माध्यमों की तकनीकी जांच की जाए।

बैठक में एसपी अजय गणपति, एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ देवेश चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट आदि रहे।

## वन महोत्सव सप्ताह के तहत 140 पौधे रोपे

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैना वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत वन महोत्सव सप्ताह के तहत शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैमधार और अपीड़ा बीट में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने किया।

इस दौरान सैमधार में देवदार, तेजपात, पुतली व पांगर प्रजातियों के कुल 140 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वन पंचायत सरपंच महिमा देवी रहीं। इसी क्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बजून में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 65 पौधे रोपे गए। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व की जानकारी दी।

# शेराघाट के जैगन नदी में मिला अज्ञात शव

- शव मिलने से फैली क्षेत्र में सनसनी, पुलिस को दी सूचना
- मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी को भेजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भैंसियाछाना ब्लॉक के शेराघाट के निकट जैनल नदी में एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी को भेज दिया है। इधर, पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। शव सप्ताह भर पुराना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह ग्रामीणों को जैनल नदी में एक शव उतराता हुआ दिखाई दिया। जिससे आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना धौलछीना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव की जांच-पड़ताल की तो उसका चेहरा साफ नजर नहीं आया। एसओ विजय नेगी ने बताया कि शव पांच से सात दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पानी के कारण शव फूल गया है। स्थानीय लोग शव की शिनाख्त नहीं कर पाए हैं। बताया कि मृतक क्षेत्र से बाहर का हो सकता है। संभावना है कि मृतक बाइक राइडर हो, जो किसी दुर्घटना में नदी में गिर गया हो। फिलहाल एसडीआरएफ की टीम छानबीन में जुटी हुई है। शव को मोर्चरी भेजा जा रहा है।

## तीन दिन से वन दरोगा लापता

**बागेश्वर, अमृत विचार:** बागेश्वर वन प्रभाग में तैनात वन दरोगा गुरुवार से लापता हैं। उनका अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस व वन विभाग समेत परिजन उन्हें खोजने में लगे हैं।



बिजोरी निवासी कैलाश चंद्र पांडे गुरुवार सुबह बहन को लेकर बाजार आए। बाजार में बहन को उतार कर अपने कार्य क्षेत्र सक्तेश्वर की ओर गए। शाम तक घर वापस न आने पर उनको फोन किया तो स्विच ऑफ आया। जिस पर उनके सहकर्मियों ने सक्तेश्वर फोन किया तो पाया कि उनकी स्कूटी सक्तेश्वर पगना में पड़ी है जिस पर स्टाफ व परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार को पुलिस व वन विभाग के कर्मचारी व परिजन ग्रामीणों को साथ लेकर उनका पता लगा रहे हैं।

# जोनल, सेक्टर व पीठासीन अफसरों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निष्पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पीजी कॉलेज बागेश्वर में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम तथा जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया।

शुक्रवार को 280 पीठासीन अधिकारी, 280 मतदान अधिकारी प्रथम, 06 जोनल व 23 सेक्टर मजिस्ट्रेटों सहित कुल 589 मतदान अधिकारियों को मतदान का सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ आरसी तिवारी ने सभी मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और पीठासीन अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका का भली भांति अध्ययन करने के निर्देश दिए। इस दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. राजीव जोशी, दीप चंद्र जोशी और हरीश रावल ने पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी प्रथम व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सफेद, प्रधान के लिए हरा, क्षेत्र पंचायत के लिए नीला और जिला पंचायत सदस्य के गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा। मतपत्र को फोल्ड करने, मतपेटी खोलने, बन्द करने और सील करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान नोडल प्रशिक्षण व सीईओ गजेन्द्र सिंह सोन, नोडल कार्मिक व डीडीओ संगीता आर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूलों को मिलेगी गतिविधि पुस्तिका

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शुरू किए गए बस्ता रहित दिवस के संचालन के लिए एससीईआरटी की ओर से गतिविधि पुस्तिका तैयार की गई है। जिसे प्रदेश के सभी स्कूलों को उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बस्ता रहित दिवस मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत पिछले साल अप्रैल से की गई।

प्रत्येक शिक्षा सत्र में 10 बस्ता रहित दिवस मनाए जाते हैं। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक बंदना गर्ब्याल की ओर से जारी आदेश में निदेशक, अपर निदेशक, समस्त जिलों के मुख्य शिक्षाधिकारी और समस्त डायट प्राचार्य को इसे लेकर निर्देश दिए गए हैं। जिसमें प्रत्येक स्कूल को पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

बैठक

### जिलाधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश, बाहर की दवाई लिखने पर रखना होगा रिकॉर्ड

# मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने पर हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला अस्पताल के बेहतर प्रबंधन एवं लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने एवं लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति भी बनी।

जिला अस्पताल में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमोदित बजट का उपयोग मितव्ययिता के साथ किया जाए तथा आवश्यक उपकरण एवं सेवाओं में ही धनराशि को व्यय किया जाए। कहा कि वर्तमान में जो व्यवस्थाएं अस्पताल में लागू हैं, उन्हें सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। इसके लिए वर्तमान भोजन की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता में वृद्धि की जाए। जिन उपकरणों एवं सामग्री की आवश्यकता हैं, उन्हें नियमानुसार क्रय कर लिया जाए तथा खरीद में सभी नियमों का पालन किया जाए एवं गुणवत्तायुक्त सामग्री ही खरीदी जाए। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि मरीजों से बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखा जाए। जिससे की शिकायत मिलने के बाद इसके कारणों की जांच की जा सके। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल में एक और लिफ्ट लगाने की आवश्यकता है। इस प्रस्ताव की भी प्रबंधन समिति में सहमति बनी। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उनके हित में जो भी आवश्यक है, उसकी व्यवस्था की जाए। बैठक में सीएमओ डॉ नवीन चंद्र तिवारी, सीएमएस हरीश चंद्र गड़कोटी, किशन गुरुरानी, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी आदि रहे।


बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# अमेरिका से व्यापार समझौता 9 जुलाई से पहले

## कृषि और वाहन क्षेत्र के कुछ लंबित मुद्दे अब भी सुलझाने की जरूरत, चर्चा जारी रहेगी

नई दिल्ली, एजेंसी



• अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता के बाद भारतीय दल लौटा

अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत के बाद भारतीय दल वाशिंगटन से लौट आया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, लेकिन कृषि और वाहन सेक्टर में कुछ मुद्दों को अभी भी सुलझाए जाने की जरूरत है, इसलिए, चर्चा जारी रहेगी। भारतीय दल का नेतृत्व मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। वे वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव हैं।

अधिकारी ने कहा कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा 9 जुलाई से पहले होने की उम्मीद है, जो भारत सहित कई देशों पर लगाए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जवाबी शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन की अवधि का अंतिम दिन है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वाशिंगटन से आ गई है। वार्ता जारी रहेगी। कृषि और वाहन क्षेत्रों में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है। भारत ने वाहन क्षेत्र में 25% शुल्क का मुद्दा उठाया है। इसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सुरक्षा समिति में इस मामले को उठाया है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को यह भी बताया है कि उसने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

भारत ने विश्व व्यापार संगठन को भेजे पत्र में कहा है कि 26 मार्च, 2025 को अमेरिका ने भारत में बने या वहां से आयातित यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25% मूल्यानुसार शुल्क वृद्धि के रूप में एक उपाय अपनाया है। वाहन कलपुर्जों पर यह उपाय 3 मई, 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू होगा। पिछले साल अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर 89 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया। इसमें मेक्सिको का हिस्सा 36 अरब डॉलर, चीन का 10.1 अरब डॉलर और भारत का हिस्सा सिर्फ 2.2 अरब डॉलर का था। कृषि क्षेत्र में, अमेरिका डेयरी उत्पादों, सेब, वृक्षों से प्राप्त मेवों और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों जैसे उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण, भारत के लिए कृषि क्षेत्र में कोई रियायत देना कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने अब तक जितने भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, उनमें से किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।

### समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं, राष्ट्र हित सबसे ऊपर: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। गोयल ने कहा कि भारत यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, अमेरिका, चिली और पेरू सहित विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते पर कहा कि यह एफटीए तभी संभव है जब यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो। गोयल ने कहा, राष्ट्रीय हित हमेशा सबसे ऊपर होना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए यदि कोई समझौता होता है तो भारत विकसित देशों के साथ करार करने को तैयार है। गोयल ने कहा, भारत कभी भी समयसीमा या निर्धारित समय पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है। जब समझौता अच्छी तरह होगा, पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और देश के हित में होगा, तभी हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की कोई योजना नहीं है।

## क्रिप्टोकरेंसी : डिजिटल वित्त की नई दिशा

बात काम की

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है, जो क्रिप्टोग्राफी तकनीक पर आधारित होती है और सरकार या केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से मुक्त होती है। यह विकेंद्रीकृत प्रणाली से संचालित होती है, जिसमें ब्लॉकचेन तकनीक से लेनदेन को सुरक्षित और पारदर्शी रूप से रिकॉर्ड किया जाता है। बिटकॉइन, एथेरियम, और लाइटकॉइन जैसे कई क्रिप्टोकरेंसी बाजार में उपलब्ध हैं। इसका उपयोग ऑनलाइन भुगतान, निवेश और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए किया जाता है।



### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसे सुरक्षित करने को क्रिप्टोग्राफी (गोपनीय गणना) का उपयोग होता है। यह इंटरनेट पर आधारित होती है और इसका संचालन किसी भी केंद्रीय संस्था जैसे बैंक या सरकार के नियंत्रण में नहीं होता।

### ब्लॉकचेन तकनीक

क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं, जो एक ओपन, पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल बहीखाता होता है। इसमें हर लेनदेन का रिकॉर्ड एक ब्लॉक में दर्ज होता है और ये ब्लॉक आपस में शृंखला (चेन) के रूप में जुड़े रहते हैं।

### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

- **बिटकॉइन** : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
- **एथेरियम** : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए लोकप्रिय।
- **लाइटकॉइन**, रिपल, डोजकॉइन आदि भी अन्य प्रमुख क्रिप्टो टोकन हैं।

### इसकी उपयोग

- ऑनलाइन भुगतान और खरीदारी
- अंतर्राष्ट्रीय फंड ट्रांसफर
- निवेश और ट्रेडिंग
- स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स और डीऐप्स (विकेंद्रीकृत ऐप्स)

### निवेश के लाभ

तेजी से और सस्ते लेनदेन, बिचौलियों की आवश्यकता नहीं, गोपनीयता और पारदर्शिता, वैश्विक पहुंच और नियंत्रण से मुक्ति।

### जोखिम का दें ध्यान

कीमत में उतार-चढ़ाव, कानूनी स्थिति अस्पष्ट (कुछ देशों में प्रतिबंधित), साइबर हमलों और धोखाधड़ी का खतरा, तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता

# सेबी ने हेरफेर पर जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी



• अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी को 4,843 करोड़ के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश

बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया है और कंपनी को 4,843 करोड़ रुपये के अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया है। यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा निर्देशित अब तक की सबसे अधिक वसूली गई राशि हो सकती है।

कंपनी पर सूचकांक विकल्पों में भारी मुनाफा कमाने के लिए समाप्ति के दिनों में सूचकांक स्तर में कथित रूप से हेरफेर करने का आरोप है। सेबी ने अंतरिम आदेश में जेएसआई इन्वेस्टमेंट्स, जेएसआई2 इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जेन स्ट्रीट सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड और जेन स्ट्रीट ग्रुप (जेएस ग्रुप) की जेन स्ट्रीट एशिया ट्रेडिंग (ऑनलाइन कारोबार) को बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। जेन स्ट्रीट ग्रुप की स्थापना 2000 में हुई थी। यह एलएलसी वित्तीय सेवा उद्योग में एक वैश्विक स्वामित्व वाली 'ट्रेडिंग' कंपनी है। यह अमेरिका, यूरोप और एशिया में 5 कार्यालयों में 2,600 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करती है और 45 देशों में ट्रेडिंग का संचालन करती है। सेबी द्वारा गुरुवार को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार, जेएस समूह की संस्थाओं ने एनएसई के सभी उत्पाद श्रेणियों और खंडों में जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक एनएसई पर सूचकांक विकल्पों से 44,358 करोड़ से अधिक का मुनाफा कमाया। संस्थाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से धोखाधड़ी, हेरफेर या अनुचित व्यापार में शामिल होने या किसी ऐसी गतिविधि में शामिल होने से बचने का निर्देश दिया गया, जो मानदंडों का उल्लंघन करती हो।

# ट्राई ने निर्यात को बने फोन में विदेशी सिम के प्रयोग की रूपरेखा पर मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने केवल निर्यात को बनाए गए संचार उपकरणों में विदेशी सिम के उपयोग की अनुमति देने को लेकर एक प्रारूप बनाने के संबंध में शुक्रवार को परामर्श पत्र जारी किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने उद्योग जगत के अनुरोध पर दूरसंचार विभाग की तरफ से मांगे परामर्श पर यह पत्र जारी किया है।

परामर्श पत्र 'निर्यात उद्देश्यों के लिए बनाए उपकरणों में उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के सिम/ ई-सिम कार्ड की बिक्री के लिए नियामकीय रूपरेखा पर केंद्रित है। ट्राई ने कहा कि यह पत्र उसकी वेबसाइट पर है। मौजूदा नियमों के तहत, विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों द्वारा उपयोग के लिए विदेशी दूरसंचार परिचालकों के सिम की बिक्री की अनुमति है।

# आईटीसी फर्जीवाड़ा रोकने पर जीओएम ने की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी



• जीएसटी विश्लेषण को गठित मंत्री-समूह की बैठक में राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के राजस्व विश्लेषण पर गठित मंत्री-समूह (जीओएम) की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी(इनपुट टैक्स क्रेडिट) धोखाधड़ी रोकने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट सुधारात्मक कदमों पर चर्चा की गई।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गठित जीओएम ने जीएसटी लागू होने से पहले और बाद के राजस्व रुझानों, इलेक्ट्रॉनिक बिल और उत्पादों के स्रोत एवं गंतव्य की निगरानी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली में सुधार पर तुलनात्मक विश्लेषण पर चर्चा की। मंत्री समूह ने राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य-विशिष्ट नीतिगत सुझावों और जीएसटी चोरी को रोकने के लिए केंद्र और राज्य कर प्रशासन के बीच समन्वय पर भी चर्चा की।

सावंत ने एक्स पर कहा, जीएसटी राजस्व विश्लेषण पर बने जीओएम की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें राज्यवार राजस्व प्रवृत्तियों की समीक्षा हुई और बेहतर जीएसटी संग्रह के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों को चिह्नित किया गया। जीओएम ने जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के दावों में की जाने वाली धोखाधड़ी को प्रमुख मुद्दा बताया और राज्यों ने इसे रोकने के लिए उपाय सुझाए। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री समूह ने दो लाख करोड़ की आईटीसी धोखाधड़ी को चिह्नित किया, जिसमें गुजरात, तेलंगाना और राजस्थान जैसे राज्यों ने जीएसटी राजस्व बढ़ाने के तरीकों पर प्रस्तुतियां दीं। जीओएम की जल्द दोबारा बैठक होगी और वह जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। जीएसटी संबंधी मामलों में शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद ने मार्च में जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण पर जीओएम बनाया था।

## राष्ट्रीय

# हम धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू

## केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने व गुमराह करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



• हज समीक्षा बैठक में शामिल हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने के लिए उनकी गरीबी दूर न करने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा धर्मनिरपेक्ष है और मुख्य विपक्षी दल तथा उसकी सहयोगी पार्टियां सबसे बड़े सांप्रदायिक हैं।

उन्होंने हज समीक्षा बैठक के बाद यह भी कहा कि वोटबैंक बनने से मुसलमानों को नुकसान हुआ और कांग्रेस को इसका राजनीतिक फायदा। रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे देश में 6 अल्पसंख्यक समुदाय हैं और कांग्रेस उन्हें डराने तथा गुमराह करने की कोशिश नहीं करे। उनका कहना था, यहां किसी को कोई दिक्कत नहीं है। अल्पसंख्यकों को वही सुविधा मिलती है जो हिंदुओं को मिलती है। अल्पसंख्यकों को अतिरिक्त संरक्षण मिलता है। दुनिया का कोई देश अल्पसंख्यकों को इतनी सुविधा नहीं देता है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक खेल खेला जा रहा है जो ठीक नही है।

रीजीजू ने दावा किया, मुसलमानों को गरीब कांग्रेस ने बनाया है। बिहार में एआईएमआईएम द्वारा महागठबंधन में शामिल होने की पेशकश पर मंत्री ने कहा, सेकुलर हम हैं जो धर्म और जाति देखकर काम नहीं करते हैं। सबसे बड़ी कम्यूनल पार्टी कांग्रेस और ये लोग हैं जो मुसलमानों को डराकर, उनकी गरीब दूर न कर उनका वोट हासिल करते हैं।

### हमने हज का सर्वश्रेष्ठ आयोजन किया, अगले साल और सुधार करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि 2025 में हज का अब तक का सबसे बेहतरीन आयोजन हुआ तथा अगले साल उनका मंत्रालय इसमें और सुधार करने का प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल हज के दौरान 64 भारतीय हजयात्रियों की मौत हुई जबकि 2024 में 200 से अधिक की मृत्यु हुई थी। हज समीक्षा बैठक के बाद रीजीजू ने कहा कि जिंदगी में एक बार हज करना हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है और इसको पूरा करने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र को लेकर चल रही है। 2026 के हज के लिए आवेदन जल्द शुरू होगा और इस यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए। रीजीजू ने कहा, इस बार कुल 64 लोगों की मौत हुई, पिछली बार 200 से अधिक जानें गई थीं।

# ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा का सर्वोत्तम उदाहरण

पुणे, एजेंसी



पुणे में पेशवा बाजीराव की प्रतिमा के अनावरण की सभा को संबोधित करते अमित शाह।

• अमित शाह ने मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के एनडीए में अनावरण सभा को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता या स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह बहुत अच्छे तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं।

उन्होंने कहा कि एनडीए उनके स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है क्योंकि यह वह अकादमी है जहां सैन्य नेतृत्व को प्रशिक्षित किया जाता है। शाह ने कहा कि जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे। शाह ने कहा कि स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा कि जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।

उन्होंने बाजीराव प्रथम (1700 से 1740) को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अगर शिवाजी महाराज की ओर से शुरू की गई और पेशवाओं द्वारा 100 साल तक आगे बढ़ाई गई स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं लड़ी गई होती, तो भारत का मूल ढांचा अस्तित्व में नहीं होता। शाह ने कहा कि अपने 40 साल के जीवन में पेशवा बाजीराव ने अपना ऐसा अमर इतिहास लिखा जो कोई और व्यक्ति नहीं लिख सकता। बाजीराव 19 वर्ष की आयु में मराठा साम्राज्य के पेशवा या प्रधानमंत्री बने। उन्हें मध्य और उत्तरी भारत में मराठा शासन के विस्तार का श्रेय दिया जाता है। कार्यक्रम के बाद शाह ने एनडीए काडरों से भी बातचीत की।

## एक नजर

### हिमाचल:सिलेंडर विस्फोट में मुरादाबाद के मजदूर की मौत

**हमीरपुर (हिप्र)।** हमीरपुर के जल शक्ति विभाग के पंप हाउस में रसोई गैस सिलेंडर फटने से मुरादाबाद निवासी प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कमरे में मौजूद 6 अन्य मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे। मजदूरों का समूह गुरुवार शाम हमीरपुर पहुंचा और उखली गांव में जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के कमरे में ठहरा था। जब विस्फोट हुआ तब मजदूर खाना बना रहे थे। हादसे में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कमरे में मौजूद छह अन्य बाहर भागने में सफल रहे।

### मंत्री के काफिले पर हमले में पांच लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के नेता सिद्दीकुल्लाह चौधरी के काफिले पर पूर्वी बर्धमान जिले में हुए हमले में शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीएमसी से जुड़े कुछ लोगों ने गुरुवार को सिद्दीकुल्लाह के वाहन पर पत्थरबाजी की, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने इस संबंध में स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया।

### पीसीआई प्रमुख के परिसरों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय भेषजी परिषद (पीसीआई) के अध्यक्ष मोंटू एम पटेल के परिसरों पर छापेमारी की है, जिनके खिलाफ फार्मेसी कॉलेजों के निरीक्षण और अनुमोदन प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार एवं प्रणालीगत अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## भारी बारिश से बाढ़, डूबे ट्रक




मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। तेज बहाव में सड़क पर खड़े ट्रक पानी में डूबे हुए नजर आए। बाढ़ जैसे हालात से जनजीवन प्रभावित हो गया है, जिस पर प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। एजेंसी

# नेशनल हेराल्ड: सोनिया ने कोर्ट में ईडी के मामले को अजीब बताया

नई दिल्ली, एजेंसी



• ईडी के आरोपपत्र पर सोनिया गांधी के वकील सिंघवी ने कहा- बिना किसी संपत्ति के धनशोधन का यह एक कथित मामला है

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को कहा कि ईडी का मामला वास्तव में एक अजीब मामला है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा 3 जुलाई को मामले में दायर आरोपपत्र के बिंदु पर दलीलें पूरी किए जाने के बाद सिंघवी ने यह बात कही।

सिंघवी ने कहा, यह बिना किसी संपत्ति, बिना किसी उपयोग या संपत्ति प्रयोजन के, धनशोधन का एक कथित मामला है। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 2,000 करोड़ की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश व धनशोधन का आरोप लगाया है।

# हाईकोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर आप नेताओं से मांगा जवाब

आबकारी नीति का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आप नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को 2021-22 शराब नीति मामले में दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

आरोपियों को नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा ने कहा कि वह इस मामले पर विस्तृत आदेश पारित करेंगे। सीबीआई ने निचली अदालत के 22 मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें जांच एजेंसी को निर्देश दिया गया था कि यदि एजेंसी सुनवाई में उन पर भरोसा नहीं कर रही है, तो वह गवाहों और अभियुक्तों को भेजे नोटिस और लिखित संचार को, प्राप्त जवाबों के अलावा, अप्रमाणित दस्तावेजों की सूची में शामिल करे।

# निजी मेडिकल कॉलेजों के नियामक ढांचे में हेरफेर

नई दिल्ली, एजेंसी

• सीबीआई ने सरकारी अधिकारियों समेत 34 पर दर्ज किया मामला

सीबीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अधिकारियों, बिचौलियों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, जो भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर सहित कई कृत्यों में शामिल थे।

एजेंसी ने प्राथमिकी में 34 लोगों के नाम दर्ज किए हैं, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के 8, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के निरीक्षण दल से जुड़े 5 डॉक्टर शामिल हैं। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चेयरमैन डी पी सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मयूर रावल, रावतपुरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के चेयरमैन रविशंकर जी महाराज और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया का नाम भी प्राथमिकी में शामिल है।

# मणिपुर के पहाड़ी जिलों में 200 से अधिक हथियार बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के 4 पहाड़ी जिलों में सुरक्षा बलों 200 से अधिक हथियार और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद किए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभियान में बरामद विस्फोटकों में इंसास राइफलें, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर) और परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) शामिल थे। एडीजीपी लहरी दोरजी ल्हाटू ने कहा, कई स्थानों पर हथियार छिपाकर रखे जाने की जानकारी पर अभियान चलाया गया।

# हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

• उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वकील के बयान पर कहा कि हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें। वकील ने कहा था कि वह न्यायाधीशों में भगवान देखते हैं। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और के विनोद चंद्रन ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

इस प्रकरण में उपस्थित वकील ने मामले से मुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल उनकी बात नहीं सुन रहा है। वकील ने दावा किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से एक नोटिस मिला है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वकीलों के माध्यम से न्यायाधीशों से सांठगांठ की जा रही है। इसे बहुत अपमानजनक करार देकर वकील ने दुख जताते हुए कहा, अगर हमें लगता है कि कोई बेईमानी हो रही है तो हम मामले से हट जाते हैं। हम अपने न्यायाधीशों में ईश्वर को देखते हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, हममें ईश्वर को मत देखिए। कृपया न्याय में ईश्वर को देखिए। पीठ ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और वकील को मामले से मुक्त कर दिया।

# नीट-यूजी 2025 के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक प्रश्न में कथित त्रुटि से नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसने दो दिन पहले इसी तरह की एक याचिका खारिज की थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, हमने समान मामलों को खारिज कर दिया है। हम सहमत हैं कि कई सही उत्तर हो सकते हैं। लेकिन हम उस परीक्षा में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जिसमें लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं।



## एक नजर



किदांबी श्रीकांत। ● एजेंसी

### श्रीकांत, श्रीयांशी व मुथुसामी क्वार्टर फाइनल में

**ओंटारियो :** तीन भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चल रहे अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन इवेंट कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। किदांबी श्रीकांत, श्रीयांशी वलीशेट्टी और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने अपने-अपने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में सीधे गेम में जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 श्रीकांत, जो इस साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में उपविजेता रहे थे, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वांग पो-वेई को 40 मिनट से भी कम समय में 21-19, 21-14 से हराया। 18 वर्षीय वैलिशेट्टी ने ओंटारियो में भी अपना प्रभाव जारी रखा और महिला एकल ड्रॉ में मलेशिया की करुपाथेवन को 21-15, 21-14 से हराया।

### भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने रजत पदक जीता

**अस्ताना :** भारतीय भारोत्तोलक पुंगनी तारा ने शुक्रवार को एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में युवा लड़कियों के 44 किग्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। तारा ने टूर्नामेंट के पहले दिन कुल 141 किग्रा (60 किग्रा+81 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 81 किग्रा के वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाद्वीपीय, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल भारोत्तोलन के लिए अलग-अलग पदक दिए जाते हैं।

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के नये कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरूष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा। इसमें कहा गया मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।

### भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 37वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को) :** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर यहां 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर हैं। एशियाई टूर पर 11 जीत के साथ सबसे सफल भारतीय भुल्लर मौजूदा एशियाई टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन जॉन कैटलिन से चार शॉट पीछे हैं। भुल्लर ने तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाये।

### एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन में भारत ने जीता रजत पदक

**अस्ताना (कजाकिस्तान) :** भारत की पुंगनी तारा ने शुक्रवार को 2025 एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 किलोग्राम भार वर्ग (युवा बालिका) में रजत पदक जीता। पुंगनी ने कुल 141 किलोग्राम वजन उठाया। उनके व्यक्तिगत भारोत्तोलनों में 60 किलोग्राम स्नैच, 81 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क शामिल थे, जिससे उनका उठाया कुल वजन 141 किलोग्राम हो गया। इस प्रदर्शन के साथ, फुंगनी ने क्लीन एंड जर्क में स्वर्ण पदक और कुल भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पुंगनी को बधाई दी।

# इंग्लैंड ने फालोआन बचाया, भारत ने कसा शिकंजा

## ब्रुक और स्मिथ के तेज शतक से इंग्लैंड ने की वापसी, मोहम्मद सिराज ने छह और आकाश दीप ने झटके 4 विकेट

**6 विकेट**



मोहम्मद सिराज।

**बर्मिंघम, एजेंसी**

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये थे जिससे उनके पास 180 रन की बढ़त है। इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने नाबाद 184 रन की पारी खेलने के साथ ही तीसरे विकेट के लिए हैरी ब्रुक के साथ 303 रन की साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई। स्मिथ ने 207 गेंद की नाबाद पारी में 21 चौके और चार छक्के लगाये। ब्रुक ने अपने 234 गेंद की पारी में एक छक्का और 17 चौके लगाये। भारत ने नयी गेंद लेने के बाद 20 रन के अंदर इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट झटक लिये। जिससे दिन के आखिरी सत्र में टीम की पारी खत्म हुई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

इससे पहले हैरी ब्रुक और जैमी स्मिथ की शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन फालोआन बचा लिया। सुबह के सत्र में 172 रन लुटाने के बाद भारतीय गेंदबाज रन-रेट को नियंत्रित करने में सक्षम रहे, लेकिन ब्रुक और स्मिथ के बीच लंबी साझेदारी को तोड़ने के लिए पर्याप्त मौके नहीं बना पाए। इंग्लैंड ने दिन के दूसरे सत्र में बिना कोई विकेट गंवाये 28 ओवर में 106 रन बनाये। ब्रुक ने दूसरे सत्र के चौथे ओवर (पारी के 51वें ओवर) में प्रसिद्ध कृष्णा के खिलाफ चौका जड़कर 137 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सुबह के सत्र में शॉर्ट बॉल की रणनीति विफल होने के बाद, भारतीय तेज गेंदबाजों ने रणनीति बदल दी और खासकर ब्रुक को ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करना शुरू कर दिया। इस योजना को हालांकि ज्यादा देर तक जारी नहीं रखा गया। भारत को लंच के बाद सत्र का एकमात्र मौका तब मिला जब ऋषभ पंत ने नीतीश रेड्डी की गेंद पर स्मिथ का मुश्किल कैच अपनी दाहिनी ओर डाइव लगाते हुए छोड़ दिया। सुबह के सत्र में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी ब्रुक का एक कैच छोड़ा था। वह भी हालांकि मुश्किल मौका था। ब्रुक ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर जोर से प्रहार किया था और गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप की ओर गयी जहां गिल समय पर प्रतिक्रिया नहीं दे पाए और गेंद उनके सिर पर लगी। दिन के शुरुआती सत्र में सिराज ने लगातार दो विकेट चटकाए थे लेकिन स्मिथ ने बेहद आक्रामक रवैया अपनाकर मैच का रुख इंग्लैंड की ओर मोड दिया। टीम ने लंच तक पांच विकेट पर 249 रन बना लिए थे। इंग्लैंड ने दिन के पहले दो घंटे में 27 ओवरों में 172 रन बनाए। दिन की शुरुआत 77 रन पर तीन विकेट से करते हुए इंग्लैंड ने सुबह के सत्र के दूसरे ओवर में ही दो और विकेट गंवा दिये जब सिराज ने जो रूट (22) और बेन स्टोक्स (शून्य) को विकेट के पीछे कैच कराया। रूट विकेट के पीछे ऋषभ पंत के द्वारा लपके गये जबकि स्टोक्स पहली ही गेंद पर तेजी से ऊपर उठती गेंद से हैरान रह गए और गेंद उनके दस्तानों से टकरा कर पंत के हाथों में चली गयी। इंग्लैंड 84 रन पर पांच विकेट गंवा चुका था, लेकिन स्मिथ और ब्रुक ने लगातार आक्रामक रूख अपना कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव डाला। प्रसिद्ध कृष्णा को छह क्षेत्ररक्षकों के साथ शॉर्ट गेंद योजना लागू करने के लिए लाया गया था, लेकिन वह विफल रहे। स्मिथ ने दिन के 12वें ओवर में उन पर 23 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में चार चौके और डीप स्क्वायर लेग पर एक छक्का लगा।





इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक अपनी शतकीय पारी के दौरान एक-दूसरे को बधाई देते हुए। ● एजेंसी

**भारत पहली पारी : 587/10**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**407/10 (89.3 ओवर)**

| | |
|---|---|
| जैक क्रॉउली का नायर बो सिराज | 19 |
| बेन डकेट का गिल बो आकाश दीप | 00 |
| ओली पोप का राहुल बो आकाश दीप | 00 |
| जो रूट का पंत बो सिराज | 22 |
| हैरी ब्रुक बो आकाश दीप | 158 |
| बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज | 00 |
| जेमी स्मिथ नाबाद | 184 |
| क्रिस वोक्स का नायर बो आकाश दीप | 05 |
| ब्राइडन कार्स पगबाधा सिराज | 00 |
| जोश टंग पगबाधा सिराज | 00 |
| शोएब बशीर बो सिराज | 00 |

**गेंदबाजी :** आकाश दीप 20-2-88-4, सिराज 19 .3-3-70-6, प्रसिद्ध 13-1-72-0, नितीश 6-0-29-0, जडेजा 17-2-70-0, सुंदर 14-0-73-0

### उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसी बचपन में करता था : गिल

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस था। यह पूछने पर कि शृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है। गिल ने मेजबान प्रसारक से कहा मैंने आईपीएल के आखिर में और इस शृंखला से पहले इस पर काफी काम किया। मैंने मूल रूप से शुरुआती मूवमेंट पर काम किया। इससे पहले मुझे लगता था कि बल्लेबाजी अच्छी हो रही है। मैं 30-35-40 रन लगातार बना रहा था, लेकिन शीर्ष फोकस टाइम की कमी लग रही थी। उन्होंने कहा इस शृंखला में मैने अपने बेसिक्स पर लौटने की कोशिश की।

### अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए जल्दी पहुंचे थे जडेजा

**बर्मिंघम :** रविंद्र जडेजा एडबस्टन टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से काफी पहले अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंच गए थे जिसका फायदा भी उन्हें मिला चूंकि कप्तान शुभमन गिल के साथ मिलकर उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जडेजा और गिल ने 203 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से भारत ने दूसरे दिन दो विकेट पर 587 रन बना लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने उन्हें काफी शॉर्ट गेंदें फेंकी लेकिन जडेजा इसके लिए तैयार थे। भारतीय खिलाड़ियों को टीम बस से जाना था लेकिन समझा जाता है कि जडेजा ने मैदान पर जल्दी पहुंचने के लिए विशेष अनुमति ली थी।

# कोहली की राह पर शुभमन पंत और जायसवाल : वॉन

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● **इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा भारत को नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिला सकते हैं तीनों खिलाड़ी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को मिलकर उठानी होगी। वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले ही यह जिम्मेदारी उठाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आराम से आगे बढ़ रहा है। लेकिन वॉन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि अच्छी शुरुआत का यह मतलब नहीं है कि काम पूरा हो गया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वॉन ने कहा गिल, जायसवाल और पंत को भारतीय टेस्ट टीम को उसी तरह आगे ले जाना होगा जैसा विराट कोहली अकेले करते थे। मैं देख रहा हूं कि इनका ग्रुप सही तरीके से खेल रहा है। उन्होंने कहा इनके पास शानदार मौका है कि वे उसी तरह ही विरासत छोड़े जैसा विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के लिए छोड़कर गए हैं। अगर ये खिलाड़ी नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिलाने वाली कोहली की ऊर्जा और इतने लंबे समय तक पड़े उनके प्रभाव के करीब भी पहुंच सके तो उनका काम अच्छा होगा। कोहली और रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की और वॉन ने कहा कि भारत में हमेशा ही प्रतिभा की भरमार रहेगी लेकिन कोहली जैसे खिलाड़ी को पाना आसान नहीं है। वॉन ने कहा आप दो महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने या टीम से बाहर जाने के बाद आप अचानक आगे नहीं बढ़ सकते। शुभमन ने कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर शानदार शुरुआत की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी के मामले में मुझे नहीं लगता कि टीम को बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा यह वह प्रतिस्पर्धी ऊर्जा है जो विराट टेस्ट टीम में लेकर आए। वह वो जज्बा और उत्साह लेकर आए जिसकी आपको जरूरत होती है। वह रणनीतिक रूप से भी बहुत अच्छे थे। हालांकि कप्तान के तौर पर शुभमन इसमें बेहतर हो सकते हैं।



## भारत का बांग्लादेश दौरा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली :** भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है।

पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है। हालांकि यह शृंखला रद्द नहीं हुई है, लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो।

# नाओमी का सफर तीसरे दौर में खत्म

**लंदन, एजेंसी**

पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गई। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था।



नाओमी ओसाका।

### वांग शिनयू दूसरे दौर में बाहर

चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने गुरुवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया। वांग ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा 4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन :** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को यहां विम्बलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

# डूरंड कप फुटबॉल 23 से, 24 टीमें हिस्सा लेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं।



# नीरज को भारत में भाला फेंक क्रांति की उम्मीद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

तीन ओलंपिक भाला फेंक पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो के साथ बैठे हुए सचिन यादव काफी उत्साहित दिख रहे थे लेकिन चमचमाते मंच पर देश के स्टार की मौजूदगी ही काफी अहमियत रखती है। यह चोपड़ा के उस ख्वाब की ताबीर है जिसमें वह भाला फेंक को पूरे देश में हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं। इस लिहाज से शनिवार को होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक भारत में मोंडो क्लासिक के बराबर हो सकती है जो विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन अर्मांडो डुप्लांटिस द्वारा स्वीडन में अपने गृहनगर उप्साला में होने वाला पोल वॉल्ट टूर्नामेंट है।

**नीरज चोपड़ा क्लासिक**





बेंगलुरु : भाला फेंक खिलाड़ी जर्मनी के थॉमस रोहलर, भारत के नीरज चोपड़ा और सचिन यादव भारत (बाएं से) पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

डुप्लांटिस अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की इच्छा से प्रेरित रहते हैं और अभी तक 15 दफा ऐसा कर चुके हैं। लेकिन चोपड़ा की महत्वकांक्षा इससे बड़ी है। चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों की अगली पीढी को प्रेरित करने के अपने विचार पर बात करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने कहा सबसे पहले मैं जूलियस, थॉमस और भारत के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं और यहां आने के लिए आपका शुक्रिया। आखिरकार हम इतने महान भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि भारत में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व भी अच्छा रहे जिससे उनके और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन के अलावा रोहित यादव, साहिल सिल्वाल और यशवीर सिंह इसमें खेलेंगे। ये सभी युवा भारतीय भाला फेंक एथलीट जर्मनी के 2016 ओलंपिक पदक विजेता रोहलर से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि उन्होंने उनके लोकप्रिय यूट्यूब चैनल से काफी गुर सीखे हैं। रोहलर ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं से अपने अनुभव और जानकारी साझा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा मैं हमेशा ही जानकारी साझा करना पसंद करता हूं क्योंकि तभी मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। मेरे लिए दूरी, पदक और ये सभी चीजें बस कागज पर लिखे नंबर हैं। मैं खेल में छाप छोड़ सकता हूं। इसलिये मुझे प्रतिभाओं से बात करने में हिचक नहीं होती। मैं खुश हूं कि मैं इनमें से कईयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता हूं। चोपड़ा को अपने प्रयासों की बदौलत सहयोग मिलना भी शुरू हो गया है और काफी प्रायोजक इन टूर्नामेंट का प्रायोजन करने के इच्छुक हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक को जेएसडब्ल्यू और बीपीसीएल का समर्थन मिला है।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है : कार्लसन

**जगरेब :** विश्व चैंपिनयन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।



भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद 'टेक टेक टेक' से कहा ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है।

# अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को रूस ने दी मान्यता

- विदेश मंत्रालय ने द्विपक्षीय संबंध मजबूत होने की जताई उम्मीद

मास्को, एजेंसी

रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता दे दी है। रूस की मीडिया ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट कहा, हमारा मानना है कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात सरकार को आधिकारिक मान्यता देने से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने में गति मिलेगी।

इस्लामी आतंकवादी समूह तालिबान ने अमेरिका समर्थित सरकार को गिराने के बाद अगस्त 2021 में अमेरिकी और नाटो बलों की वापसी के उपरांत अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया था। तास न्यूज एजेंसी ने रूस के विदेश मंत्रालय के अधिकारी दिमित्री झिरनोव के हवाले से कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की सिफारिश पर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात को मान्यता देने का फैसला किया है, ताकि मास्को के संबंधों को विकसित करने के इरादे को दिखाया जा सके।

उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय है, जो रूसी विदेश मंत्री के सुझाव पर राष्ट्रपति ने सैद्धांतिक रूप से लिया है। यह अफगानिस्तान के साथ व्यापक साझेदारी स्थापित करने की रूस की इच्छा को दर्शाता है। इससे पहले उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने रूस में अफगानिस्तान के नये राजदूत गुल हसन से परिचय पत्र स्वीकार किए।

## एयर ट्रैफिक कंट्रोलर की हड़ताल से फ्रांस में उड़ानें बाधित

**पेरिस।** फ्रांस के हवाई यातायात नियंत्रकों की हड़ताल से पेरिस के सभी हवाई अड्डों पर शुक्रवार को लगभग 40 प्रतिशत उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई। हवाई यातायात नियंत्रक बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं।

हड़ताल से फ्रांस के आसपास के हवाई अड्डों पर बृहस्पतिवार को उड़ानें प्रभावित हुईं लेकिन शुक्रवार को यह समस्या और बढ़ गई। राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने विमानन कंपनियों से पेरिस के चार्ल्स डी गॉल, ओरली एवं ब्यूवैस हवाई अड्डों पर शुक्रवार को 40 प्रतिशत उड़ानें, नाइस में करीब 50 फीसदी उड़ानें और मार्सिले, ल्योन व कुछ अन्य शहरों में 30 प्रतिशत उड़ानें रद्द करने को कहा।

# सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब तक लगभग 24 देशों की ओर से सर्वोच्च नागरिक सम्मान या उच्चस्तरीय सम्मानजनक पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। हाल ही में उन्हें घाना, त्रिनादाद एवं टोबैगो में सम्मानित किया गया है। मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। किसी एक देश के नेता को इतने देशों से सम्मान मिलना एक दुर्लभ उपलब्धि तो है ही, विश्व में उसकी स्वीकार्यता विश्वनेता के तौर पर उभरती छवि का भी प्रतीक है। मेजबान देशों की ओर से ये पुरस्कार आमतौर पर विदेश नीति, द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिए जाते हैं। मोदी को मिले ये सम्मान सिर्फ भारत की प्रतिष्ठा नहीं बढ़ाते, बल्कि दूसरे देशों के साथ सामरिक और आर्थिक सहयोग को भी गहरा करते हैं।



### भारत के लिए महत्व

वैश्विक मान्यता के तौर पर देखा जाए तो मोदी को इतने देशों में सम्मान मिलना दिखाता है कि भारत का नेतृत्व और विदेश नीति प्रभावी रही है। इसे सॉफ्ट पावर में वृद्धि के तौर पर भी देख सकते हैं क्योंकि इन सम्मानों से भारत की छवि वैश्विक नेता के रूप में मजबूत होती है। भारत और सम्मानित करने वाले देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्तों में गहराई का संकेत मिलता है लिहाजा इन्हें द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती भी कह सकते हैं।

### मोदी को मिले प्रमुख सम्मान

- 2015 में बांग्लादेश का मुक्ति युद्ध सम्मान।
- 2016 में अफगानिस्तान का अमीर अमानुल्लाह खान अवार्ड।
- 2016 में सऊदी अरब का किंग अब्दुल अजीज साश।
- 2018 में इंडोनेशिया का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान।
- 2019 में श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान।
- 2019 में रूस का ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड।
- 2019 में यूएई का ऑर्डर ऑफ जायद सम्मान।
- 2019 में मालदीव का निशान इज़्ज़ुद्दीन सम्मान।
- 2020 में अमेरिका में लिजियन ऑफ मेरिट अवार्ड।
- 2021 में भूटान का ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो अवार्ड।
- 2023 में पापुआ न्यू गिनी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर।
- 2023 में फिजी का कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी।
- 2023 में पलाऊ का ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द की।
- 2023 में फ्रांस का ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर।
- 2023 में मिस्र का ऑर्डर ऑफ नाइल।

### कूटनीतिक परंपरा

दरअसल, यह कूटनीतिक परंपरा है कि देश अपने विशेष सहयोगी देशों के नेताओं को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देते हैं। ऐसा उस स्थिति में होता है जब द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की मंशा होती है और वैश्विक मंचों पर एक-दूसरे के साथ सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा भी। इससे दो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी पनपती है। इसीलिए देश दूसरे देशों के नेताओं को सम्मानित करते हैं।

### मंडेला सर्वाधिक सम्मानित

दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला पहला नाम हैं जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 250 से ज्यादा सम्मान मिले हैं। रूस के व्लादिमीर पुतिन को भी कई देशों में नागरिक और सैन्य सम्मानों से नवाजा जा चुका है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को शांति के नोबल के अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भई सोवियत लैनिन शांति पुरस्कार समेत कई सम्मान हासिल किए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को मरणोपरांत कई देशों ने अपना सर्वोच्च आदर्श माना।

## एक नजर

### माइक्रोसॉफ्ट ने बंद किया पाकिस्तान में कार्यालय

**कराची।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कार्यबल में कटौती की अपनी वैश्विक रणनीति के तहत पाकिस्तान में अपने सीमित परिचालन को बंद करने की घोषणा की है। शुक्रवार को विभिन्न पक्षों ने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक संकेत बताया। माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान में कार्यालय बंद करते हुए वैश्विक पुनर्गठन और क्लाउड-आधारित, साझेदार-नेतृत्व वाले मॉडल में बदलाव का हवाला दिया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब इस माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 के बाद से अपने सबसे बड़े छंटनी दौर में दुनिया भर में लगभग 9,100 नौकरियों में कटौती की है।

### पंजाब: रिश्वत की पेशकश पर डीएसपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट में एक डीएसपी को अपने खिलाफ दर्ज शिकायत दबाने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी के कर्मचारी को एक लाख रुपये की रिश्वत की पेशकश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक राजनपाल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। सिंह फिलहाल फरीदकोट में महिलाओं के विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ मे तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि सिंह ने एक वैवाहिक विवाद से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए एक लाख रुपये लिए थे।

### रोम में गैस स्टेशन पर धमाका, 25 लोग घायल

**रोम।** दक्षिण-पूर्वी रोम में शुक्रवार सुबह एक गैस स्टेशन पर विस्फोट हो गया। इस घटना में नौ पुलिस अधिकारियों और एक अग्निशमन कर्मी सहित कम से कम 25 लोग घायल हो गए। विस्फोट सुबह करीब आठ बजे हुआ और इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। विस्फोट के बाद उठा काला धुआं और आग का गोला दूर से ही दिख रहा था। रोम पुलिस की प्रवक्ता एलिसाबेट्टा एकार्डो ने बताया कि 16 निवासी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

### इंडोनेशिया में नौका डूबी, 30 लोग लापता हुए

**गिलिमानुक।** इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने पर्यटक द्वीप बाली के निकट नौका डूबने के बाद लापता हुए 30 लोगों की तलाश का अभियान तेज कर दिया। 'केएमपी टुनु प्रतामा जया' नौका बुधवार देर रात पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से रवाना होने के बाद डूब गई। राष्ट्रीय बचाव एजेंसी के संचालन उप प्रमुख रिबुत एको सुयात्नो ने बताया कि दृश्यता न होने से बचाव अभियान बृहस्पतिवार शाम को रोक दिया गया था। शुक्रवार सुबह 160 से अधिक बचावकर्मियों इसे पुन: शुरू किया है।

# परमाणु कार्यक्रम जारी रखने पर ईरान को आरपार की चेतावनी

## संरा में इजराइल के राजदूत ने कहा- भविष्य में हम सिर्फ अंतिम परिणाम देखेंगे

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन हम ऐसी स्थिति में अंतिम परिणाम देखेंगे।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजराइल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं तो हमें निर्णय लेना होगा। डैनी डैनन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे। इजराइल के साथ अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा।

इजराइल के राजदूत ने कहा, हमारा रुख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।



गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी गुरुवार को भी जारी रही।

### आईएईए की टीम वियना मुख्यालय लौटी

**वियना/तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों की टीम शुक्रवार को ईरान से रवाना होकर वियना में अपने मुख्यालय में वापस आ गई। एजेंसी ने घोषणा में कहा कि तेहरान के उसके साथ सहयोग निलंबित करने के बाद टीम वियना मुख्यालय लौट आई है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने आईएईए के अपरिहार्य निगरानी और सत्यापन कार्य को जितनी जल्दी हो सके फिर से शुरू करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के महत्व को दोहराया है।

### गाजा में इजराइली हमले से मारे गए 35 लोग

**दीर अल-बलाह।** गाजा में शुक्रवार को तड़के इजराइली हवाई हमलों में 15 फलस्तीनी मारे गए, वहीं राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गोलीबारी में मौत हो गई। मृतकों के शवों को जिस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है उसने 'एपी' को यह जानकारी दी। इजराइली हवाई हमलों में मारे गए 15 लोगों में आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। नासेर अस्पताल के अनुसार, राहत सामग्री के लिए इंतजार करते समय 20 अन्य लोगों को गोली मार दी गई। गोलीबारी में जान गंवाने वाले लोगों में से दो लोग राफा स्थित राहत सामग्री वितरण स्थल के पास मारे गए जबकि 18 लोग अन्य स्थान पर तब मारे गए जब वे दक्षिणी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं जब 21 महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के प्रयास आगे बढ़ते दिख रहे हैं। हमास ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थों द्वारा प्रस्तुत युद्ध विराम प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अन्य फलस्तीनी गुटों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

- सुरक्षा बलों की ओर से तीन जिहादियों की हत्या का लिया प्रतिशोध

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

इस क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन, बहुराष्ट्रीय संयुक्त कार्य बल के लेफ्टिनेंट कर्नल ओलानियी ओसोबा ने कहा कि गुरुवार को इस्लामिक स्टेट वेस्ट के अफ्रीका प्रांत के जिहादियों ने सीमावर्ती शहर मालम फतोरी पर हमला किया और विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर पर गोलीबारी की, जिसमें 11 मारे गए, 20 घायल हो गए, जिन्हें सीमा पार नाइजर के बोसो स्थित एक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ट्रंप की युद्धविराम की अपील के बाद रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

- रात भर में किए 550 ड्रोन और मिसाइल हमले, कीव के कई शहरों में हुआ भारी नुकसान

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन के खिलाफ गत तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के तहत शुक्रवार की रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया जिसमें 23 लोग घायल हो गए और राजधानी के कई जिलों में नुकसान हुआ है।

रूस की वायुसेना के मुताबिक उसने रात में यूक्रेन पर 550 ड्रोन और मिसाइल हमले किये। अधिकतर हमले शाहिद ड्रोन से किये गए जबकि 11 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। कीव में तैनात एपी के संवाददाताओं के मुताबिक पूरी रात ड्रोन की गड़गड़ाहट, धमाकों तथा मशीन गन से तीव्र गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं।

महापौर विटाली क्लिटस्को ने बताया कि रूस के इस हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। उन्होंने बताया कि इसमें कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 14 की हालत गंभीर है और वे अस्पताल में भर्ती हैं। यूक्रेन की वायु रक्षा ने दावा किया कि उसने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 लक्ष्यों को मार गिराया। उसके मुताबिक अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। रूस ने नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। रोके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

यह हमला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने तथा यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अपने प्रशासन के निर्णय पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी करने के कुछ घंटों बाद हुआ। रूसी प्रशासन के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से फोन पर करीब एक घंटे लंबी बातचीत की थी। इस दौरान उनकी युद्धविराम की अपील पर पुतिन ने दो टूक जवाब दिया था कि सैन्य लक्ष्य पूरे होने तक उनका देश यूक्रेन में युद्धविराम नहीं करेगा।

# सीजेआई का कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता का आश्वासन

- मुंबई बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में योग्यता से कभी समझौता न करने का भरोसा दिलाया

मुंबई, एजेंसी

सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने का शुक्रवार को आश्वासन दिया, जिसमें योग्यता को लेकर कभी समझौता नहीं किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा।

पिछले महीने देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति गवई ने देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर उनकी पदोन्नति के सम्मान में मुंबई बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि क्योंकि उनके पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति संजीव खन्ना प्रधान न्यायाधीश थे, इसलिए कॉलेजियम ने नियुक्तियों के मामलों में अधिक पारदर्शिता लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज दीपांकर दत्ता ने पिछले सप्ताह नागपुर में एक कार्यक्रम में कॉलेजियम के कामकाज में हस्तक्षेप के बारे में बात की थी। सीजेआई ने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि हम पूर्ण पारदर्शिता की प्रक्रिया अपनाएंगे। योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। हमारे पास समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि होंगे।



उन्होंने कहा कि जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई थी तो कॉलेजियम में एक न्यायाधीश इसके पक्ष में नहीं थे। न्यायमूर्ति गवई ने न्यायाधीश का नाम बताने से इन्कार करते हुए कहा, उन न्यायाधीश को लगता था कि उनके पदोन्नत होने से मुंबई के कुछ वरिष्ठ वकीलों में बेचैनी पैदा हो सकती है। हालांकि, मुंबई बार एसोसिएशन के कई वरिष्ठ वकीलों ने दिल्ली में उन न्यायाधीश से मुलाकात की और उन्हें बताया कि उनकी धारणा गलत है।

## अमरनाथ यात्रा
### तीसरा जत्था जम्मू से कश्मीर रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर जाने के लिए 6,400 से अधिक तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था शुक्रवार को दो अलग-अलग काफिलों में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से 38 दिवसीय यात्रा शुरू होने के बाद से 14,000 तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंची पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके है। 4,723 पुरुषों, 1,071 महिलाओं, 37 बच्चों और 580 साधुओं एवं साध्वियों समेत 6,411 का तीसरा जत्था 291 वाहनों में रवाना हुए। यह जत्था सीआरपीएफ की सुरक्षा में भगवती नगर यात्री निवास से दो समूहों में बृहस्पतिवार देर रात सवा तीन बजे और शुक्रवार तड़के चार बजे बालटाल और पहलगाम रवाना हुआ।

## केदारनाथ यात्रा




उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में प्राकृतिक आपदाओं के बाद केदारनाथ धाम का मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस वजह से केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से इस मार्ग पर बचावकर्मियों को तैनात किया गया है जो श्रद्धालुओं को भूस्खलन और भारी बारिश से खराब रास्ते पर श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। एजेंसी

# दलाई लामा के संबंध में भारत का टिप्पणी करने से इन्कार

- चीन ने किरन रिजिजू के बयान पर जताई थी आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी



तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के हाल के बयान के संदर्भ में भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वह आस्था और धर्म की मान्यताओं तथा प्रथाओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता है और न ही टिप्पणी करता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दलाई लामा के अपने उत्तराधिकारी से संबंधित बयान के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा , हमने दलाई लामा संस्था की निरंतरता के बारे में दलाई लामा के बयान से संबंधित रिपोर्ट देखी हैं। भारत सरकार आस्था और धर्म की मान्यताओं से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती और न बोलती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा भारत में सभी के लिए धर्म की स्वतंत्रता बरकरार रखी है और वह इसे जारी रखेगी।

दलाई लामा ने कहा था कि उनके उत्तराधिकारी का फैसला उनका कार्यालय करेगा। इस पर चीन ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि अगले दलाई लामा का निर्णय वह करेगा। सरकार की प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की टिप्पणी पर चीन की आपत्ति के बाद आई है। चीन ने रिजिजू के बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा था, भारत को दलाई लामा के चीनविरोधी अलगाववादी विचारों से दूर रहना चाहिए और शिजांग (तिब्बत) से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए।

## उड़ान भरने से ऐन पहले एअर इंडिया का पायलट बेहोश हुआ

**मुंबई।** बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हुए पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने इस बात की पुष्टि की है कि चार जुलाई की सुबह उसके एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। नतीजतन, पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान एआई 2414 का परिचालन करने में असमर्थ थे और ऐसी स्थिति में उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

**अध्ययन** मामूली वायु प्रदूषण में भी लंबे समय तक रहने से दिल की मांसपेशियों पर पड़ता है असर

# सुरक्षित माने जाने वाली प्रदूषित हवा भी दिल के दौरे का कारण

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रदूषण के लिहाजा से सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा(लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट के आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए।

अध्ययन के अनुसार,प्रदूषित हवा भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है। यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है।



शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और वे अकड़कर सिकुड़ने लगती हैं। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिंग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन ने कहा, हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डॉ. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिंग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2.5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

डॉ. हैनिमन ने कहा,लंबे समय तक महीन कण वाले वायु प्रदूषण के उच्च संपर्क में रहने से कार्डियोमायोपैथी रोगियों और स्वस्थ लोगों के दिलों में मायोकार्डियल फाइब्रोसिस के उच्च स्तर पाए गए। इससे यह पता चलता है कि मायोकार्डियल फाइब्रोसिस एक अंतर्निहित तंत्र हो सकता है जिसमें वायु प्रदूषण हृदय संबंधी जटिलताएं पैदा करता है। सबसे बड़ा प्रभाव महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले रोगियों में देखा गया। वायु प्रदूषण के स्तर में मामूली वृद्धि भी हृदय पर काफी प्रभाव डाल सकती है।

### पीएम 2.5 कण निभाते हैं प्रमुख भूमिका

दशमलव पांच माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले पीएम 2 .5 कण इतने छोटे होते हैं कि फेफड़ों के माध्यम से रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। वाहनों से निकने वाले धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन और जंगल की आग का धुआं वायु प्रदूषण के इस स्तर के श्रेणी में मुख्य रूप से आता है। शोधकर्ता स्वस्थ और हृदय रोग से पीड़ित लोगों दोनों पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का मूल्यांकन करना चाहते थे, इसलिए अध्ययन समूह में 201 स्वस्थ व्यक्ति और 493 रोगियों को शामिल किया गया था जिनमें विस्तारित कार्डियोमायोपैथी रोग था। यह बीमारी हृदय को रक्त पंप करने में अधिक कठिनाई पैदा करती है।